दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | खेल-मनोरंजन

बिलासपुर, मंगलवार, 25 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 335 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा में राष्ट्रपति का संबोधन, द्रौपदी मुर्मू ने मिनीमाता को किया याद, विधानसभा कई मामलों में ऐतिहासिक

मेरा छत्तीसगढ़ से गहरा संबंध, मुझे गर्व है इस राज्य पर: मुर्मू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह का आयोजन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस ऐतिहासिक मौके पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित सभी विधायक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संबोधन की शुरुआत छत्तीसगढ़ की पहचान बन चुके वाक्य छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया से की, जिससे पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता और यहां की समृद्ध संस्कृति की सराहना की और इस अवसर का हिस्सा बनने पर खुशी जताई।

नक्सलवाद को लेकर कहा-लड़ाई अब निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है

राष्ट्रपति ने नक्सलवाद की समस्या पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, मुझे जानकारी दी गई है कि यह लड़ाई अब निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है। नक्सल प्रभावित जिलों के लोग विकास के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं, और जल्द ही यह समस्या समाप्त हो जाएगी।

स्वर्णिम भविष्य की कामना की

अंत में, राष्ट्रपति मुर्मू ने छत्तीसगढ़ की जनता के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा, मैं अब तक 5 से 10 बार छत्तीसगढ़ आ चुकी हूं और इस राज्य से मुझे गहरा लगाव है। हम सब एक हैं, भारत हम सबका है। जय भारत, जय छत्तीसगढ़!

महिला और मतदाता जागरूकता पर जोर

राष्ट्रपति मुर्मू ने महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक होने पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह राज्य महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने महिला विधायकों को संबोधित करते हुए कहा, आपको महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने और महिलाओं के हित में नीतियां बनाने में आगे आना चाहिए। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और मिनीमाता के योगदान और जनकल्याण में उनकी भूमिका को भी याद किया।

विधानसभा की अनुशासनप्रियता की तारीफ

राष्ट्रपति ने कहा कि विधायक के रूप में जनता की सेवा करना एक सौभाग्य की बात है। उन्होंने छत्तीसगढ़ विधानसभा की अनुशासनप्रियता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विद्वता और धैर्यता हम सभी के लिए अनुकरणीय: डॉ. रमन सिंह

समारोह की शुरुआत डॉ. रमन सिंह के संबोधन के साथ शुरू हुई। उन्होंने अपने संबोधन में सबसे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह में शामिल होने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आप जैसी भद्र विदूषी, सरल, सहज व्यक्तित्व की स्वामिनी के सानिध्य का अवसर हम सभी को उत्साह प्रदान करने वाला है। आपका व्यक्तिगत जीवन संघर्ष, आपकी विद्वता और धैर्यता हम सभी के लिए अनुकरणीय है। आपका जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में साहस बनाए रखने की प्रेरणा देता है। आपने देश के जनमानस में अपनी छाप छोड़ते हुए सिद्ध किया कि इच्छाशक्ति से व्यक्ति कोई भी असाधारण स्थान पर पहुंच सकता है। आपका कठिन संघर्ष, समर्पित परिश्रम निश्चित ही हम सभी के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने आगे कहा कि आपके सुदीर्घ संसदीय अनुभव, राजनीतिक ज्ञान, आपके जीवन के प्रेरणादायी प्रसंगों से लाभान्वित होने का हमें अवसर प्राप्त हुआ है, यह हमारी विधानसभा के लिए स्वर्णीम अवसर है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का यह तीसरा अवसर है, जब सभा के सदस्यों को संबोधित करने भारत के राष्ट्रपति का आगमन हुआ है। इसके पहले भारत रत्न, राष्ट्रपति स्व. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने द्वितीय विधानसभा के कार्यकाल में सभा को संबोधित किया था। वहीं तृतीय विधानसभा के कार्यकाल में राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने सभा को संबोधित किया था। अब यह तीसरी बार छत्तीसगढ़ विधानसभा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

2025 को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाने का फैसला लिया: राज्यपाल डेका

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष का जश्न मना रहे हैं। हमारी सरकार ने इस साल को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाने का फैसला लिया है। राष्ट्रपति की उपस्थिति इस सत्र को विशेष बना रही है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने उच्च मूल्यों की स्थापना और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के बारे में विवरण देते हुए, राज्यपाल ने इसे महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया. उन्होंने प्रमुख व्यक्तित्वों के योगदान को भी याद किया।

हम सभी भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के लिए कटिबद्ध : सीएम साय

विधानसभा का रजत जयंती मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी इस समारोह में शामिल होने छत्तीसगढ़ पहुंची हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनके छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर आभार प्रकट किया और विधानसभा सदस्यों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के लिए कटिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा के रजत जयंती समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य और छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए यह एतिहासिक समय है। हमारे विधानसभा के रजत जयंती पर आपका आगमन है। मैं पूरे छत्तीसगढ़ की तरफ़ से आपका हृदय से स्वागत करता हूं। मुख्यमंत्री साय ने विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य और विधानसभा का रजत जयंती माना रहे हैं। अटल जी ने राज्य का निर्माण किया था। हम अटल निर्माण वर्ष भी माना रहे हैं। हम सौभाग्य शाली हैं कि हमें प्रदेश की जनता का सेवा करने का अवसर मिला है। हम सब एक साथ मिलकर अच्छे वातावरण के बीच विधानसभा का काम चल रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रपति मुर्मू को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आपके गृहग्राम उड़ीसा से हमारे राज्य का गहरा रिश्ता: नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने राष्ट्रपति मुर्मू को संबोधित करते हुए कहा कि हम छत्तीसगढ़ में आपका अभिनंदन करते हैं। आपकी विनम्रता, आपकी सादगी, और आपके वाणी को भारत के साथ पूरा विश्व जानता है। आपका आगमन छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक क्षण है। आपका स्वागत करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि आपके गृहग्राम उड़ीसा से हमारे राज्य का गहरा पुराना रिश्ता है। हमारे सुख-दुख की जानकारी आप तक और आपके गृह राज्य तक पहुंचते रहती है। छत्तीसगढ़ के परिकल्पना के समय सिर्फ 36 घर थे। फिर धीरे-धीरे विकसित किया गया। हमारे राज्य के पुराने 12 घर आपके राज्य में जाकर जुड़ गए हैं। इसीलिए हमने उड़ीसा को भी अपना घर माना है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि हमारे राज्य में जगन्नाथ जी की कृपा बनी हुई है। हमारे राज्य का चावल जगन्नाथ जी के भोग के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

दिल्ली के बेटे ने अब तय कर लिया है कि वह पंजाब दा पुत्तर बनकर रहेगा। विपश्यना के बहाने पंजाब गए घुंघरू सेठ वहीं डेरा डाल दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने नई दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की तरह सिर्फ नाम के मुख्यमंत्री बनकर रह गए है। काम तो परदे के पीछे से घुंघरू सेठ और उनके खास मुनीम ही कर रहे हैं। बेचारे भगवंत सिंह मान कर भी क्या सकते हैं? जब सामने वाला मान न मान मैं तेरा मेहमान की तर्ज पर ढीठता पर उतर जाए तो वे कैसे कहे कि-अतिथि तुम कब जाओगे?

बड़ी सफलता: नक्सलियों के गढ़ बेडमाकोटी में नया कैंप

नारायणपुर/नवप्रदेश। मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के केंद्र सरकार के संकल्प को ध्यान में रखते हुए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले कुतुल से करीब पांच किलोमीटर आगे बेडमाकोटी में नया कैंप स्थापित किया है। बेडमाकोटी का इलाका नक्सल प्रभावित है और यहां जवानों की जान को हर कदम पर खतरा बना रहेगा। इस इलाके में नए कैंप की स्थापना को सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

सोसाइटी में आग, एक की मौत

मुंबई (वार्ता)। महाराष्ट्र में मुंबई के विद्याविहार में एक बहुमंजिला इमारत में सोमवार तड़के आग लगने से एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई, जबकि एक अन्य सुरक्षा गार्ड सहित तीन लोग घायल हो गए।

राज्यसभा और लोकसभा में भारी हंगामा, शून्यकाल भी नहीं चला

नई दिल्ली (वार्ता)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिव कुमार के मुसलमानों को आरक्षण देने और संविधान बदलने संबंधी बयान को लेकर लोकसभा में आज जबरदस्त हंगामा हुआ जिसके कारण सदन की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। वहीं मुसलमान समुदाय को सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर सोमवार को राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष में जोरदार हंगामा के कारण सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी।

पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल में एक बार की स्थगन के बाद 12 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की तो सत्ता पक्ष की तरफसे शिव कुमार के बयान को लेकर सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सदस्यों ने भी हंगामा शुरू कर दिया जिसके कारण सदन में शोर शराबा रहा और कुछ सुनाई नहीं दिया। इसी बीच संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि मुद्दा अत्यंत गंभीर है। संवैधानिक पद पर बैठे कांग्रेस नेता तथा कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने मुसलमानों को आरक्षण देने की बात कही है और यह संविधान विरोधी बात है।

कर्नाटक में सरकारी ठेकों में आरक्षण पर राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

कर्नाटक में मुसलमान समुदाय को सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर सोमवार को राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष में जोरदार हंगामा के कारण सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। दूसरे बार के स्थगन के बाद दोपहर 2.30 बजे कार्यवाही शुरू होने पर उप सभापति हरिवंश ने सदन को बताया कि तीन दिसंबर 2024 को तेलक्षेत्र (विनियमन तथा विकास) संशोधन विधेयक, 2024 को मंजूरी प्रदान की गयी थी। इस विधेयक को अब 12 मार्च 2025 को लोकसभा ने पारित किया है तथा इसमें 2024 के स्थान पर 2025 कर संशोधित किया गया है। इसलिए इस विधेयक पर सदन की मंजूरी ली जा रही है। इसके बाद केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने तेलक्षेत्र (विनियमन तथा विकास) संशोधन विधेयक, 2025 में किये गये संशोधनों का उल्लेख किया जिसे हंगामे के बीच ध्वनिमत से स्वीकार लिया गया। इसके बाद हरिवंश ने बैंकिंग कानून ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रिजिजू की कांग्रेस को खरी-खरी

शिवकुमार को बर्खास्त करें या तो संविधान बदलने का प्लान बताएं

नई दिल्ली(ए.)। कर्नाटक में सार्वजनिक ठेकों में मुस्लिमों को चार प्रतिशत आरक्षण देने को लेकर उठे विवाद में अब सुई डीके शिवकुमार की ओर घूम गई है। आरक्षण के सवाल पर शिवकुमार के संविधान को लेकर की गई टिप्पणी पर भाजपा नेताओं खासकर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। सोमवार को इस मामले में कांग्रेस की आलोचना करते हुए साफ कहा है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी या तो उन्हें पद से हटाए या फिर अल्पसंख्यक समुदाय को आरक्षण देने के लिए संविधान में बदलाव का अपनी योजना बताए।

किरेन रिजिजू ने की प्रेस कांफ्रेंस

संसद परिसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने शिवकुमार का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि उन्होंने साफ कहा है कि मुसलमानों को सरकारी ठेकों में आरक्षण दिया जाएगा। इसके लिए संविधान में बदलाव किया जाएगा। रिजिजू ने संवाददाताओं से कहा कि एनडीए दलों ने एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता द्वारा दिए गए बयान को बहुत गंभीरता से लिया है।

असम राइफल्स ने चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया: अमित शाह

नई दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम राइफल्स के स्थापना दिवस पर बल के जवानों, अधिकारियों और उनके परिजनों को बधाई दी है। शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने संदेश में कहा, पूर्वोत्तर के हमारे बहादुर प्रहरी, असम राइफल्स के जवानों और उनके परिवारों को स्थापना दिवस पर बधाई।

कानून बनाना संसद का अधिकार: जगदीप धनखड़

नई दिल्ली (वार्ता) । उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि कानून बनाने का एक मात्र अधिकार संसद में निहित है। धनखड़ ने सोमवार को संसद भवन परिसर में राज्यसभा इटर्नशिप कार्यक्रम के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हाल में ही एक राज्य ने सरकारी ठेकों में धार्मिक आधार पर एक समुदाय को आरक्षण देने की मंशा जतायी है। यह संविधान के प्रावधानों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा, ''क्या हमारा संविधान धार्मिक आधार पर किसी आरक्षण की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि डॉ बी. आर. अम्बेडकर धार्मिक आधार पर कोई भी आरक्षण देने की विरुद्ध थे।

गरमा-गरम

आज होगा मुकाबला

छग के क्रिकेटर शशांक सिंह से नवप्रदेश संवाददाता ने आईपीएल की शुरुआत से पहले इस सीजन की तैयारियों पर की खास चर्चा

मेहनत एवं स्मार्टवर्क-सफलता का राज: शशांक सिंह

खेल संवाददाता/नितेश छाबड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। आईपीएल 2025 का रंगारंग आगाज़ हो चुका है और शुरुआती 2 दिनों में ही इस लीग ने एक बड़ा स्कोर देख लिया है ,विराट के बल्ले की चमक के साथ साथ ईशान किशन का धमाकेदार शतक नजर आया है वहीं युवा नूर अहमद एवं विग्नेश पुथुर ने अपनी फिरकी से प्रभावित किया है और सबसे अधिक चर्चित लगभग 44 वर्ष के धोनी की 0.12 सेकंड में की गयी स्टंपिंग यह बताने के लिए काफी है कि इस उम्र में भी फिट रहकर क्रिकेट खेला जा सकता है ,यह सब मनोरंजन का पैकेज ही आईपीएल को दुनिया की सबसे बड़ी लीग साबित करता है। आज से पंजाब किंग्स टूर्नामेंट में अपना आगाज़ करेगी पिछले सीजन में अपनी बल्लेबाज़ी एवं मैच जिताऊ पारियों से प्रभावित कर लाइम लाइट में आने वाले शशांक सिंह को टीम ने ऑक्शन से पहले रिटेन किया था इस सीजन उन परअतिरिक्त जिम्मेदारी है छत्तीसगढ़ के क्रिकेटर शशांक सिंह की चर्चा पूरे देशभर में हैं नवप्रदेश के लिए नितेश छाबड़ा ने आईपीएल की शुरुआत से पहले उनसे इस सीजन की तैयारियों पर चर्चा की पेश उस चर्चा के प्रमुख अंश -



__सवाल__ - आपको 5.50 करोड़ में रिटेन किया गया,कब आपको इस बारे में पता लगा,कैसा वह पल था आपके और परिवार के लिए ?

__जवाब__ - रिटेंशन के बारे में मुझे कुछ दिन पहले ही पता लगा,उससे पहले एक या दो बार औपचारिक बातचीत हुई थी मैं चाहता था कि इसी फ्रैंचाइज़ी में रहूं, भाग्यवश फ्रैंचाइज़ी की भी सोच यही थी। यह बहुत ही खुशी के साथ साथ मेरे और परिवार के लिए इमोशनल मोमेंट भी था क्योंकि बार बार ऑक्शन में जाना और उस तनाव का सामना करना कठिन होता है पर इस बार रिटेन हो जाने से उन चीज़ों का सामना नही करना पड़ा और अब फ्रेंचाइजी ने मुझ पर विश्वास दिखाया है तो मेरे पर एक अतिरिक्त जिम्मेदारी है कि मैं उन्हें सही साबित करू ।

__सवाल__ - आपने इससे पहले लीजेंड ब्रायन लारा के साथ बहुत समय व्यतीत किया और उनका गाइडेंस एवं अनुभव आपको बहुत काम आया अब आप एक और लीजेंड रिकी पोंटिंग के साथ जुड़ने वाले है इस पर क्या सोच रहे?

__जवाब__ - विश्व क्रिकेट में वे बहुत बड़ा नाम है और उन्होंने कोचिंग में भी महारथ हासिल की है । मैं उनकी कोचिंग में खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हूं उनसे बहुत कुछ सीखने मिलेगा उनके क्रिकेटिंग अनुभव का बहुत फायदा मिलेगा।

__सवाल__ - श्रेयस अय्यर की कप्तानी में अब आप खेलेंगे पिछले सीजन उन्होंने कोलकाता को ट्रॉफी दिलाई है और साथ ही आप मुंबई में उनके साथ पहले भी खेल चुके है कैसा महसूस कर रहे?

__जवाब__ - श्रेयस और मैं हम एक दूसरे को बहुत पहले से जानते है वे आज भी बहुत सहजता से मिलते है इतनी सफलता के बाद उसमे कोई बदलाव नहीं आया है और आज भी हम आपस मे बहुत मज़ाक करते है । उनकी कप्तानी की बात करे तो वे खिलाड़ियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पद से कैसे हटाए जाते हैं सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जज, क्या है महाभियोग की प्रक्रिया

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से मिले नोटों के जखीरे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले से जुड़े कुछ तथ्य 22 मार्च को सार्वजनिक किए थे। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा को कुछ समय के लिए न्यायिक कार्यों से दूर कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की कॉलिजियम में जस्टिस वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाई कोर्ट में करने की सिफारिश की है। इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने इसका विरोध किया है। इस बीच न्याय के पेशे से जुड़े लोगों के बीच से जस्टिस वर्मा के खिलाफमहाभियोग चलाने की मांग की जा रही है। आइए जानते हैं कि क्या होती है महाभियोग की प्रक्रिया।

क्या संविधान में महाभियोग का प्रावधान है

सुप्रीम कोर्ट के किसी जज के खिलाफ महाभियोग चलाने की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 124(4) में निर्धारित की गई है। वहीं संविधान का अनुच्छेद 218 कहता है कि यही प्रावधान हाई कोर्ट के जज पर भी लागू होते हैं। अनुच्छेद 124(4) के मुताबिक किसी जज को संसद की ओर से निर्धारित प्रक्रिया के जरिए केवल प्रमाणित कदाचार और अक्षमता के आधार पर ही हटाया जा सकता है।न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए महाभियोग का आधार और प्रक्रिया का स्तर काफी उच्च रखा गया है।

यह प्रावधान कहता है कि सुप्रीम कोर्ट के किसी जज को उसके पद से तब तक नहीं हटाया जा सकता जब तक कि संसद के दोनों सदन बहस के बाद महाभियोग प्रस्ताव को उस सदन के कुल सदस्यों में से कम से कम दो तिहाई सदस्यों का समर्थन न हासिल हो। इसके बाद उस प्रस्ताव को राष्ट्रपति मंजूरी देते हैं। यह प्रस्ताव जिस सत्र में लाया जाता है, उसी सत्र में उसे पारित कराना जरूरी है। इसमें जज के कदाचार या उसकी अक्षमता का साबित करना होता है। इसका मतलब यह हुआ कि महाभियोग के प्रस्ताव का लोकसभा और राज्य सभा के सदस्यों में से 50 फीसदी से अधिक का समर्थन होना जरूरी है। संसद में मतदान के जरिए प्रस्ताव के पारित हो जाने पर राष्ट्रपति जज को हटाने का आदेश जारी करते हैं।

न्यायाधीश जांच अधिनियम, 1968 क्या कहता है

किसी जज पर महाभियोग चलाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया न्यायाधीश जांच अधिनियम, 1968 में निर्धारित है।इस अधिनियम की धारा 3 के तहत, महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए, इसे लोकसभा में कम से कम 100 सदस्यों और राज्य सभा में कम से कम 50 सदस्यों का समर्थन होना जरूरी होता है। महाभियोग शुरू करने की सबसे पहली प्रक्रिया है, सदस्यों का दस्तखत लेकर समर्थन जुटाना। जस्टिस शेखर कुमार यादव के मामले में लोकसभा में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के आगा सैयद रुहल्ला मेहंदी ने यह प्रक्रिया शुरू की है। वहीं राज्य सभा में निर्दलीय सदस्य और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने यह प्रक्रिया शुरू की है। सिब्बल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं।

कौन करता है जांच समिति का गठन

एक बार प्रस्ताव लाए जाने के बाद लोकसभा के अध्यक्ष और राज्य सभा के सभापति जांच के लिए एक तीन सदस्यीय समिति का गठन करते हैं। इस समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश या कोई जज करता है। इसके अलावा इस समिति में किसी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाता है।लोकसभा के अध्यक्ष या राज्य सभा के सभापति एक प्रतिष्ठित कानूनविद को इस समिति के तीसरे सदस्य के रूप में शामिल करते हैं। साल 2011 में जब कोलकाता हाई कोर्ट के जस्टिस सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू की गई थी तो मशहूर वकील फली नरीमन को प्रतिष्ठित कानूनविद के रूप में समिति में शामिल किया गया था। लोकसभा के अध्यक्ष या राज्य सभा के सभापति की ओर से नियुक्ति समिति के पास जांच की प्रक्रिया तय करने, सबूत मांगने और गवाहों की गवाही लेने का अधिकार होता है। यह समिति ही आरोप तय करती है। अगर यह आरोप मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर लगाए गए हैं तो समिति आरोपी जज का मेडिकल टेस्ट भी करा सकती है। कुछ मामले ऐसे भी आए हैं जिनमें समिति ने आरोपी जज के खिलाफ कार्यवाही संचालित करने के लिए एक वकील को नियुक्त किया है। साल 1993 में सुप्रीम कोर्ट के जज वीरास्वामी रामास्वामी के खिलाफ लाए गए महाभियोग में जांच समिति ने वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह को अपना वकील नियुक्त किया था।

आस्ट्रेलिया शोधकर्ताओं के अध्ययन से ब्रेस्ट कैंसर से मिलेगा निजात

सिडनी (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया में शोधकर्ता ट्रिपल-नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर के इलाज को प्रभावी बनाने के लिए अगली पीढ़ी के नैनोकणों का विकास कर रहे हैं। क्वींसलैंड विश्वविद्यालय के ऑस्ट्रेलियाई जैव अभियांत्रिकी और नैनो प्रौद्योगिकी संस्थान (एआईबीएन) के अनुसार, शोधकर्ता लौह-आधारित नैनोकण डिजाइन कर रहे हैं, जो टीएनबीसी के खिलाफ शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को मजबूत करेंगे।

न्यूजीलैंड, भारत ने व्यापक मुक्त व्यापार परामर्श शुरू किया

वेलिंगटन, (वार्ता)। भारत के साथ व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफ्टीए) के लिए न्यूजीलैंड की पहल पर परामर्श सोमवार को शुरू किया गया। न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने कहा कि भारत न्यूजीलैंड के लिए महत्वपूर्ण व्यापार अवसर प्रस्तुत करता है।

रूस का प्रतिनिधिमंडल रियाद में अमेरिकी वार्ता स्थल पर पहुंचा

रियाद, (वार्ता)। रूस का प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता स्थल पर पहुंच गया है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक बैठक में रूस का प्रतिनिधित्व रूसी उच्च सदन की विदेश मामलों की समिति के प्रमुख ग्रिगोरी करासिन और संघीय सुरक्षा सेवा (एफ्एसबी) के निदेशक के सलाहकार सर्गेई बेसेडा कर रहे हैं। इस वार्ता का मुख्य फोकस ब्लैक सी में नौवहन सुरक्षा पर होगा।

चीन, थाईलैंड संयुक्त समुद्री अभ्यास करेंगे

बीजिंग, (वार्ता)। चीन और थाईलैंड दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत में झानजियांग के पास मार्च के अंत से अप्रैल की शुरुआत तक संयुक्त समुद्री अभ्यास करेंगे। चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि अभ्यास शहरी आतंकवाद विरोधी रणनीति, संयुक्त समुद्री हमला संचालन और पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रशिक्षण पर केंद्रित होगा।

कोरियाई प्रधानमंत्री ने कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में पुन: बहाल

सोल (वार्ता)। दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू ने उन्हें कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल करने के लिए संवैधानिक न्यायालय को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, दक्षिण कोरियाई संवैधानिक न्यायालय ने हान के महाभियोग को खारिज कर दिया, जिसका अर्थ है कि उन्हें तुरंत कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल किया जाएगा।

घुसपैठ की कोशिश के दौरान 16 आतंकवादी मारे गए

क्वेटा (वार्ता)। उत्तरी वजीरिस्तान जिले के गुलाम खान कल्ले इलाके में अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसने की कोशिश कर रहे 16 आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार सुरक्षा बलों ने उत्तरी वजीरिस्तान के गुलाम खान कल्ले इलाके में अफगान सीमा पार करने की कोशिश कर रहे आतंकवादियों के एक समूह का पता लगाया।

इजरायल की सेना ने यमन से प्रक्षेपित मिसाइल को रोका

यरूशलम (वार्ता)। इजरायल की सेना ने यमन से प्रक्षेपित एक मिसाइल को इजरायली क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही नष्ट कर दिया है। सेना ने रविवार को बताया कि यमन से आई मिसाइल को इजरायली वायु सेना ने क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही रोक दिया, जिससे तेल अवीव और आसपास के इलाकों में सायरन बजने लगे और लोग सुरक्षित स्थानों पर चले गए।

फ्रीडम ऑफ स्पीच कहां है

कुणाल कामरा को मिला जया बच्चन का साथ, उद्धव भी बोले- गलत क्या कहा?

नई दिल्ली/ए.। विवादों में घिरे स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को विपक्षी दलों का साथ मिला है। राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने उनके खिलाफशिवसेना के विरोध प्रदर्शन को अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बताया है। वहीं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी कहा है कि कुणाल कामरा ने कुछ भी गलत नहीं कहा है। गौरतलब है कि कामरा ने अपने हालिया शो में एकनाथ शिंदे को लेकर एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी की है जिसके बाद शिवसेना (शिंदे गुट) ने कड़ा विरोध जताया है। वहीं, विपक्षी दलों, खासकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और कांग्रेस ने कामरा के समर्थन में आवाज उठाई है।

जया बच्चन ने क्या कहा?

सपा सांसद जया बच्चन ने कुणाल कामरा विवाद पर कहा बोलने की आजादी कहां है? कार्रवाई की आज़ादी तभी है जब हंगामा हो। उन्होंने आगे कहा, ÷आप (एकनाथ शिंदे) अपनी असली पार्टी छोड़कर, सत्ता के लिए दूसरी पार्टी में आ गए। क्या यह बालासाहेब ठाकरे का अपमान नहीं है? कॉमेडियन कुणाल कामरा विवाद और शिवसेना (शिंदे गुट) कार्यकर्ताओं द्वारा की गई तोड़फोड़ पर कांग्रेस विधायक नाना पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था नहीं है। लोग डर के मारे महाराष्ट्र छोड़ रहे हैं। उद्योग यहां से जा रहे हैं। सरकार कहती है कि राज्य में शांति होनी चाहिए, लेकिन वे इस तरह की तोड़फोड़ कर रहे हैं। वे महाराष्ट्र को बर्बाद करना चाहते हैं।

शिवसेना (शिंदे गुट) कार्यकर्ताओं द्वारा की गई तोड़फोड़ पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि जहां तक कुणाल कामरा ने जो किया, मुझे लगता है कि उनके द्वारा कहा गया हर शब्द, हर वाक्य सही है। विपक्ष में सभी लोग उन पर यही आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने यह बात कविता के रूप में कही। अगर हम कहते हैं कि इस देश में लोकतंत्र है और हम इस पर विश्वास करते हैं, तो हमें यह सब स्वीकार करना चाहिए। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा वे एक ऐसे मज़ाक पर धमकी दे रहे हैं जिसमें एकनाथ शिंदे का नाम तक नहीं लिया गया। उनकी तोड़फोड़ से पता चलता है कि इससे उन्हें ठेस पहुँची है और जो वे मज़ाक के ज़रिए कह रहे हैं, उसमें सच्चाई है। इसीलिए उन्होंने इस तरह का हमला किया है।।। उन्होंने नागपुर में इस तरह की आग लगाई। वे अब मुंबई में ऐसा कर रहे हैं। यह किस तरह की असहिष्णुता है?

कुणाल कामरा को शिंदे वाले जोक पर कोई पछतावा नहीं

नई दिल्ली। कॉमेडियन कुणाल कामरा ने मुंबई पुलिस से कहा है कि उन्हें अपने 'गद्दार' या 'देशद्रोही' वाले बयान पर कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा है कि वो तब ही माफी मांगेंगे जब कोर्ट की तरफसे उन्हें कहा जाएगा माफी मांगने के लिए। पुलिस सूत्रों ने आगे बताया कि कामरा ने तमिलनाडु में पुलिस से बात करते हुए कहा कि उन अफवाहों का खंडन किया जिसमें यह दावा किया जा रहा है कि शिंदे को निशाना बनाने के लिए विपक्ष द्वारा उन्हों पैसे दिए गए थे। मुंबई पुलिस ने एक कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने पर 'स्टैंड-अप कॉमेडियन' कुणाल कामरा के खिलाफ सोमवार को प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मुंबई के खार इलाके में स्थित 'हैबिटेट स्टूडियो' में कथित रूप से तोड़फोड़ करने को लेकर शिवसेना के करीब 40 कार्यकर्ताओं के खिलाफभी मामला दर्ज किया है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कर्नाटक हनी ट्रैप मामला कर्नाटक के मंत्री भी फंसे

नई दिल्ली/ए.। कर्नाटक में न्यायाधीशों और लोकसेवकों को हनीट्रैप में फंसाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को याचिका दायर की गई है। याचिका में इन आरोपों की सीबीआई या एसआईटी जांच कराए जाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर तत्कालीन रूप से सुनवाई करने की भी मांग की है। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका पर आज या कल सुनवाई की जाएगी।

हनीट्रैप में कर्नाटक के मंत्री भी फंसे: कुछ दिन पहले कर्नाटक सरकार के सहकारिता मंत्री राजन्ना ने विधानसभा में दावा किया था कि केंद्रीय मंत्रियों समेत 48 राजनेताओं को भी हनीट्रैप में फंसाया गया है। राजन्ना ने कहा था कि कर्नाटक सीडी और पैन ड्राइव फैक्ट्री कहा जाता है और यह नेटवर्क पूरे भारत में फैला हुआ है। इसमें कई केंद्रीय मंत्री भी फंसे हैं।

48 लोग हुए हैं हनीट्रैप का शिकार : सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने सदन को बताया था कि राज्य में 48 लोग हनी ट्रैप का शिकार हुए हैं और उनके आपत्तिजनक वीडियो को प्रसारित किया गया है। राज्य के लोग निर्माण मंत्री सतीश जरकीहोली ने आरोप लगाया है कि एक कैबिनेट सहयोगी को दो बार हनीट्रैप में फंसाने की कोशिश की गई है।

क्या होता है हनी ट्रैप?: हनी ट्रैप एक प्रकार की जासूसी तकनीक है, जिसमें एक व्यक्ति को आकर्षित करने के लिए एक महिला या पुरुष का उपयोग किया जाता है। इसका उद्देश्य व्यक्ति से गोपनीय जानकारी प्राप्त करना या उसे किसी विशिष्ट कार्य के लिए प्रेरित करना होता है। हनी ट्रैप में अक्सर खूबसूरत लड़कियों का इस्तेमाल किया जाता है, जो अपने आकर्षण और हुस्न के जाल में टार्गेट शख्स को फंसाती हैं।

संविधान सभा में कौन लाया था मुस्लिम आरक्षण पर प्रस्ताव: रिजिजू

नई दिल्ली/ए.। कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर सोमवार को लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ।सदन की कार्यवाही शुरू होने पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सदस्यों ने कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिम समुदाय को चार फीसदी आरक्षण का मुद्दा उठाया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। इस विषय पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग ने 28 अगस्त 1947 को संविधान सभा में मुस्लिमों के लिए आरक्षण की बात की थी। लेकिन सरकार वल्लभ भाई पटेल समेत पूरी संविधान सभा ने इस मांग को अस्वीकार कर दिया था। आइए जानते हैं रिजिजू किस प्रस्ताव की बात कर रहे थे।

संविधान सभा में मुस्लिम आरक्षण की मांग: रिजिजू ने कहा कि मुस्लिम लीग 28 अगस्त 1947 को मुसलमानों के लिए आरक्षण का प्रस्ताव लेकर आई थी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग के इस प्रस्ताव को सरदार वल्लभ भाई पटेल समेत पूरी संविधान सभा ने धर्म के आधार पर आरक्षण की मांग को खारिज कर दिया था।उस समय कहा गया था कि भारत के संविधान में कोई भी आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि आज संविधानिक पद पर बैठा कांग्रेस का नेता कह रहा है कि मुस्लिम आरक्षण के लिए संविधान को बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की बात को मंजूर नहीं किया जाएगा। उन्होंने मुस्लिम आरक्षण पर कांग्रेस से अपनी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

संविधान सभा में जवाहर लाल नेहरू का प्रस्ताव: दरअसल जवाहर लाल नेहरू संविधान सभा में 13 दिसंबर, 1946 को एक प्रस्ताव लेकर आए थे। इसमें अल्पसंख्यकों और पिछड़े वर्गों के हितों की रक्षा की बात की गई थी।इस प्रस्ताव पर मुस्लिम लीग ने आपत्ति जताई थी।उसने सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए आरक्षण की मांग की।इस पर नेहरू ने मुस्लिमों के साथ-साथ दूसरे अल्पसंख्यक समूहों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण का विरोध किया।

देश का सबसे कमाऊ टोल प्लाजा है भरथना

नई दिल्ली। पूरे भारत में एक हजार से अधिक टोल प्लाजा हैं, इन्हीं टोल प्लाजों में से एक नाम 'भरथना' है। जो देश का सबसे व्यस्त मार्ग है और सबसे कमाऊ टोल प्लाजा भी। आपको जानकर हैरानी होगी कि दिल्ली को मुंबई से जोड़ने वाला भरथना, जो गुजरात में NH-48 के वडोदरा-भरूच हिस्से पर स्थित है, उसकी पिछले पांच सालों में सालाना कमाई औसतन 400 करोड़ रुपये है। जिसके साथ ही ये देश में सबसे अधिक उपयोगकर्ता शुल्क वसूलने वाला टोल प्लाजा बनता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के 20 मार्च को लोकसभा में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले 5 सालों में इसने 2,043.81 करोड़ रुपये का टोल जमा किया है। 2023-24 में सबसे अधिक 472.65 करोड़ रुपये का टोल जमा हुआ है। टोल प्लाजा राजमार्गों पर होते हैं, जहां चालक टोल टैक्स का भुगतान करता है।चालक से टोल टैक्स कितना वसूला जाएगा, ये गणना वाहन के आकार, वजन और सड़क के आधार पर की जाती है।

उत्पीड़न से बचने के लिए महिला ने चलती ट्रेन से लगाई छलांग

महिला कोमपल्ली में रेलवे पुल के पास घायल अवस्था में मिली

हैदराबाद। हैदराबाद में यौन उत्पीड़न से बचने के लिए एक महिला ने चलती मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम (एमएमटीएस) ट्रेन से छलांग लगा दी। ट्रेन कूदने के कारण महिला घायल हो गई। रेलवे पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना सिकंदराबाद में हुई। एक व्यक्ति तेलापुर-मेडचल एमएमटीएस ट्रेन के महिला कोच में घुस गया और महिला के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। यौन उत्पीड़न से बचने के लिए डरी हुई महिला चलती ट्रेन से कूद गई।

महिला घायल अवस्था में मिली: महिला (23) कोमपल्ली में रेलवे पुल के पास घायल अवस्था में मिली। राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस सेवा को कॉल किया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए गांधी अस्पताल ले जाया गया। पीड़िता आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले की रहने वाली है और हैदराबाद के बाहरी इलाके में एक निजी कंपनी में कार्यरत है। महिला ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह अपना मोबाइल फोन ठीक कराने के लिए सिकंदराबाद आई थी। फोन ठीक कराने के बाद वह सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पहुंची। उसने जनरल टिकट लिया और तेलापुर-मेडचल एमएमटीएस ट्रेन में सवार होकर महिलाओं के लिए आरक्षित कोच में बैठ गई। उसके साथ उसी कोच में यात्रा कर रही दो महिलाएं अलवाल रेलवे स्टेशन पर उतर गईं।

यौन शोषण करने की कोशिश की

पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब 8।30 बजे जब वह कोच में अकेली थी, तो एक युवक उसके पास आया और उसके साथ यौन संबंध बनाने की कोशिश की। जब उसने मना किया, तो उसने उसका यौन शोषण करने की कोशिश की। उसने विरोध किया और बचने के लिए चलती ट्रेन से कूद गई। पीड़िता के सिर, ठोड़ी, दाहिने हाथ और कमर पर गहरी चोटें आई हैं। पीड़िता के अनुसार, आरोपी की उम्र करीब 25 साल थी।

महागठबंधन | *बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : इन दलों से मिलकर बना है एनडीए*

जातियों का वोट बैंक और उनका गणित

नई दिल्ली/ए.। बिहार में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। बिहार में मुख्य मुकाबला दो गठबंधनों के बीच है। ये हैं सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी महागठबंधन। एनडीए की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी है।उसके अलावा जनता दल यूनाइटेड, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा, लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) और राष्ट्रीय लोकमंच। चुनाव से पहले यह गठबंधन खुद को मजबूत करने में लगा हुआ है। इसके लिए जातीय और क्षेत्रीय समीकरण बिठाने पर जोर है। आइए जानते हैं कि एनडीए में शामिल दलों का आधार क्या है। एनडीए के दल और उनकी ताकतः बीजेपीः एनडीए की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी है। इस समय विधानसभा में बीजेपी के 80 सदस्य हैं। साल 2020 के चुनाव में बीजेपी को 19।46 फीसदी वोट मिले थे। बीजेपी का प्रभाव वैसे तो पूरे बिहार में है, लेकिन सीमांचल इलाके में यह पार्टी थोड़ी कमजोर है। बीजेपी का मुख्य वोट बैंक सवर्ण जातियों के साथ कुछ ओबीसी जातियां हैं। इनके अलावा वह दलितों और अति पिछड़ी जातियों में अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर पैठ बनाने की कोशिश कर रही है।

नीतीश कुमार बिहार में एनडीए के सबसे बड़े नेता

जेडीयूः जनता दल यूनाइटेड एनडीए की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। विधानसभा में इसकी 45 सीटें हैं। साल 2020 के चुनाव में जेडीयू को 15।39 फीसदी वोट हासिल किए थे। लेकिन पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव के बाद जेडीयू और बीजेपी बराबरी में आ गए। दोनों को 12-12 सीटें मिली हैं। जेडीयू का मुख्य आधार कुर्मी और कोईरी जाति में है। उसे कुछ अति पिछड़ी जातियों और मुसलमानों के कुछ हिस्से का भी वोट मिलता रहता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही इसके सबसे बड़े नेता हैं।

कुशवाहा का राष्ट्रीय लोकमंच

हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम): इस पार्टी का गठन राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने किया। यह पार्टी आमतौर पर अनुसूचित जाति की सबसे पिछड़ी जातियों में से एक मुसहर का प्रतिनिधित्व करती है। बिहार में मुसहर की आबादी करीब तीन फीसदी है।मांझी का प्रभाव क्षेत्र गया, औरंगाबाद, नवादा, जहानाबाद और रोहतास जैसे जिलों में है।साल 2020 के चुनाव में हम ने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था। उसे 0.89 फीसदी वोट और चार सीटें मिली थीं।

***राष्ट्रीय लोक मंच:** इस पार्टी की स्थापना उपेंद्र कुशवाहा ने की थी। उनका आधार उनकी कोइरी या कुशवाहा जाति में ही है।जातीय सर्वेक्षण के मुताबिक बिहार में इस जाति की आबादी करीब 4.21 फीसदी है।*

महिलाओं के मुद्दों का संवेदनशीलता से करें निराकरणः ममता

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा 'आयोग आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत 48 प्रकरणों की सुनवाई, 38 प्रकरणों का हुआ निराकरण

__बिलासपुर/नवप्रदेश।__ राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य्य ममता कुमारी ने आज महिलाओं से प्राप्त शिकायतों की सुनवाई की। 48 प्रकरणों की जन सुनवाई हुई जिनमें कुछ प्रकरणों का त्वरित निराकरण भी किया गया और लंबित प्रकरणों का निराकरण करने पुलिस अधिकारियों को एक सप्ताह का समय दिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन महिलाओं के मुद्दों पर संवेदनशीलता और शीघ्रता से कार्य कर उन्हें राहत प्रदान करें। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह एवं एडीएम आर. ए. कुरूवंशी मौजूद रहे।

जनसुनवाई के बाद प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना सहित कई मामले आयोग के पास आए हैं जिनके त्वरित निराकरण की दिशा में आयोग द्वारा यह पहल की गई है जिसके तहत देश भर में महिलाओं से प्राप्त शिकायतों के संबंध में संबंधित राज्य के जिलों में संभाग स्तर पर सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग की न्याय पद्धति के अनुरूप महिलाओं को न्याय दिलाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है ताकि महिलाएं सम्मान के साथ तनाव रहित जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की महिलाओं के लिए शुरू की गई सखी वन स्टॉप सेंटर से महिलाओं के मुद्दों की सुनवाई शीघ्रता से हो रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग के साइकोलॉजिस्ट, सुश्री सलोनी प्रभाकर, कानूनी सलाहकार साहिल कुमार, राज्य महिला आयोग के सदस्य महिला बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी सुरेश सिंह व विभागीय अधिकारी के साथ बड़ी संख्या में पुलिस व वकीलों की भी उपस्थित रही। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य द्वारा आज महिला हेल्पलाइन सखी वन स्टॉप सेंटर, बालिका गृह और कामकाजी महिला हॉस्टल का भी निरीक्षण किया गया। आवश्यक जानकारी लेकर व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

महिला उत्पीड़न के मामले थाना प्रभारी एक सप्ताह में निपटाएं

पुलिस लाइन के चेतना हॉल में आयोजित जन सुनवाई में जांजगीर, कोरबा, बिलासपुर, मुंगेली सहित कुल 5 जिलों से प्राप्त शिकायतों की सुनवाई हुई। कुल 48 प्रकरण जन सुनवाई में शामिल थे। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई की और कुछ प्रकरणों का त्वरित निराकरण भी किया। उन्होंने संबंधित थानों के पुलिस अधिकारियों से प्रकरणों के निराकरण की दिशा में कार्यवाही की जानकारी ली, और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं से जुड़े मुद्दों में संवेदनशीता बरतें और निराकरण की दिशा में शीघ्रता से उचित कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी यदि मामलों की गंभीरता से जांच और कार्यवाही करेंगे तो प्रकरण आयोग तक नहीं पहुंचेंगे, उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा महिलाओं के मुद्दों पर अधिक संवेदनशीलता की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि मामलों का निराकरण संबंधित थाना प्रभारियों को एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए गए हैं।

न्यूज गैलरी

श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु

सीपत/नवप्रदेश। दल्हागिरी में 18 मार्च से पंच कुंडीय एवं श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमे दूर दराज से भक्तों की भीड़ उमड़ी रही है। ज्ञान कथा, संकीर्तन भंडारे का आनंद ले रहे है। कथा के चौथे दिवस पर वेदव्यास पंडित कौशल किशोर शर्मा ने कलियुग के बारे में बताते हुए कहा कि यह कथा सुखदेव महाराज जी राजा परीक्षित को सुना रहा है राक्षस शब्द सुनते ही हमारे मस्तिष्क में कल्पना होने लगती है बड़े-बड़े दांत लंबा-लंबा बिखरा हुआ बोल बड़े-बड़े नाखून रक्त रंजित उसका शरीर लाल लाल आंखें अपने आप कल्पना में आ जाता है वो ही राक्षस है, जो पिता माता इष्ट देवों को न माने । शास्त्र हमारे दर्पण है। बच्चों के सुख के लिए पत्नी के सुख के लिए भाई बधुओं के सुख के लिए न जाने क्या-क्या करता है और अंत में उसको कुछ हासिल नहीं होता। गज और ग्राह की कथा और समुद्र मंथन की कथा का वर्णन किया।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

बंद स्कूल खोलने व मुआवजा राशि दिलाने के कलेक्टर को मिले आवेदन

बिलासपुर/नवप्रदेश। *कलेक्टर अवनीश शरण ने अपनी साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आज जिले के दूर-दराज से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान लोगों ने व्यक्तिगत एवं सामूहिक मामलों को लेकर लगभग 150 आवेदन दिया। कलेक्टर ने मिलने पहुंचे हर व्यक्ति से मुलाकात कर उनकी परेशानी पूछी और इनके समुचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।*

कुछ आवेदनों का फोटो खींचकर कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वयं ही वाट्सएप कर जल्द निराकरण करने कहा। आज साप्ताहिक जनदर्शन में सिरगिट्टी के नवीन प्राथमिक शाला परिसर में बाऊंड्रीवाल बनवाने हेतु पार्षद द्वारा आवेदन दिया गया। उन्होंने बताया कि स्कूल में करीब 200 छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं। स्कूल परिसर में बाऊंड्रीवाल नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों एवं शराबियों द्वारा शाला परिसर में शराब की बोतलों को फोड़ कर फेक दिया जाता है जिससे बच्चों को नुकसान होने की संभावनाएं बनी रहती है। कलेक्टर ने आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बिल्हा ब्लॉक के ग्राम धमनी स्थित सेन्ट एण्ड्रूज स्कूल के बच्चों ने अपने पालकों के साथ कलेक्टर से मुलाकात

अनुकंपा नियुक्ति की मांग

मस्तूरी विकासखंड के ग्राम किरारी निवासी कृष्ण कुमार सुमन द्वारा जनपद पंचायत मस्तूरी में सहायक ग्रेड 03 के पद पर कार्यरत पिता स्व. भागवत प्रसाद सुमन के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति दिलाने की मांग की। इस मामले को सीईओ जनपद पंचायत मस्तूरी देखेंगे। बेलगहना तहसील के ग्राम नगोई निवासी शिवशंकर गुप्ता द्वारा क्रेडा सौर सुजला योजना के तहत सबमर्सिबल पंप दिलाने आवेदन दिया गया।

मस्तरी विधायक लहरिया के प्रयासों से विस के लिए 13 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

सीपत/नवप्रदेश। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के अनुशंसा से विधानसभा में विकास कार्य के लिए लगभग 13 करोड़ के काम स्वीकृत हुए है। जिसमें सोन से सोनसरी सबरिडेरा के बीच सरार नाला में पुलिया सहित सड़क मार्ग जिनकी लंबाई 2.50 किमी. का निर्माण कार्य लागत 796.04 (सात करोड़ छियानबे लाख चार हजार) रूपये की राशि स्वीकृत) व बिनोरी से हरदी भगवानपाली नहर सड़क मार्ग जिनकी लंबाई 3.20 किमी. का निर्माण कार्य लागत 477.12 (चार करोड़ सतहत्तर लाख बारह हजार) रूपये की राशि स्वीकृत हुआ है। इस प्रकार कुल1246.16 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। विधायक लहरिया ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास कार्य के लिए लगातार मेरे द्वारा प्रयास जारी रहेगा।

उत्कर्ष योजना के तहत चयन परीक्षा 30 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित चयन परीक्षा 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी।

सुविचार

दुनिया का सबसे अनमोल उपहार एक सच्चा मित्र होता है जो कीमत से नहीं किस्मत से मिलता है। - अज्ञात

कुणाल की कामेडी पर कोहराम

महाराष्ट्र की राजनीति में पहले से ही हलचल मची हुई है। अब एक कामेडियन कुणाल कामरा ने अपनी विवादास्पद कामेडी से महाराष्ट्र में कोहराम मचा दिया है। कुणाल कामरा पहले भी अपनी कामेडी को लेकर विवादों में घिरते रहे हैं। वामपंथी विचार धारा के कुणाल ने पहले भी धर्म को लेकर आपत्तिजनक कामेडी की थी और सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी भी करते रहे हैं। पूर्व में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह पर भी आपत्तिजनक बातें की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तो उन्होंने अनपढ़ बता दिया था। किन्तु इस बार उन्होंने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे पर तंज कसके बर्रे के छत्ते पर हाथ डाल दिया है। दूसरे शब्दों में कहे तो उन्होंने आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ कर डाली है। मुंबई के एक होटल में अपने कामेडी शो के दौरान कुणाल ने बहुचर्चित फिल्म दिल तो पागल है के एक गाने भोली सी सुरत आंखों में मस्ती दूर खड़ी मुस्काए की पैरोडी करते हुए एकनाथ शिन्दे का मजाक उड़ा दिया। उन्होंने उनके आटो चालक रहने और दाढ़ी रखने पर भी व्यंग कसा और उन्हें गद्दार बता दिया। इस गाने में उन्होंने एकनाथ शिन्दे पर ऐसी अभद्र टिप्पणी भी की है जिसे लिखा नहीं जा सकता। जाहिर है उनके इस कृत्य से शिवसैनिकों का गुस्सा बेकाबू हो गया और उन्होंने कुणाल कामरा के स्टूडियो में तोड़फोड़ कर दी। यहीं नहीं बल्कि जिस होटल में कुणाल ने कामेडी की थी वहां भी शिव सैनिकों ने कोहराम मचा दिया। कुणाल कामरा के खिलाफ थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है और शिवसेना के नेताओं ने उन्हें चेतावनी दी है कि यदि कुणाल एक नाथ शिन्दे से माफी नहीं मांगेगे तो शिवसैनिक पूरे देश में उनका पीछा करेंगे और वे जहां भी हत्थे चढ़ेंगे उनके मुंह पर कालिक पोती जाएगी। मुंबई पुलिस ने कुणाल के स्टूडियो में तोड़फोड़ करने वाले लगभग 2 दर्जन शिव सैनिकों के खिलाफ भी जुर्म दर्ज किया है। अब इस घटना को लेकर महाराष्ट्र में सियासी बवाल खड़ा हो गया है। शिवसेना यूबीटी के नेता आदित्य ठाकरे ने कुणाल कामरा का पक्ष लेते हुए कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। संजय राऊत ने भी कुणाल की कामेडी को सही बताया है और शिवसैनिकों द्वारा उनके स्टूडियो में की गई तोड़फोड़ की कड़ी निंदा की है। इसके जवाब में शिव सेना के नेताओं ने आरोप लगाया है कि कुणाल ने संजय राऊत और आदित्य ठाकरे से पैसे लेकर ही एकनाथ शिन्दे के खिलाफ इस तरह का आपत्तिजनक कार्यक्रम पेश किया है। शिवसेना नेताओं ने आदित्य ठाकरे और संजय राऊत के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। कुल मिलाकर कुणाल एक बार फिर विवादों में घिर गए है। दरअसल अब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कुछ कामेडियन इसी तरह के विवादास्पद कार्यक्रम देने लगे है। जिसमें वे अभद्र और अश्लील शब्दों का भी उपयोग करने लगे है। कुणाल जैसे कामेडियनों को यह नहीं भूलना चाहिए कि कामेडी के नाम पर गंदगी परोसोगे तो उसका खामियाजा भुगतना भी पड़ेगा। इसके पहले भी कुछ और कामेडियनों और गायकों के खिलाफ भी पूरे देश में आक्रोश फैल चुका है जो अभद्र और अश्लील शब्दों का उपयोग कर चर्चा में आए थे। ऐसे लोगों का यही मानना है कि बदनाम होंगे तो भी नाम तो होगा। कुणाल के खिलाफ पूर्व में भी कार्रवाई की मांग होती रही है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण उसके हौसले बुंलद होते गए है। अब उन्होंने महाराष्ट्र में आकर वहां के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे पर आपत्तिजनक कामेडी कर मुसीबत मोल ले ली है। देखना होगा कि उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होती है।

ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक जरूरी

छत्तीसगढ़ में अभी विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाएं चल रही है। छात्रों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों से मनमाने उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए है। किन्तु इन निर्देशों का लोग खुले आम उल्लंघन कर रहे हैं। शादी ब्याह का सीजन चल रहा है और साथ ही जगह-जगह कई तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों से किसी को कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन ध्वनि विस्तारक यंत्रों और खास तौर पर डीजे का जिस तरह मनमाना उपयोग किया जा रहा है। उससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने बहुत पहले ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के दुरूपयोग को रोकने के लिए कड़े दिशा निर्देश जारी किए है। जिसके मुताबिक रात्रि दस बजे से सुबह छह बजे तक किसी भी तरह के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। लाउडस्पीकर और डीजे को तेज अवाज में चलाने की भी मनाही की गई है। किन्तु सुप्रीम कोर्ट के आदेश की भी लोग खुलेआम धज्जियां उड़ा रहें हैं। डीजे के कान फोडू शोर से परेशान लोगों के विरोध से अक्सर विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसके बावजूद शासन प्रशासन बढ़ते वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं कर रहा है। जब तक ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय नहीं की जाएगी। तब तक इस पर प्रभावी रोक नहीं लगेगी और न ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन रूक पाएगा। जिला कलेक्टरों ने इस बाबत निर्देश जारी करके अपने कर्त्वय की इतिश्री कर ली है। यह देखने वाला कोई नहीं है कि इन निर्देशों का पालन हो रहा है या नहीं। जो लोग इसका उल्लंघन कर रहे हैं। उन पर कोई कार्रवाई न होना इस बात का प्रमाण है कि ध्वनि प्रदूषण रोकने संबंधित विभाग के कर्मचारी घोर लापरवाही कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। तभी ध्वनि प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी और परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार मय होने से बचेगा।

प्रेरक प्रसंग - भोजन की बड़ी भूमिका

जीवन में भोजन की बड़ी भूमिका है, अगर हमारा भोजन पवित्र, संतुलित और ऋतु के अनुकूल है तो वह हमारे लिए बड़ा हितकारी होता है। शास्त्रों में कहा गया है कि मितभोजी बनें, आहार की पवित्रता, शुचिता, शुद्धता बनाए रखें। आहार सात्विक होना चाहिए। हम जो कुछ खाते हैं, वह ईश्वर से उपहार और अनुग्रह के रूप में हमें प्राप्त होता है। जो कुछ भी हमारी थाली में और हमारे हाथों में है, वो ईश्वर का प्रसाद है। आज जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद जी गिरि के जीवन सूत्र में जानिए खाना खाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

आज का पंचांग

सूर्योदयः06:24, सूर्यास्तः 06:30, चन्द्रोदयः 27:33, चन्द्रास्तः12:58, अयन- उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वसंत, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण, तिथि-एकादशी, नक्षत्र-श्रवण, योग-परिघ (16:45 से शिव) प्रथम करण-वणिज (17:27 तक), द्वितीय करण-विष्टि (29:05 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य- मीन, चंद्र-मकर (10:24 से), मंगल-मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध- मीन (अस्त, पश्चिम , वक्री), गुरु- वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र-मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), शनि- कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु - मीन, केतु -कन्या।

शुभ यात्रा दिशा

दक्षिण-पूर्व (दर्पण देखकर अथवा खीर का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम श्रवण नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (खी, खू, खा, खो) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

जगत प्रकाश नड्डा
(लेखक भारत सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं)

दृष्टिकोण से विजय तक: भारत किस प्रकार टीबी के विरुद्ध अपनी लड़ाई को नया स्वरूप दे रहा है

> 100 दिवसीय अभियान अभी शुरुआत है। भारत इन प्रयासों को पूरे देश में बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर नागरिक - चाहे वे कहीं भी रहते हों - को आधुनिक निदान, गुणवत्तापूर्ण उपचार और अटूट सामुदायिक समर्थन तक पहुँच प्राप्त हो। जिस तरह भारत ने कोविड-19 की जाँच को तेज़ी से बढ़ाया, उसी तरह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अगली पीढ़ी के टीबी निदान में निवेश कर रहा है ताकि अंतिम छोर तक तेज़ और अधिक सटीक जाँच हो सके। भारत ने पहले भी समुदाय द्वारा संचालित कार्रवाई की शक्ति देखी है - चाहे वह स्वच्छ भारत मिशन हो या हमारा पोलियो उन्मूलन अभियान। इसी तरह, टीबी मुक्त भारत अभियान अब लोगों के नेतृत्व वाला एक और आंदोलन बन रहा है। जब नवाचार पहुंच से मिलता है, और जब सरकारें, समुदाय और व्यक्ति एकजुट होते हैं तो असंभव वास्तविकता बन जाता है। भारत सिर्फ़टीबी से नहीं लड़ रहा है-हम इसे हरा भी रहे हैं।

इस विश्व टीबी दिवस पर, मैं इस बात पर बहुत गर्व के साथ विचार करता हूँ कि भारत टीबी के खिलाफ़ लड़ाई में किस तरह से अपनी रणनीति को फिर से लिख रहा है। हाल ही में संपन्न 100-दिवसीय सघन टीबी-मुक्त भारत अभियान ने न केवल नवाचार की शक्ति का प्रदर्शन किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि समुदायों को संगठित करना कार्यक्रम संबंधी दृष्टिकोण को बदलने जितना ही महत्वपूर्ण है। यह अभियान 7 दिसंबर 2024 को टीबी के मामलों का पता लगाने में तेज़ी लाने, मृत्यु दर को कम करने और नए मामलों को रोकने के उद्देश्यों के साथ शुरू किया गया था। 100-दिवसीय सघन टीबी-मुक्त भारत अभियान ने टीबी का जल्द पता लगाने के लिए अत्याधुनिक रणनीतियाँ पेश कीं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि बिना लक्षण वाले लोगों की भी पहचान हो - जिनका अन्यथा निदान नहीं हो पाता - और उनका इलाज किया गया।

पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों को सीधे उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के पास ले जाया गया, जिनमें मधुमेह, धूम्रपान करने वाले, शराब पीने वाले, एचआईवी से पीड़ित लोग, बुजुर्ग और टीबी रोगियों के घरेलू संपर्क मैं रहने वाले शामिल थे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित एक्स-रे ने संदिग्ध टीबी मामलों को तुरंत चिह्नित किया, और स्वर्ण-मानक न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन टेस्ट (ह्रञ्ज) का उपयोग करके पुष्टि की गई। इन प्रयासों ने सुनिश्चित किया कि संक्रामक मामलों की पहचान की गई और उनका जल्दी से इलाज किया गया, जिससे संक्रमण पर लगाम लगी और लोगों की जान बचाई गई।

यह अभियान देश के कोने-कोने तक पहुँचा, जिसमें वे लोग जिनमें टीबी का खतरा अधिक है के 2.97 करोड़ लोगों की जाँच की गई। इस गहन प्रयास के कारण 7.19 लाख टीबी रोगियों की पहचान की गई, जिनमें से 2.85 लाख मामले बिना लक्षण वाले थे और इस अभिनव दृष्टिकोण के बिना अन्यथा छूट जाते, जिससे टीबी संक्रमण की श्रृंखला टूट गई। यह सिर्फ़ एक मील का पत्थर नहीं है - यह एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

टीबी मुक्त भारत अभियानः एक जन आंदोलनः लेकिन असली गेम-चेंजर सिर्फ़ तकनीक नहीं थी - यह समुदायों की

अभूतपूर्व लामबंदी थी। टीबी उन्मूलन अब जनभागीदारी द्वारा संचालित एक जन आंदोलन है। पूरे भारत में 13.46 लाख से ज़्यादा निक्षय शिविर आयोजित किए गए, जहाँ माननीय सांसदों, विधायकों और पंचायती राज संस्थाएं और शहरी स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों सहित 30,000 से ज़्यादा निर्वाचित प्रतिनिधियों ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का समर्थन किया। कॉरपोरेट पार्टनर और आम नागरिक इस अभियान में शामिल हुए, जिससे यह विचार मज़बूत हुआ कि टीबी उन्मूलन सिर्फ़ सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं बल्कि एक सामूहिक मिशन है। और इस मिशन में जनभागीदारी का उदाहरण राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में देखा गया, जहाँ 22 संबंधित मंत्रालयों में टीबी जागरूकता, पोषण किट वितरण, टीबी मुक्त भारत के लिए शपथ लेने जैसी 35,000 से ज़्यादा गतिविधियाँ की गईं। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, व्यापार संघों, व्यावसायिक संघों, स्वैच्छिक संगठनों के साथ 21,000 से अधिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं और 78,000 शैक्षणिक संस्थानों में 7.7 लाख से अधिक छात्रों ने टीबी जागरूकता और संवेदीकरण गतिविधियों में भाग लिया।

जेलों, खदानों, चाय बागानों, निर्माण स्थलों और कार्य स्थलों जैसे सामूहिक स्थानों पर 4.17 लाख से अधिक संवेदनशील आबादी की स्क्रीनिंग और परीक्षण किया गया। अभियान अवधि के दौरान त्यौहारों पर 21,000 से अधिक टीबी जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें धर्म आधारित नेताओं और सामुदायिक प्रभावशाली लोगों को शामिल किया गया।

हमारे माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण, जिसने जन-भागीदारी की आधारशिला रखी, न केवल पोषण के लिए बल्कि मनोसामाजिक और व्यावसायिक समर्थन के लिए रोगियों को गोद लेने के लिए व्यापक सामाजिक समर्थन जुटाया। टीबी रोगियों के लिए सहायता अब अस्पतालों तक सीमित नहीं है - यह घरों, गांवों और कार्यस्थलों पर भी हो रही है। निःक्षय मित्र पहल के माध्यम से, व्यक्ति और संगठन टीबी से पीड़ित परिवारों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिसमें हज़ारों पोषण किट पहले ही वितरित की जा चुकी हैं। सिर्फ़ 100 दिनों में, 1,05,181 नए निःक्षय मित्रों को नामांकित किया गया। पोषण और टीबी से उबरने के बीच महत्वपूर्ण संबंध को पहचानते हुए, सरकार ने निःक्षय पोषण योजना के तहत वित्तीय सहायता को 500 से बढ़ाकर 1,000 प्रति माह कर दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी टीबी रोगी इस लड़ाई को अकेले न लड़े।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भी टीबी रोगियों के लिए विभेदित टीबी देखभाल कार्यक्रम के तहत अनुकूलित और व्यक्तिगत उपचार प्रदान कर रहा है। उदाहरण के लिए, यदि किसी टीबी रोगी का वजन कम पाया जाता है (बीएमआई < 18.5 किग्रा/ मीटर2), तो उनके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता उनके लिए अनुकूलित पोषण और उपचार योजना तैयार करेंगे और उपचार के दौरान हर महीने उनकी प्रगति की निगरानी करेंगे।

इस अभियान की गति ने यह भी दर्शाया है कि कैसे समाज और सरकार का समग्र दृष्टिकोण परिवर्तनकारी बदलाव ला सकता है। टीबी जागरूकता और सेवाओं को रोजमर्रा की जिंदगी में एकीकृत करने के लिए 22 मंत्रालयों ने मिलकर काम किया। टीबी जागरूकता झांकियां गोवा कार्निवल परेड का मुख्य आकर्षण बन गईं। देश भर के स्कूलों में, टीबी जागरूकता संदेशों को सुबह की सभाओं में शामिल किया गया। लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने हजारों आगंतुकों को मुफ्त टीबी जांच की पेशकश करने के लिए अपने क्लस्टर कार्यालयों के नेटवर्क का लाभ उठाया। इन विविध प्रयासों ने कलंक को तोड़ दिया, गलत सूचनाओं को सही किया और टीबी उन्मूलन को सार्वजनिक चेतना के केंद्र में ला दिया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 25 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ। 1987 - दक्षेस (सार्क) देशों का स्थायी सचिवालय नेपाल की राजधानी काठमांडू में खोला गया। 1999 - भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों के आठ वर्गों को वीसा मामले में छूट देने की घोषणा। 2003 - सद्दाम नहर और फरात पुल पर इराक का कब्ज़ा। पहले पोर्टेबल कम्प्यूटर बनाने वाले एडम ओस्बोर्न का देहांत। 2005 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सूडान के लिए शांति सेना की मंजूरी दी। 2007 - टीम इंडिया विश्वकप क्रिकेट से बाहर। 2008 - टाटा ग्रुप की पुणे स्थित फर्म 'कम्प्यूटेशन रिसर्च लैबरटरीज' ने इंटरनेशनल फर्म 'याहू' से गठजोड़ किया। अंतरिक्ष यान एंडेवर सफलतापूर्वक अपने मिशन को अंजाम देने के बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना हुआ। 2011- उड़ीसा का नाम ओडिशा किए जाने संबंधी विधेयक को लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी गुरुवार को मंजूरी दे दी गई। उड़ीसा विधानसभा में 28 अगस्त 2008 को इसका प्रस्ताव पारित किया गया था जिसे बाद में केन्द्र को भेज दिया गया था।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चढ़ा दिया बेशक इन्हें, शूली पर लो

चढ़ा दिया बेशक इन्हें, शूली पर लो जान। गया नहीं इनका मगर,दिया व्यर्थ बलिदान। आजादी की राह में, भगत-राज-सुखदेव। हँसते-हँसते चढ़ गए, फांसी देव त्रिदेव। भारत माँ को हो रही,यही सोचकर पीर। अब पैदा होते नही, इनके जैसे वीर। **रमेश शर्मा वशिष्ट**

आसमां दूर दूर

आसमां दूर दूर तक जहाँ तक नज़रे जाती हैं विराट विस्तृत असीम खुला नीला आसमां पर मेरे हिस्से का आसमां कौन सा है कहाँ है मेरे ख्वाबों ख्यालों का आसमां मेरी उड़ानों का आसमां कहा है मेरे हिस्से का वो एक टुकड़ा आसमां जहाँ मै भी रहूँ विराट विस्तृत और सीमा रहित बताओ ना कहाँ है मेरे हिस्से का आसमां डेज़ी बस एक टुकड़ा आसमां है ना बोलो ना चुप क्यूँ हो। **डेजी जायसवाल**

ख़ास पाती | कहाँ कोई हिन्दू मुसलमां बुरा

कहाँ कोई हिन्दू मुसलमां बुरा है। जो नफ़रत सिखाये वो इंसां बुरा है। सियासत में हरगिज़ न इन को घसीटो न गीता बुरी है न कुरआँ बुरा है। लहू जो बहाता है निर्दोष जन का यक़ीनन अधर्मी वो शैतां बुरा है उजाड़े नशेमन परिंदों के नाहक उखाड़े शजर जो, वो तूफां बुरा है। बिना कुछ किये ही मिले कामयाबी ये हसरत बुरी है, ये अरमां बुरा है। हुनर सीख लो मुस्कुराने का ग़म में हमेशा ही रहना परेशां बुरा है सफ़र ज़िन्दगानी का छोटा है 'अज्ञात'जुटाना युगों तक का सामां बुरा है। **अजय अज्ञात**

छिड़ गई है जंग दो धारों के बीच

छिड़ गई है जंग दो धारों के बीच। अब तो होगी बात यलगारों के बीच। कौन सुनता भीड़ में मेरी गुहार। दब गई वो सबकी हुंकारों के बीच। मस'अला सुलझे भी तो कैसे भला। फ़ैसला अटका है खुद्दारों के बीच।। छोड़ कर दुनिया गए हैं लोग जो। वाक़ई क्या बस गए क्या तारों के बीच। क्या हुआ कमल जो है मुश्किल सफ़र। कमल भी तो खिलते हैं ना कचकारो के बीच। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो। **कमलकांत डोंगरे**

तलाक किसी के मर जाने से बेहतर

तलाक किसी के मर जाने से बेहतर है, किन्हीं ख्वाहिशों का खौफ़ जब जीने न दें जो ज़िस्म कभी कैद से बाहर आ गई! तो आत्माओं ने भीबिकने की इच्छा जताई होगी? हम तो चार शब्दों में घुटन महसूस कर लेते थे। दम तोड़ चुकी चीखों तक, अब बात क्यों नहीं आई? न इंकलाब लाऊं, न नवाबों के हुक्कों तक का कोई बंदोबस्त कहलाऊं, मैं तो सुलग रहा हूं किसी जंगल की आग सा, जिन्हें मैंने छत समझा! छांव की उम्मीद की उन्होंने तिनका- तिनका कर ये आग लगाई है...। **जय बरूआ**

आज फिर महकी है हवा कहीं

आज फिर महकी है हवा कहीं कोई बदली बरसी है शायद या खिलें हैं अनगिनत पुष्प किसी डाल पर या मिलें हैं गले कोई दो बिछड़े वर्षों बाद या फिर मन एक हुए हैं शायद किसी के ये भी हो सकता है कुछ इच्छाएं हुईं हों जागृत। दूर कहीं से आई है महकती हवा महकाती सर्वत्र मेरा डर लग रहा है। धड़कनों का शोर बहरा न कर दे मुझे मैंने सारे किवाड़ और झरोखे खोल दिए हैं। उन्मादित करती हवा के लिए, और तत्पर है आत्म भी अब स्वागत के लिए। **शुचि भवि**

सुनों औरतों जब तक तुमनें

सुनों औरतों जब तक तुमनें सहेजा था तब तक सबकुछ सहज रहा अब तुम बिखेरो मत पूरी की पूरी धरती बिखर जायेगी तुम सृजनकर्ता हो तुम सहनशक्ति हो तुम जन्मदात्री हो तुम पुरुष बनने की प्रक्रिया में मत शामिल हो जाओ अब क्योंकि तुम्हारा स्थान तो सदैव ऊपर रहा है इस सृष्टि में फिर तुमको क्यों शामिल करना है खुद को इन तुच्छ सवालों के घेरे में....तुम लड़ो, अपने लिए लड़ो पर अपनों से मत लड़ो नहीं तो खतम हो जायेगीये पूरी दुनिया समाप्त हो जायेगा ये समस्त भूमंडल क्योंकि कायनात की खूबसूरती सिर्फ तुमसे है। सिर्फऔर सिर्फतुमसे है। **पूनम राजपूत**

कविता अपनों से जोड़ती है

कविता अपनों से जोड़ती है, कविता संवाद है भीतर की गहराई है... आत्मा को छू ले ऐसी शक्ति है। मान्यता है कि जहाँ न पहुँचे रवि वहाँ पहुँचे कवि हैं! कविता मन की भाषा है कविता में माँ के हाथों बनी रोटी गोल है , दादी-नानी की कहानी है। कविता प्रकृति है... कविता सृष्टि और पालन है! कविता वृक्ष है... कविता जल है और जल है तो जीवन है। साहित्य में कहें तो कविता में जीवन है। अनंत बधाई और शुभकामनाएँ स्वीकारें। **वंदनागोपाल शर्मा शैली**

QUIZ TIME

1) किस राज्य में नलकूपों द्वारा सिंचित भूमि क्षेत्र सबसे अधिक है?

2) स्टीडफास्ट नून शब्द किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन से संबंधित है?

3) भारत की मुख्य भूमि को रामेश्वरम द्वीप से कौन अलग करता है?

4) इण्डिया नाम किस नदी से आया है?

5) वाट फू एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल किस देश में स्थित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) उत्तरप्रदेश (2) नाटो (3) पम्बन चैनल (4) सिंधु नदी (5) लाओस

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरूजी

मेषः कार्यो में सफलता दिलाने वाला रहेगा परन्तु सफलता को धन के साथ ना जोड़े अन्यथा दुखी होना पड़ेगा।

वृषः आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से लाभदायक रहेगा। धर्म कर्म के प्रति आज निष्ठा रहेगी दान पुण्य करने के अवसर सुलभ होंगे।

मिथुनः आज के दिन आप कुछ अभाव का अनुभव करेंगे फिर भी परिस्थिति के अनुसार स्वयं को ढाल लेना ही बेहतर समझेंगे।

कर्कःआज दिन के आरंभ से ही मानसिक रूप से स्फूर्ति रहेगी सेहत उत्तम रहने पर भी आलस्य नही जाएगा। लेकिन दिनचार्य गई गति धीमी होने पर भी मध्यान बाद गंभीरता से कार्य कर कमियों की भरपाई कर लेंगे।

सिंहःआज का दिन सम्पन्नता कारक रहेगा दिन के आरंभिक भाग में किसी महत्त्वपूर्ण कार्य का निर्णय लेने में दुविधा होगी।

कन्याः आपके व्यक्तित्त्व में विकास होगा अधिकांश कार्यो को देखभाल कर ही करेंगे वाणी में मिठास रहेगी।

तुलाः दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा। दिन का पहला भाग नासमझी के कारण व्यर्थ खराब होगा। परिजनो से बिना कारण फटकार सुननी पड़ेगी।

वृश्चिकःआज के दिन से आप कुछ अधिक आशा लगाए रहेंगे दिन के मध्यान तक दिनचार्य सुव्यवस्थित रहेगी ।

धनुःआज का दिन मिला-जुला फल देगा। आज आप जिस कार्य को करने का मन बनाएंगे उसके आरम्भ में पहले खराब सेहत बाधा डालेगी।

मकरःआज आपको लाभ की सम्भावना दिन के आरंभ से ही रहेगी कुछ शुभ प्रसंग घटने पर मानसिक रूप से निश्चिन्त रहेंगे।

कुंभः आज के दिन कोई भी निर्णय जल्दबाजी में ना ले वरना बाद में पछताना पड़ेगा परिस्थितियां आज हानिकारक बनी हुई है।

मीनः आज का दिन राज-समाज मे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाएगा। आज कुछ ना करने पर भी आपका व्यक्तित्त्व बढ़ा हुआ रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ़िक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 362 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

राष्ट्रपति ने नक्सलवाद के विषय को किया चिन्हित

विधानसभा रजत जयंती: छत्तीसगढ़ में नक्सलिज्म अंतिम चरण में : डिप्टी सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर पहुंची थीं। वे विधानसभा के रजत जयंती समारोह में शामिल होने के बाद वापिस दिल्ली रवाना हो गई हैं। उनके आगमन को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने नक्सलवाद के विषय को चिन्हित किया है। राष्ट्रपति ने कहा समूचे देश में यह चर्चा है कि सशस्त्र नक्सलिज्म अब समाप्त होने वाला है। छत्तीसगढ़ में भी यह अंतिम चरण में है।

नक्सलवाद को लेकर कहा -लड़ाई अब निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है: बता दें, राष्ट्रपति ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंति समारोह में सदस्यों को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी दी गई है कि यह लड़ाई अब निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है। नक्सल प्रभावित जिलों के लोग विकास के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं और जल्द ही यह समस्या समाप्त हो जाएगी।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव का बयान: वहीं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अपना रजत जयंती वर्ष माना रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आई थीं। इस दौरान उन्होंने सभी विधानसभा सदस्यों का मार्गदर्शन किया और पौधारोपण भी किया।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि उनके छत्तीसगढ़ विधानसभा आगमन से सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन हुआ है। इसके उन्होंने ने बताया कि राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति की तारीफ की और उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के संबंधों की भी चर्चा की है।

पूर्व संसदीय सचिव सिद्धनाथ पैकरा को भाजपा ने किया निष्कासित

पार्टी अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ लड़े थे चुनाव

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा ने पूर्व संसदीय सचिव सिद्धनाथ पैकरा को पार्टी से निष्काषित कर दिया है। उनपर आरोप है कि उन्होंने बागी होकर भाजपा अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ा था. इसके चलते उन्हें भाजपा प्रदेश प्रभारी किरण सिंह देव ने 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बीते दिनों बलरामपुर जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ. बीजेपी समर्थित प्रत्याशियों ने दोनों ही पदों पर कब्जा जमाया. हीरामुनि निकुंज जिला पंचायत अध्यक्ष और धीरज सिंह देव निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए. चुनाव शुरू होने से पहले ही भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी थी, लेकिन भूतपूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा ने बागी होने की भूमिका निभाई और अध्यक्ष की उन्होंने दावेदारी की, जिस पर उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वहीं चुनाव हारने के बाद पूर्व संसदीय सचिव सिद्धनाथ पैकरा ने अपनी हार का जिम्मेदार मंत्री राम विचार नेताम को ठहराया। उन्होंने कहा कि रायपुर से चलकर यहां आना उनकी यह चाल थी। पार्टी कार्यालय में ही उन्होंने सब कुछ गड़बड़ करवा दिया था, जिसका असर चुनाव में देखने को मिला। अब भाजपा ने उन्हें बागी होकर पार्टी के विरुद्ध काम करने के लिए निष्कासित कर दिया है।

कुनाल कामरा के समर्थन में आए पीसीसी चीफ दीपक बैज

शिंदे पर विवादित टिप्पणी गद्दार को गद्दार नहीं कहेंगे तो क्या कहेंगे?

रायपुर/नवप्रदेश। कॉमेडियन कुणाल कामरा फिर से विवादों के घेरे में है। एक वीडियो में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी करने से शिवसेना (शिंदे गुट) के कार्यकर्ता भड़क गए। वीडियो सामने आने के कार्यकर्ताओं ने बाद मुंबई के एक होटल में जमकर तोड़फोड़ की. इस बीच पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कुणाल कामरा का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि कॉमेडियन ने कुछ गलत नहीं कहा है। दीपक बैज ने किया कुणाल कमरा का समर्थन पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि एकनाथ शिंदे ने ऐसा किया ही क्या है की उन्हें अवार्ड मिलना चाहिए? गद्दार को गद्दार नहीं कहेंगे तो क्या कहेंगे. कॉमेडियन कुणाल कामरा ने कुछ गलत नहीं कहा है। कानाल कामरा ने वीडियो में क्या कहा था ? दरअसल, वीडियो मे कामरा ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तंज कसा और उन्हें 'गद्दार' बताया. जिस गाने के बोल पर विवाद छिड़ा उसकी लाइन ऐसी है ठाणे की रिक्शा चेहरे पर दाढ़ी, आंखों पर चश्मा हाय ! एक झलक दिखलाए कभी, गुवाहाटी में छुप जाए। मेरी नजर से तुम देखो गद्दार नजर वो आए ठाणे की रिक्शा, चेहरे पर दाढ़ी , आंखों पर चश्मा हाय। मंत्री नहीं है वो दल बदलू हैं और कहा क्या जाए जिस थाली में खाये उसमें ही वो छेद कर जाए। मंत्रालय से ज्यादा फडणवीस की गोदी में मिल जाए। तीर कमान मिला है इसको बाप मेरा ये चाहे।

ठाणे की रिक्शा चेहरे पर दाढ़ी, आंखों पर चश्मा हाय

कॉमेडियन कुणाल कामरा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और यूट्यूब चैनल पर महाराष्ट्र पॉलिटिक्स को लेकर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में बिना नाम लिए महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर तीखी टिप्पणी की। वीडियो को लेकर शिवसैनिक नाराज हो गए और मुंबई के खार इलाके में स्थित स्टूडियो और होटल यूनिकॉन्टिनेंटल में तोड़फोड़ की। इस बीच कुणाल कामरा के खिलाफ एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। विधायक मुराजी पटेल ने शिकायत दर्ज कराई है।

संक्षिप्त खबरें

हत्या कर शव फेंकेने की आशंका जांच में जुटी पुलिस

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के शंकर एक्सप्रेस-वे के नाले में एक युवक की संदिग्ध लाश मिली है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई है। प्रथम दृष्ट्या युवक की हत्या कर शव को फेंकने की आशंका जताई जा रही है।यह मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है। मृतक के पास से एक यामाहा मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है, जिसे घटनास्थल से पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए स्नस्रु और डॉग स्कॉड की टीम को भी मौके पर बुलाया है. वहीं पुलिस ने शव की शिनाख्त की प्रक्रिया शुरू की और मृतक की पहचान 25 वर्षीय मेघराज के रूप में की, जो चंपारण का निवासी था. मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की पुष्टि हुई है. फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री देवांगन 25 मार्च को बेंगलुरू प्रवास पर

रायपुर/नवप्रदेश । प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन मंगलवार 25 मार्च को शाम 6.50 बजे स्वामी विवेकानन्द विमानतल रायपुर से बेंगलुरू के लिए प्रस्थान कर रात्रि 9.45 को बेंगलुरू पहुंचेंगे। तत्पश्चात् मंत्री श्री देवांगन बेंगलुरू में रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री देवांगन बुधवार 26 मार्च को बेंगलुरू में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट ऑफ इन्वेस्टर्स कार्यक्रम में शामिल होंगे। उद्योग मंत्री देवांगन गुरूवार 27 मार्च को प्रातः 5.40 बजे बेंगलुरू से प्रस्थान कर प्रातः 7.40 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पहुंचेगें।

दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में सतनामी पारा टाटीबंध निवासी नरेन्द्र बंजारे 51 वर्ष ने आमानाका थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बुलेट बाइक क्रमांक सीजी 04 एचयू 3116 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में गोवर्धन नगर नेवरा निवासी अतुत मजीत 27 वर्ष ने नेवरा थाना में शिकायत की, कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीबी 4439 को रजिस्ट्री ऑफिस के सामने तिल्दा में खड़ी किया था, तभी तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बाइक सवार दो युवकों की मौत

रायपुर/नवप्रदेश।ग्राम आरंग व कुटेला के बीच एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक छोटकु खुटे 26 वर्ष ग्राम कुरूद का रहने वाला था। बताया जाता है कि छोटकु गांव के ही एक अन्य व्यक्ति कामता सोनवानी 45 वर्ष के साथ बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम आरंग व कुटेला के बीच ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेई 0169 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों युवक की मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

एक्टिवा सहित घरेलू सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। पंडरी स्थित संतोष किराना स्टोर्स दुकान के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा में नकदी 2500 रुपए सहित घरेलू सामान था। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जयसिंह लालवानी 26 वर्ष संतोष किराना स्टोर्स के पास पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केआर 9814 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा के डिक्की में नकदी 2500 रुपए सहित घरेलू सामान रखा हुआ था। चोरी गए जुमला कीमती करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

17 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर /नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जुआ खेलते 17 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1 लाख 74500 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने रिंग रोड 2 गोंदवारा में जुआ खेलते आरोपी छोटू खान 38 वर्ष, मोहम्मद अहसान 30 वर्ष सहित अन्य 5 को गिरफ्तार किया है।

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव का विधिवत शुभारंभ

- **दिगंबर जैन भगवान आदिनाथ की निकली पालकी**
- **नि:शुल्क नेत्र परीक्षण और फिजियोथेरेपी शिविर का लोगों ने लिया लाभ**

रायपुर/नवप्रदेश । भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के क्रम में सोमवार को दादाबाड़ी में 2624 से ज्यादा लोगों ने सामूहिक सामायिक की। दादाबाड़ी मंदिर प्रांगण पहुंचे श्रावकों में खासा उत्साह दिखा और सभी ने पूरे 48 मिनट सामायिक के दौरान साधुत्व को जिया। प्रार्थना, क्रिया और धार्मिक अनुष्ठान के साथ सामूहिक सामायिक संपन्न हुआ। सामायिक के दौरान परिसर में सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस-गैजेट्स वर्जित रहे। चूंकि, जैन धर्म में सांसारिक वस्तुओं का प्रयोग वर्जित है, खासकर पूजन-प्रार्थना के समय बेल्ट-पर्स आदि का उपयोग भी समाज के लोग नहीं करते हैं। वहीं, आज के सामूहिक सामायिक की फोटो खींचने की अनुमति नहीं थी।

भगवान आदिनाथ की पालकी: श्री दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड में रविवार को आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक मनाया गया और इसी के साथ भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव की विधिवत शुरुआत हुई। आज सुबह 7-30 बजे श्रीजी की विमान यात्रा निकाली गई, जो मालवीय रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर से निकलकर सदर बाजार जैन मंदिर होते हुए एडवर्ड रोड, आर.एस. शुक्ला रोड, चिकनी मंदिर, मालवीय रोड होते हुए दिगंबर जैन मंदिर पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। आदिनाथ जन्मकल्याणक के अवसर पर सुबह 8-30 बजे से मंदिर में पूजन-अभिषेक शुरू हुआ।

न्यू राजेंद्र नगर में नेत्र व फिजियोथेरेपी शिविर: वर्धमान महिला मंडल न्यू राजेंद्र नगर की ओर से आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण तथा फिजियोथेरेपी शिविर का कार्यक्रम मेघ सीता भवन वर्धमान जिनालय में किया गया, जिसमें करीब 150 लोगों ने अपना परीक्षण कराया।

शिविर में डॉक्टर आनंद सक्सेना की टीम ने नेत्र परीक्षण किया और नवकार फिजियोथेरेपी के डॉक्टर आकाश चोपड़ा ने सेवाएं दीं। इस दौरान वर्धमान महिला मंडल की संरक्षिका कुसुम बेगानी, अध्यक्ष सरिता पारख, रेखा पारख, अंजना सिंगी, सुषमा लोढ़ा, पुष्पा, मंजू, विमला गोलछा, कस्तूरी बाई, उर्मिला बाई आदि मौजूद रहीं।

पूर्व सीएम के आरोप पर गृहमंत्री शर्मा का पलटवार

भूपेश सरकार ने क्यों दी थी छठ पूजा की छुट्टी: डिप्टी सीएम

रायपुर /कवर्धा। छत्तीसगढ़ में बिहार दिवस मनाने को लेकर सियासी घमासान मच गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे राजनीति से प्रेरित कदम बताया। बघेल के आरोप पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के राज्यपाल भी 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ दिवस मनाते हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत ये सब कार्यक्रम किया जा रहा है। डिप्टी सीएम शर्मा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में जैसे बिहार तिहार मनाया गया वैसे बिहार में भी होगा. क्या काशी तमिल संगम हुआ तो अच्छा हुआ ना, अच्छा होने पर ऐसे कहते हैं! और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बिहार दिवस पर सवाल उठाने वाले खुद छठ पूजा पर प्रदेश भर में छुट्टी दी थी। जो छठ पूजा पर छुट्टी देते हैं, वे आज बिहार तिहार मनाने पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने उस समय क्यों दिया था? हम पूरे देश को एक मानते हैं, लेकिन हमारे लिए हमारा प्रदेश बड़ा है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के साथ काम करने वाले हैं।

बीजेपी को केवल चुनाव से मतलब : भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ में बिहार दिवस मनाए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में बिहार के बहुत सारे लोग रहते हैं। बिहार में चुनाव है, इसलिए उन्हें खुश करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम कर रहे हैं. इसका उद्देश्य राजनीति है. उन्होंने कहा कि पिछले साल क्यों नहीं मनाया ? सरकार तो बन गई थी. बीजेपी को केवल चुनाव से मतलब होता है।

भाजपा सरकार में आमदी नगर का होगा कायाकल्प : कविंद्र जैन

जनता की मांग को देंगे विशेष महत्व- ज्योति साहू

आमदी नगर पंचायत में हुआ होली मिलन एवं जनता का आभार

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने आमदी नगर पंचायत में होली मिलन एवं आभार कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमदी मंडल के चुनाव प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन ने कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों को होली की बधाई देते हुए कहा की पहली बार प्रचंड जीत जिसमे अध्यक्ष समेत 11 पार्षद की जीत दिला कर जनता ने जो आशीर्वाद दिया है उसके चलते हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। हमारा संकल्प है कि हम आमदी नगर का कायाकल्प करेंगे। भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार में विकास कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं होगी। सबको आवास, बेहतर सड़क, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेल सुविधाओं के साथ साथ युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए भी विशेष योजना बनाकर काम किया जाएगा। आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू, उपाध्यक्ष कोमल यादव सहित सभी पार्षद गणों ने जनता और कार्यकर्ता का आभार माना। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू ने जनता को भरोसा दिलाया कि नगर की आम जनता की मांगों का विशेष ख्याल रखते हुए काम करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। आमदी नगर के विकास के लिए सभी का सहयोग लेंगे।

आमदी मंडल अध्यक्ष अमन राव ने कहा की यह जीत जनता की जीत है जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया और ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में जो अहम भूमिका निभाई है वह सभी जेष्ठ श्रेष्ठ एवं देवतुल्य कार्यकर्त्ता के शक्ति का परिणाम बताया एवं कार्यक्रम को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमत माला पूर्व उपाध्यक्ष तेज राम साहू, नीलकंठ महमल्ला, ज्ञानेश्वर साहू ने भी संबोधित किया।

वनरक्षकों भर्ती में गड़बड़ी का मामला आया सामने

- **पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने की केंद्रीय जांच की मांग**
- **ननकीराम कंवर ने हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स वी. श्रीनिवास राव पर लगाए गंभीर आरोप**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में पुलिस भर्ती के बाद अब वनरक्षकों की भर्ती में भी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स वी. श्रीनिवास राव पर गंभीर आरोप लगाते हुए केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत के आधार पर केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार को पत्र लिखकर जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कंवर के पत्र पर केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने वन विभाग के प्रमुख सचिव को जांच कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि वन विभाग में पहले कभी इतना भ्रष्टाचार नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि वनरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताएं की गई हैं और कैम्पा योजना के तहत भी भारी भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने बताया कि वनरक्षकों के 1,500 पदों के लिए नवंबर 2024 से दिसंबर 2024 के बीच बालोद, सरगुजा, महासमुंद, जशपुर, कांकेर, रायगढ़, कोरिया, बीजापुर, कवर्धा, राजनांदगांव, कोण्डागांव, जगदलपुर, रायपुर, धमतरी, बिलासपुर और कोरबा में शारीरिक परीक्षा आयोजित की गई थी।

रायपुर आईटीएफ — फाइनल ड्रॉ में जगह बनाने के लिए खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स 2025 का शानदार आगाज

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज से जे30 रायपुर आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स 2025 की शुरुआत हो गई। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जूनियर टेनिस टूर्नामेंट रायपुर इंटरनेशनल टेनिस अकादमी, कृषक नगर में आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन हरिभूमि एवंआईएनएच 24इनटू7 के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें सचिव गुरुचरण सिंह होरा, उपाध्यक्ष अतुल शुक्ला, संयुक्त सचिव रुपेंद्र सिंह चौहान और सुशील बलानी शामिल थे। इस भव्य आयोजन में आईटीएफ पर्यवेक्षक प्रबीन कुमार नायक, सीएसटीए के सदस्यगण, टेनिस खिलाड़ी, कोच, अभिभावक और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में अतिथियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और इस टूर्नामेंट को छत्तीसगढ़ में टेनिस के विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया।

वहीं, छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस एसोसिएशन के सचिव गुरुचरण सिंह होरा ने आईटीएफ और एआईटीए के सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में टेनिस का स्तर लगातार ऊपर उठ रहा है और यह टूर्नामेंट इस दिशा में एक और मजबूत कदम है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह आयोजन भविष्य में और अधिक बड़े टूर्नामेंट की राह खोलेगा। आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स 2025 में बालक एकल अंडर-18 क्वालीफाइंग फाइनल राउंड के मुकाबले रोमांचक रहे। इन मैचों में खिलाड़ियों ने फाइनल ड्रॉ में जगह बनाने के लिए कड़ा संघर्ष किया।

युवा खिलाड़ियों के लिए सुनहरा मौका : द्विवेदी

उद्घाटन समारोह में डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा, इस तरह के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। ये न सिर्फ उन्हें प्रतियोगिता का अनुभव देते हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका भी मिलता है। छत्तीसगढ़ में इस आयोजन का होना प्रदेश के टेनिस खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर है।

गांजा के साथ दो महिला सहित चार गिरफ्तार

रायपुर। अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस ने दबिश देकर अवैध गांजा के साथ दो महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 33 किलो 954 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन के बगल एक्सप्रेस वे में आरोपी बृजेश निषाद 32 वर्ष, कमलेश निषाद व चंदा देवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से तीन ट्रॉली बैग में रखे 33 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने झंडा चौक पंडरी में दबिश देकर आरोपिया रईसा बेगम 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

न्यूज गैलरी

जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन (विशेष) आयोजन 25 मार्च को

कांकेर। जिला पंचायत की प्रथम सम्मिलन (विशेष) का आयोजन 25 मार्च को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि उक्त सम्मिलन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा कार्यभार ग्रहण किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़ के विधायक विक्रम उसेण्डी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी द्वारा प्रथम सम्मिलन की अध्यक्षता की जाएगी। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मण्डावी एवं जिला पंचायत की उपाध्यक्ष ताराबती ठाकुर सहित जिला पंचायत के सभी नवनिर्वाचित सदस्य और वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।

सिंध समाज ने शहीद हेमू कालाणी की मनाई जयंती

काँकेर । शहर के सिंधु समाज तथा सहयोगी संगठन ÷सुनहरे क़दम ÷ द्वारा 23 मार्च की शाम को स्थानीय गांधी चौक में अमर शहीद हेमू कालाणी की जन्म जयंती मनाई गई, जिसमें समाज के बुजुर्गों, सज्जनों ,महिलाओं एवं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया । उल्लेखनीय है कि सिंध के सरताज आज़ादी की लड़ाई के क्रांतिकारी हेमू कालाणी ने मात्र 19 वर्ष की आयु में अंग्रेज़ों के विरुद्ध क्रांति में भाग लिया था और हंसते हुए फांसी पर चढ़ गए थे । उनकी याद में सिंध समाज द्वारा प्रतिवर्ष उनका शहीदी दिवस तथा जन्मदिवस मनाया जाता है ।आज के कार्यक्रम में सर्वप्रथम अमर शहीद हेमू कालाणी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया, दीप प्रज्वलित किए गए । तत्पश्चात समाज के सज्जनों ने उनके जीवन पर प्रेरक वक्तव्य दिए।

अंडी जनपद सदस्य में उमेश ने मंडल अध्यक्ष को हराया

कांकेर । कांकेर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंडी में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी विशेष माहला ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी वीरू नायक को 138 वोटो से हराकर सरपंच बने। इसी जनपद सदस्य के चुनाव में भी कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी उमेश साहू ने मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू को हारते हुए जनपद सदस्य बने। इसी तरह अँडी के आसपास के गांव में भी भाजपा समर्थित प्रत्याशीयो को करारी शिकस्त देते हुए कांग्रेस समर्थित प्रत्याशीयो ने जीत दर्ज की है।सभी कांग्रेस प्रत्याशियों को मिली ऐतिहासिक जीत पर गांव के युवा झमित आकाश दिलीप राघवेंद्र सहित ग्रामीणों ने बधाइयां प्रेषित किया है।

दण्डाधिकारी जांच हेतु उपस्थित होने की सूचना

बीजापुर। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना पामेड़ क्षेत्रांतर्गत घटना 16 जनवरी 2025 को ग्राम तुमरेल के जंगल पहाड एवं तमिलभट्टी के मध्य हुए पुलिस नक्सली मुठभेड की घटना घटित हुई है। जिसमें पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग हुई। फायरिंग रूकने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए घटना स्थल का बारिकी से सर्च किया गया। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल पर 12 अज्ञात महिला-पुरुष माओवादी का शव मिला। 01 नग 303 रायफल, 03 नग बीजीएल लांचर, 04 नग भरमार बंदूक, 02 नग 303 का मैग्जीन, 10 नग 303 का जिन्दा राउण्ड, 04 नग 303 का मिस राउण्ड, 07 नग 12 बोर बंदूक का कारतूस, 01 नग देशी राकेट लॉन्चर, 15 नग देश बी.जी.एल. सेल. 11 नग एके-47 के खाली केश 02 नग एस.एल.आर के खाली केश 01 नग बड़ा टिफीन बम. 02 नग छोटा टिफीन बम, 11 नग बी.जी.एल. सेल, 22 नग डोटेनेटर खाली के 01 नग फिनो पेमेन्ट बैंक महीन, 05 नग मेकेनिजम, 07 बंडल बिजली वायर 04 नग सिविल बैग तथा नक्सल साहित्य एवं दैनिक अन्य उपयोगी वस्तुए बरामद की गई।

भाजपा शासन में रेत माफियाओं के हौसले बुलंद : तुलिका कर्मा

- भाजपा सिर्फ खनिज संसाधनों का दोहन करना जानती है
- विकास के नाम पर हमारे जल - जंगल - जमीन का विनाश कर रही है भाजपा

दंतेवाड़ा। भाजपा के सत्ता में काबिज होते ही दन्तेवाड़ा जिले का विकास रुक गया है और भाजपाई नेताओं के हौसले इतने बुलन्द है कि वे अपने निजी फायदे के लिए हर तरफ से क्षेत्र का विनाश करने की योजना बनाएं बैठे हैं। इसी मामले में जिलां पंचायत सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने बयान जारी कर भाजपाइयों पर आरोप लगाया है कि सत्ता के मद में चूर होकर वे सिर्फ हमारे जिले के संसाधनों का दोहन कर रहे है । तुलिका ने कहा कि भाजपा सरकार ने रेत माफ़िआओं को शह दे रखा है और वे जहां-तहां से रेत उत्खनन कर रहे है । इस कार्य मे कतिपय भाजपा नेता संलिप्त हैं। ताजा मामला दन्तेवाड़ा नगर में डंकनी नदी से अवैध तरीके से रेत को निकालने का है। जिस तरीके से रेत निकाला जा

रहा वह भाजपाइयों के दमनकारी चेहरे को उजागर करता है । यह अवैध उत्खनन और भंडारण कहीं दूर नहीं, बल्कि दन्तेवाड़ा जिला मुख्यालय के बीचों-बीच हो रहा है। इस अवैध उत्खनन से यह बात साबित होती है कि कैसे सत्ता का दुरुपयोग किया जा रहा है और इस मामले में खनिज विभाग की संलिप्तता भी जाहिर होती है । जिला मुख्यालय के मुक्तिधाम जैसी जगह में रातों-रात अगर रेत निकाल कर अन्य स्थानों पर भेजा जा रहा है, और खनिज विभाग के साथ ही प्रशासन मौन रहता है, तो इससे स्पष्ट होता है कि शासन से जुड़े लोगों का एक पूरा रैकेट इस कार्य मे लगा हुआ है । जिले में वर्तमान में रेत माफ़िआओं के हौसले बुलंद हैं। आसपास के कई स्थानों से जैसे डंकनी नदी हो या बालूद पंचायत से हर जगह से रेत माफ़िआओं का जोर चल रहा है । अवैध उत्खनन और भंडारण के बाद सारे खनिज जांच नाकाओं को अगर पार कर बेधड़क रेत बाहर भेजा जा रहा है, तो सारे मामले में खनिज विभाग की भूमिका भी संदिग्ध है। वहीं यह भी सोचने वाली बात है कि अगर कोई कमजोर व्यक्ति ट्रैक्टर जैसे साधन से निजी उपयोग के लिए रेत ले जाता पकड़ा जाता है, तो उस पर भारी जुर्माना से लेकर गाड़ी राजसात करने की कार्रवाई होती है। लेकिन जिला मुख्यालय के बीचों-बीच डंकनी नदी से मशीनों की मदद से रात भर रेत निकालकर एनएच किनारे मुक्तिधाम में भारी मात्रा में डंप किया जाता है और टिप्परों से दिन दहाड़े उसकी बाहर ढुलाई होती है, तब उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। नियमों को ताक पर रखकर डंकनी एनीकट के ठीक नीचे रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है, जबकि किसी भी एनीकट के 100 मीटर के दायरे में रेत खदान नहीं बनाया जा सकता है।

तुलिका कर्मा ने आगे कहा कि क्षेत्र का विनाश करने में भाजपाई हमेशा ही आगे रहे है, कभी रेत माफ़िआ बन कर तो कभी माइनिंग माफ़िआ बन कर । भाजपा के सत्ता में आते ही आये दिन किरन्दुल बचेली से लौह तस्करों की खबरे भी आती रहती हैं, पर कभी कोई कार्यवाही नहीं होती है।

निर्माणकार्य की धीमी गति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

- कलेक्टर की अधिकारियों को दो टूक कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों के तहत निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में की। पिछले कुछ वर्षों से कतिपय लंबित एवं अपूर्ण निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कहा कि बार-बार समीक्षा करने के उपरांत भी निर्माण कार्यों में समुचित प्रगति नहीं आई है, जो अत्यंत खेदजनक है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि सभी अपूर्ण एवं लंबित कार्यों का निष्पादन समयबद्ध तरीके से गम्भीरतापूर्वक करें, अन्यथा संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि राजस्व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कृषि खाद्य स्वास्थ्य और पुलिस विभाग में लंबित प्रकरणों में संबंधित अधिकारी तेजी लाएं। साथ ही शासन की मंशानुरूप माओवाद प्रभावित क्षेत्र के चयनित ग्रामों के ग्रामीणों को लाभान्वित करें। इसी तरह आंगनबाड़ी भवन निर्माण तथा शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के भवन निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कर पूर्णता एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र अविलंब प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित कार्य एजेंसी को दिए। बताया गया कि पीडीएस के 103 स्वीकृत में 26 कार्य अपूर्ण है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों को शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु किश्त की राशि नियमानुसार जारी करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी को दिए। सीईओ मंडावी ने बताया कि योजनांतर्गत जिले में 38043 आवास निर्माण का लक्ष्य है, जिसके विरूद्ध 26688 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं तथा निर्माण स्तर के आधार पर हितग्राहियों को किश्तों में राशि जारी की जा रही है। इसके लिए जनपद पंचायत सीईओ की सतत बैठक लेकर तेजी लाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत छूटे हुए हितग्राहियों को दायरे में शामिल करने के उद्देश्य से 'आवास प्लस' के तहत सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 3177 हितग्राहियों का सर्वे पूर्ण हो चुका है तथा 733 का ऑनलाइन के माध्यम से (सेल्फ सर्वे) किया जा चुका है।बैठक में कलेक्टर ने इसके अलावा सामाजिक अंकेक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शौचालय निर्माण, पीएम जनमन, डीएमएफ एवं जिला निर्माण समिति के अधीन स्वीकृत कार्यों की प्रगति, पोषण पुनर्वास केन्द्रों में बेड ऑक्यूपेंसी, राष्ट्रीय अंधत्व निवारण अभियान, आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएमश्री स्कूल योजना सहित राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए जमीनी स्तर पर योजनाओं को क्रियान्वित करने और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने विभागवार एवं अनुभागवार लंबित प्रकरणों की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही पीएम एवं सीएम पोर्टल व पीजीएन की साइट में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए तत्काल निराकृत करने, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों तथा कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, बी.एस. उईके, जितेन्द्र कुमार कुर्रे एवं अनुविभागीय अधिकारीगण और विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुख मौजूद रहे।

कलेक्टर ने क्षय नियंत्रण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

समय-सीमा बैठक के उपरांत कलेक्टर क्षीरसागर ने क्षय उन्मूलन दिवस के अवसर पर क्षय नियंत्रण रथ को हरी झंडी दिखाकर कलेक्टोरेट परिसर से रवाना किया।

हादसों को रोकने नेशनल हाईवे 30 पर लगाया रेडियम पट्टी स्टॉपर

- हादसों में कमी लाने दिन भर जुटी रही यातायात पुलिस

कांकेर । शहर सहित बायपास सड़क पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओ को रोकने पुलिस के आला अधिकारियों ने बायपास सड़क से लेकर नेशनल हाईवे 30 पर यातायात पुलिस प्रभारी दीपक कुमार साव परिवहन अधिकारी ऋषभ नायडू नेशनल हाईवे एसडीओ ने हादसे वाले मार्गो का निरीक्षण कर अफसरों को अपनी रिपोर्ट सौंपी।

रिपोर्ट के बाद पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने -रोड एक्सीडेंट मे कमी लाने हेतु ऑफिसर्स मेस से चारामा तक रोड मे सोलर ब्लीनकर पेड़ों पर रेडियम पट्टी और डिवाइडर मे स्टॉपर लगाने निर्देश दिया। जिससे सड़क पर हो रही दुर्घटनाओ को रोका जा सके।

यातायात पुलिस प्रभारी दीपक कुमार साव सहित यातायात पुलिस टीम ने सिंगारभाठ पुलिस ऑफिसर्स मेस से लेकर बायपास सड़क मार्ग नाथियानवागांव मार्ग सहित चारामा मार्ग के एक्सीडेंट जोन पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए स्टॉपर रेडियम पट्टी लगाया गया।

यातायात प्रभारी दीपक कुमार साव ने बताया कि आए दिन शहर सहित बायपास सड़क मार्ग पर हो रहे हादसों को रोकने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एक्सीडेंट जोन को चिन्हाकित कर स्टॉपर रेडियम पट्टी लगाकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है।इसके बाद हादसों में कमी आने की उम्मीद है।

प्राचीन मेलाभाठा तालाब सौंदर्यीकरण का नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

- शहर के विकास की गति को करेंगे तेज़ अधूरे कार्य जल्द होंगे पूरे : कौशिक

कांकेर/नवप्रदेश। नगर के साथ साथ सम्पूर्ण कांकेर विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने वाले कांकेर के लोकप्रिय विधायक आशाराम नेताम के प्रयास से आज मेलाभाटा स्थित कंकाली तालाब का करोड़ों रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण गहरीकरण व सफाई हेतु कांकेर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक जिला भाजपा महामंत्री दिलीप जायसवाल,कांकेर नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव मण्डल अध्यक्ष दिनेश रजक एवं वार्ड पार्षद मंजू सारथी के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया।इससे पूर्व कांकेर रियासत के राजकुमार अश्वनी कुमार व राज परिवार के पुजारी क्षेत्र के गायता पुजारी बैगा द्वारा तालाब किनारे स्थित देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर तालाब गहरीकरण व सौंदर्यीकरण की अनुमति मांगी गई।नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि आने वाले समय में हमारे कांकेर शहर के ह्रदय स्थल पर नगर वासियों के मनोरंजन एवं पर्यटन के दृष्टिकोण से बहुत अच्छी जगह बनने जा रहीं है, जिसके लिए

कांकेर विधायक आशाराम नेताम व प्रदेश की भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि नगर को संवारने का जिम्मा जनप्रतिनिधियों की होती है जिसे हम पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे।इस अवसर पर राजेन्द्र गौर, विवेक परते, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, विवेक परते, धनेंद्र ठाकुर, नारायण चंदेल, अनुराग उपाध्याय सहित वार्डवासी उपस्थित रहे ।

सिविक एक्शन कार्यक्रम में ग्रामीणों को मिला जरूरत के सामान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश ।। सी0आर0पी0एफ0 111 वीं वाहीनी ने रेंगानार कैम्प में जरूरतमन्दो को और बच्चों को बाँटी साईकल, कम्बल, साड़ी, लुन्गी, चप्पल, पानी के सिंटेक्स, कृषि उपकरण, एल.ई.डी. टेलीविजन और दवाईयों।

सी0आर0पी0एफ0 111 वीं वाहिनी की एफ समवाय द्वारा रेंगानार कैम्प में सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत स्थानीय ग्रामवासियों को साईकल, कम्बल, साड़ी, लुन्गी, चप्पल, पानी के सिंटेक्स, कृषि उपकरण, एल.ई.डी. टेलीविजन बॉटी गई साथ ही ग्रामवासियों के लिए मेडिकल कैम्प लगाकर 111 वी0 वाहिनी के डॉ. विनोद कुमार, मेडिकल ऑफिसर द्वारा जरुरतमन्द मरीजों की जाँच की गई तथा उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श के साथ साथ आवश्यकता अनुसार दवाई भी दी गयी। 111 वीं वाहिनी के श्री नीरज यादव, कमाण्डेन्ट के मार्गदर्शन

में श्री विवेक कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, 111 वीं वाहिनी की उपस्थिति में यह कार्यकम दिनांक 24/03/2024 को ग्राम रेंगानार स्थित एफ/ 111 वीं वाहिनी के कैम्प के प्रांगण में आयोजन किया गया। इस कार्यकम में रेंगानार, मसेनार, गंजेनार, धनिकारका, गडमिरी पंचायत के ग्रामवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में ग्राम वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन लगातार करने संबंधी अनुरोध भी किया। लोगों का मार्गदर्शन करते हुये श्री विवेक कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, 111 वीं वाहीनी के0रि0पु0बल द्वारा बताया गया कि आने वाले महीनों में भी लगातार सिविक एक्शन कार्यक्रम किये जाने है और साथ-साथ विभिन्न स्व-रोजगार हेतु प्रशिक्षण भी दिये जाने है जिसका जरूरतमंद अधिक से अधिक लाभ ले सकते है। इस कार्यक्रम में रेंगानार ग्राम के पंचायत एंव अन्य गणमान्य नागरिक व स्कूली बच्चों ने भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

पेज 1 शेष

मेरा छत्तीसगढ़ से गहरा...

की तारीफ करते हुए कहा कि यहां कभी मार्शल का उपयोग नहीं किया गया, जो अन्य विधानसभाओं के लिए एक मिसाल है। उन्होंने उस नियम का भी जिक्र किया, जिसमें सदस्यों के वेल में प्रवेश करने पर स्वचालित निलंबन का प्रावधान है।

सांस्कृतिक संबंधों का किया जिक्र: अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों की भी बात की। उन्होंने कहा, हम रायपुर को ओडिशा का हिस्सा मानते हैं। भगवान जगन्नाथ केवल ओडिशा के नहीं, बल्कि सभी के भगवान हैं। छत्तीसगढ़ से मेरा विशेष संबंध रहा है। राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक संपदाओं और औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर बात करते हुए कहा कि यह राज्य सीमेंट, खनिज और प्राकृतिक संसाधनों में समृद्ध है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है।

विद्वता और धैर्यता हम...

में भारत के राष्ट्रपति मुर्मू का आगमन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए व्यक्तिगत उपलब्धि है कि राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगमन के तीनों अवसर पर साक्षी रहा। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में और सीएम साय के नेतृत्व में विकास के नए कीर्तिमानों को छूने की दिशा में हमारा छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

हम सभी भारत और...

संबोधित करते हुए कहा कि आपने विभिन्न पदों पर रहकर देश की सेवा की है। हम आज आपको सुनेंगे और आपके अनुभव का लाभ लेंगे। हम सभी विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के लिए कटिबद्ध हैं।

आपके गृहग्राम उड़ीसा से...

जाता है। जिसे विष्णुभोग कहा जाता है। हमारे राज्य को कौशल्या प्रदेश के नाम से जाना जाता है। हमारा भगवान राम से भी बहुत पुराना नाता है। आपका और हमारा आत्मीय संबंध है हमारे अध्यक्ष महोदय के प्रयास से आपका आगमन हुआ है। जिसके लिए हम धन्यवाद देते है। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए हम सब एकजुट है। आपके बताए मार्ग पर राज्य का और विकास होगा।

मेहनत एवं स्मार्टवर्क..

के कप्तान है और उनके साथ खेलकर इस सीजन में काफी मज़ा आने वाला है और मैं काफी उत्साहित हूं।

सवाल - फ्रेंचाइजी ने आप पर भरोसा जताया आपकी तैयारी कैसी है और टीम को किस मुकाम पर देखना चाहते है ?

जवाब - मुख्य गोल तो टीम के लिए ट्रॉफी जीतना है और व्यक्तिगत तौर पर मैंने अपने लिए कुछ तय नही किया है बस मेरी सोच यही है कि मैं ज्यादा से ज्यादा टीम की जीत में अपना योगदान दे सकू चाहे वह 20 रन,50 रन या 100 रनों का हो पर टीम की जीत में मेरा महत्वपूर्ण योगदान हो ।

सवाल - पिछले सीजन में अच्छे प्रदर्शन के बाद शशांक सिंह में क्या बदलाव आया है और क्या कुछ नया घटा है ?

जवाब - लोग मुझे अब जानने लगे है फैंस बन गए है और जब आप अच्छा करते है तो फैंस के चेहरे में खुशी झलकती है और जब हम उनके बीच जाते है तो हर कोई आपसे आपके प्रदर्शन पर बात करता है आपको अपने बीच पाकर गौरवान्वित महसूस करता है ये सब चीज़े अच्छा महसूस कराती है और यह भी एहसास कराती है कि मैंने अच्छा किया तो सभी खुश है और इस वर्ष भी और अधिक अच्छा करके उनकी खुशियो को दुगुना करना है यह सोच है मेरी ।

सवाल - जब क्रिकेटर और किसी खिलाड़ी को लाइमलाइट मिलती है तो उसे किस तरह मैनेज करना चाहिए या सम्हालना चाहिए आपकी क्या राय है इसमे ?

जवाब - लाइफ में बैलेंस बनाना जरूरी है मेरी सोच हमेशा से रही है कि जब मैदान में रहूं तो खेल के बारे में सोचू और जब आप खेल नही रहे होते तो परिवार और सोशल लाइफ में भी रहना जरूरी होता है आप किसी एक तरफ हमेशा शामिल नही रह सकते वो बैलेंस सब तरफ होना जरूरी है । यही सवाल पहले मैं सूर्या भाई(सूर्यकुमार यादव) और अजिंक्य भाई (अजिंक्य रहाणे) से भी पूछता था तो उनका भी यही कहना होता था कि प्रोफेशनल एवं पर्सनल लाइफ में बैलेंस जरूरी है।

सवाल - आप अपने अनुभव से युवा खिलाड़ियों को क्या सीख देना चाहेंगे ?

जवाब - सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बात आपका खुद में विश्वास होना जरूरी है साथ ही आप जिस कार्य को कर रहे उसे पूरी ईमानदारी और मेहनत से करें,जीवन मे कोई शॉर्टकट नही होता । जब आप कुछ अच्छा एवं बड़ा करना चाह रहे तो आपमें सब्र होना बहुत जरूरी है क्योंकि आज के समय कोई सब्र से कार्य नही करना चाहता सबको जल्दी परिणाम चाहिए जो संभव नही है और आज का समय स्मार्टवर्क का समय है मेहनत के साथ स्मार्टवर्किंग की कला भी आपको आनी चाहिए।

कर्नाटक में सरकारी..

(संशोधन) विधेयक 2024 को सदन में चर्चा के लिए पेश करने के लिए कहा लेकिन कांग्रेस सदस्य कर्नाटक में मुस्लिमों को सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण दिये जाने के मुद्दे को सत्ता पक्ष द्वारा उठाये जाने पर जोरदार हंगामा शुरू दिया। इस पर हरिवंश ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले दोपहर दो बजे स्थगन के बाद कार्यवाही शुरू होने पर आवश्यक दस्तावेज सदन पटल पर रखे गये। इसके बाद उप सभापति हरिवंश ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अपनी बात रखने के लिए कहा। खड़गे ने कहा कि सत्ता पक्ष के मंत्री किरन रिजिजू ने कांग्रेस द्वारा संविधान बदलने की बात कही। यह बात सदन के नेता भी कहा जबकि कर्नाटक के मंत्री ने ऐसी कोई बात नहीं कही है।

न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)

उद्घोषणा

प्रकरण क्र. अ-20(1)/2024-2025

पक्षकार- गिरिश शुक्ला, प्रदेश प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी मुंगेली,
निवासी पुराना बस स्टैण्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली(छ.ग.) ---- आवेदक

विरुद्ध

छ.ग. शासन ---- अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण/अनावेदक ग्राम/मोहल्ला करही मुंगेली, जिला मुगंली को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरिश शुक्ला प्रदेश प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा मुंगेली पुराना बस स्टैण्ड बस स्टैण्ड स्थित नजूल भूमि शीट नं. 38 सी, प्लाट नं. 8/1 में से क्षेत्रफल 368 वर्गमीटर नजूल भूमि को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय हेतु आबंटित किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि के संबंध में नजूल भूमि आबंटन प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में यदि किसी संस्था या कोई वाद भूमि पर हक रखने वाले कोई आपत्ति हो तो बे अपना आपत्ति दिनांक 26.03.2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अपना अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 10.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

■ न्यूज़ गैलरी

कटघोरा दुर्गा मंदिर में अज्ञात महिला का शव मिला

कोरबा । कोरबा जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र स्थित दुर्गा मंदिर में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डॉग स्क्वायड टीम के साथ जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है, लेकिन पुलिस हर संभव एंगल से मामले की जांच कर रही है। शव की शिनाख्त करने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

अखबार वितरक संघ ने कृष्णा गौण शास्त्री को किया सम्मानित

कोरबा । आरएसएस नगर में कपिलेश्वर नाथ महिला मंडल सेवा समिति द्वारा श्रीमद् भागवत कथा आयोजन करा रहे जिसमें छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने प्रसिद्ध कथा वाचक कृष्णा गौड़ शास्त्री जी को उनका मनमोहक चित्र सप्रेम भेंट किया। यह समारोह कपिलेश्वर महादेव के पवन सान्निध्य में आयोजित किया गया था, जहां बृंदावन से पधारे भागवत के परम विद्वान भागवत किडकर कृष्ण शास्त्री (ब्रजवासी) महाराज ने कथा का वाचन किया। कथा के पांचवें दिन, भगवान की बाल लीलाओं को श्रवण किया गया महाराज ने बताया कि भगवान ने गोपियों के मनोभावों को जानकर घर-घर में माखन चोरी की। कथा के माध्यम से गोवर्धन पूजा और मानसिक परिक्रमा लगाकर सभी भक्त आनंद से सराबोर हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव जय सिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, प्रवक्ता अनिल गिरी और भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कथा वाचक कृष्णा गौड़ शास्त्री को सम्मानित करने के लिए छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के सदस्यों ने उनका फोटो सप्रेम भेंट किया। यह समारोह एक सुंदर और भावपूर्ण आयोजन था, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने भगवान की कथा का आनंद लिया और कथा वाचक कृष्णा गौड़ शास्त्री जी को सम्मानित किया। इस अवसर पर व्यास जी महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे और यह समारोह एक सुंदर और भावपूर्ण आयोजन था, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने भगवान की कथा का आनंद लिया और कथा वाचक कृष्णा गौड़ शास्त्री को सम्मानित किया।

शादी के सपने संजोए, लड़की देखकर वापस लौट रहे युवक समेत 3 की मौत

बलरामपुर। जिले में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. ताजा मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के चिरई घाट का है, जहां एक अज्ञात तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी. हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है.

प्रोफेसर भर्ती प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

बिलासपुर-रायपुर। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में यूजीसी के नियमों को दरकिनार कर प्रोफेसर की भर्ती का मामला सामने आया है। हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के बाद नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। साथ ही, मामले में यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने प्रोफेसर (कॉमर्स) के पद पर नियुक्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। डा. राजेश कुमार शुक्ला ने भी भर्ती के लिए आवेदन किया। उन्होंने अपने वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें बताया गया कि भर्ती प्रक्रिया में यूजीसी रेगुलेशन 2018 का उल्लंघन किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने योग्यता नहीं रखने वाले उम्मीदवारों के आवेदन का त्रुटिपूर्ण सत्यापन किया है। साथ ही, उन्हें साक्षात्कार के लिए योग्य घोषित कर दिया है, जो नियमों के खिलाफहै। याचिका में बताया गया है कि प्राध्यापक पद के लिए यूजीसी रेगुलेशन 2018 में स्पष्ट नियम निर्धारित है। इसके अनुसार असिस्टेंट प्रोफेसर या एसोसिएट प्रोफेसर प्रोफेसर पद के लिए आवेदन तभी मान्य होगा, जब उसका कुल मासिक वेतन 7वें वेतनमान में नियुक्त सहायक प्राध्यापक या सह-प्राध्यापक के वेतन से कम न हो। वर्तमान में 7वें वेतनमान के अनुसार सहायक प्राध्यापक का कुल वेतन 1,30,000/- रुपए से अधिक होना चाहिए। सत्यापन के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (आइटीआर) या फार्म-16 की जांच आवश्यक है। याचिका के अनुसार अगर कोई आवेदक निजी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय से है, तो उसका शैक्षणिक अनुभव तभी मान्य होगा जब उसकी नियुक्ति संवैधानिक चयन समिति के माध्यम से हुई हो।

इंजीनियर की नौकरी छोड़ गौरव ने डेयरी को अपनाया, दूसरों को दिया रोजगार

कोरबा /नवप्रदेश। रोजगार के मामले में दूसरों पर निर्भरता में कई प्रकार की परेशानियां होती हैं और स्वतंत्रता की कमी भी महसूस होती है। कई प्रकार की झंझट अलग से पेश आती है। इसलिए पावर सिटी कोरबा के गौरव यादव ने सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल की अच्छी खासी वेतन वाली नौकरी को किनारे कर दिया। अब उन्होंने डेयरी फार्मिंग को चुना, और इसके जरिये हर महीने अच्छी आमदनी कर रहे हैं।उनकी सफलता ने दूसरे युवाओं को इस तरफ बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। कंप्यूटर साइंस में मास्टर डिग्री करने के बाद गौरव दक्षिण भारत के साइबर सिटी हैदराबाद चले गए। उम्मीद थी कि कंप्यूटर की अच्छी डिग्री होने और

सॉफ्टवेयर इंजीनियर के जरिए वे बेहतर विकल्प प्राप्त कर सकेंगे लेकिन ऐसा हुआ नहीं । उन्हें रोजगार मिला तो भी केवल 45,000 रुपये महीने की आमदनी हो रही थी । लेकिन समस्याएं अलग-अलग प्रकार की थी और लगातार ऐसे पचड़े बढ़ते जा रहे थे। असंतुष्ट होकर उन्होंने कुछ दिनों में अपनी मानसिकता बदली। अपने गृहजिले की ओर रुख करने एवं कुछ नया करने का सोचा।

उनके घर में पहले से ही 4 गायें थीं, जिनसे उन्होंने डेयरी फार्मिंग की शुरुआत की। वर्तमान स्थिति में गौरव के पास देसी और विदेशी नस्ल की कुल 42 गायें हैं। इन गायों के दूध से वे हर महीने लगभग 1 लाख 80 हजार रुपये कमा रहे हैं।यह उनकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है।

शुरुआत में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा

गौरव ने बताया कि उन्हें नौकरी में सीमित आय महसूस हो रही थी। इसलिए उन्होंने डेयरी फार्मिंग का बिजनेस शुरू करना तय किया। शुरुआत में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। गौरव डेयरी फार्मिंग में आने वाले युवाओं को संयम रखने की सलाह देते हैं।उनका मानना है कि इस बिजनेस को शुरू करने वाले युवाओं को कम से कम 2 साल तक मुनाफे की चिंता नहीं करनी चाहिए। पहले गायों की सेवा करें और उन्हें समझें. 2 साल बाद बिजनेस स्थिर हो जाएगा और आपको खर्च और बचत का अंदाजा होने लगेगा। गौरव यादव की कहानी युवाओं के लिए एक प्रेरणा है जो कुछ अलग करना चाहते हैं. उन्होंने साबित किया है कि अगर लगन और मेहनत से काम किया जाए तो किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है।उनकी सफलता से यह भी पता चलता है कि खेती-किसानी और डेयरी फार्मिंग आज भी एक आकर्षक और लाभदायक व्यवसाय हो सकता है।

थार के बाद बोलेरो चालक ने मचाया उत्पात

कोरबा । कोरबा में थार के बाद एक बोलेरो गाड़ी के चालक ने जमकर उत्पात मचाया। कई बाइक सवारों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने दुर्घटनाकारित वाहन को जब्त कर लिया है।जानकारी के मुताबिक बुधवारी बाजार साइड से आ रही तेज रफ्तार बोलेरा वाहन क्रमांक (सीजी 12 बीजे 8333) के चालक ने बाइक सवार दो युवक को ठोकर मार दी और घंटाघर की ओर से मानिकपुर की ओर भागने लगा। इसी बीच जहां सुभाष ब्लॉक ऐसीसीएल कोलियरी मस्जिद के सामने फिर एक बाइक चालक युवकों को ठोकर मार दिया। हादसे में बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया।

गौरवगाथा को विस्तार करने और शोध संस्थान बनाने केबिनेट मंत्री ने दिलाया भरोसा

देश भर से आए प्रतिनिधियों ने कल्चुरियों की राजधानी तुमान पहुंच कर देखी अपनी विरासत

कोरबा/ नवप्रदेश। कोरबा जिले के कटघोरा गोकुलधाम में दो दिवसीय कल्चुरी कालीन इतिहास व पुरातत्व शोध संगोष्ठी में पहुंचे छत्तीसगढ़ व अन्य प्रदेश के प्रतिनिधियों ने दूसरे दिन कल्चुरी राजवंश की प्रथम राजधानी तुमान पहुंच कर एएसआई के द्वारा संरक्षित स्थल पर अधिकारियों के साथ भ्रमण कर और वहां उपलब्ध प्राचीन स्मारकों और शिव मंदिर का दर्शन किया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने संगोष्ठी के दूसरे दिन डॉ. राममनोहर लोहिया फैजाबाद पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय व नालंदा विश्वविद्यालय सहित बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर गुलाब चंद राम जायसवाल सहित 100 से भी अधिक प्रतिनिधियों के साथ तुमान का ऐतिहासिक स्थल पहुंच कर भ्रमण किया जिनमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, उड़ीसा और महाराष्ट्र के प्रतिनिधियों ने वहां पर उपलब्ध प्राचीन स्मारकों सहित कल्चुरी राजवंश के द्वारा निर्मित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की और अवशेषों का अवलोकन कर तुमान में पेड़ की छांव में चौपाल लगाकर वहां पर उपस्थित अधिकारियों व ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधियों से विस्तृत जानकारी ली। कार्यक्रम के संयोजक व अध्यक्ष कान्तेय जायसवाल के द्वारा विगत एक वर्ष से भी अधिक समय से कार्यक्रम की तैयारी व रूपरेखा को अंजाम दिया जा रहा था। जिसके तहत दो दिवसीय आयोजन कटघोरा में किया गया जिसमें उन्होंने विस्तार से कल्चुरी राजवंश के इतिहास की जानकारी उपस्थित प्रतिनिधियों को दी। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने संगोष्ठी के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश भर से आए प्रतिनिधियों से विचार विमर्श के बाद अनेक मुद्दों पर निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तौर पर यह तय किया गया है कि कल्चुरी राजवंश सहित इतिहास में जिन-जिन गौरवशाली परंपराओं को उल्लेखित करने में विलंब किया गया है उसे पाठ्यपुस्तकों के अलावा आम जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही कल्चुरी राजवंश शोध संस्थान का गठन करने की दिशा में नियमानुसार कार्य करने का भरोसा दिलाया। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में कल्चुरी राजवंश के अतुलनीय योगदान पर भी विस्तृत चर्चा की गई है। संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. विनोद कुमार जायसवाल असिस्टेंट प्रोफेसर बीएचयू ने कल्चुरी राजवंश का उदय और उत्कर्ष, डॉ. केपी वर्मा पूर्व संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व, कल्चुरीकालीन कला एवं स्थापत्य के अलावा डायरेक्टर खाद्य राजू जायसवाल, संजय त्रिपाठी एसडीओ वन के द्वारा प्रस्तुत पुस्तक पर परिचर्चा और मीडिया संवाद धनवेन्द्र जायसवाल, बालीवुड मुंबई से आए मुकेश चौकसे के द्वारा तैयार किए जाने वाले डाक्युमेंट्री फिल्म पर विस्तार से चर्चा का आयोजन किया गया।

समापन समारोह के बाद प्रदेश भर से आए प्रतिनिधियों के अलावा आयोजन में प्रमुख भूमिका का निर्वहन करने वाले लोगों को मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल व कार्यक्रम संयोजक कान्तेय जायसवाल के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर विनोद जायसवाल द्वारा किया गया। नगर पालिका कटघोरा के अध्यक्ष राज जायसवाल, सर्ववर्गीय जायसवाल सभा के अध्यक्ष रामगोपाल डिक्सेना, है है क्षत्रिय कल्चुरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज राय, एकात्म कलार युवा मंच के अध्यक्ष किशन साव, संरक्षक शरद कौशिक, प्रगतिशील जायसवाल कन्जौ कलार समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल सहित सर्ववर्गीय जायसवाल व कलार, कल्चुरी समाज के प्रतिनिधियों ने दो दिवसीय आयोजन में पहुंचे स्वजातीय बंधुओं का आत्मीय स्वागत किया। केबिनेट मंत्री ने तुमान में संग्रहालय को विकसित करने और ऐतिहासिक धरोहर को संजोकर रखने के अलावा पहुंच मार्ग का निर्माण कराने की दिशा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया।

आकाशीय बिजली की चपेट में आकर 5 घायल

उपचार के दौरान दो की मौत

कोरबा/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में आकाशीय बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं इस घटना में 3 अन्य लोग घायल हो गए। बताया जा रहा सभी बकरा भात कार्यक्रम में शामिल होने गए थे, लौटते वक्त यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिजली पेड़ पर गिरी, उसके नीचे बारिश से बचने के लिए खड़े हो गए 5 लोग बिजली की चपेट में आ गए।

बांगो थाना क्षेत्र के कोसगाई ग्राम की घटना है। कार्यक्रम खत्म होने के बाद अचानक तेज आंधी- तूफान और बारिश शुरू हो गई। तूफान और बिजली चमकने के दौरान सभी लोग गाड़ियों की तरफ भाग रहे थे। इनमें से 6 लोग एक पेड़ के नीचे पानी से बचने के लिए रुक गए। इसी दौरान यह हादसा हुआ।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंच गई थी। घायलों को कोरबा के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां तीन लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शी फूल सिंह यादव के मुताबिक, सोनगुड़ा के यादव परिवार ने कोसगाई ग्राम में बकरा भात कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस दौरान 50- 60 लोग शामिल होने पहुंचे थे। घटना के समय पेड़ के नीचे 5 लोग थे।

मृतकों की पहचान शिव कुमार (27) और नंद लाल यादव (35) के रूप में हुई है। शिव कुमार कोरिया घाट अजगरबहार का निवासी था, जबकि नंदलाल सोनगुड़ा में रहता था। कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोसगई दाई मंदिर को श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र माना जाता है। इस हादसे के बाद मंदिर के आसपास के गांवों में डर और चिंता का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में पहले भी आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इतनी बड़ी दुर्घटना पहली बार हुई है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे में दो व्यक्ति की मौत हो चुकी है, जबकि तीन अन्य घायल हैं। सभी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बारिश के दौरान खुले मैदान और ऊंचे पेड़ों से दूर रहें ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 को बिलासपुर सभा को लेकर जिले के जनप्रतिनिधियों की बैठक

कोरबा ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिलासपुर यात्रा के मद्देनजर जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की अध्यक्षता में इस बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकायों और त्रि स्तरीय पंचायत पदाधिकारियों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

प्रधानमंत्री की यात्रा पर विस्तृत चर्चा-बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिलासपुर यात्रा की तैयारियों और जनसभा आयोजन को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। जनप्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक यात्रा को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों पर चर्चा की और जिले से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

जनप्रतिनिधियों ने जताई उत्सुकता-बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री की यात्रा को छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की उपस्थिति से प्रदेश में नई योजनाओं और विकास कार्यों को गति मिलेगी।

संगठनात्मक रणनीति और जनजागरण अभियान पर जोर-बैठक में जिले के सभी नगरपालिकाओं, नगर निगम और जनपद व जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष भी मौजूद थे। उन्होंने संगठनात्मक रणनीति तैयार करते हुए जनजागरण अभियान चलाने और आम जनता को प्रधानमंत्री की सभा से जोड़ने का संकल्प लिया।

राज्य सरकार के पुर्नवास नीति का आत्मसमर्पित नक्सलियों ने की प्रशंसा : डिप्टी सीएम शर्मा

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के सबसे सुदूर क्षेत्र तेलंगाना के सीमा से लगे पामेड़ सहित पालागुड़ा, मारूड़बाका, भैरमगढ़ के 28 आत्मसमर्पित नक्सलियों को कौशल विकास के तहत राजमिस्त्री एवं अन्य प्रशिक्षण प्रदाय कराया जा रहा है। विगत तीन माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का स्वागत भारत माता की जय घोष करते हुए किया। इस अवसर पर आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उपमुख्यमंत्री से सीधा संवाद करते हुए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की जिसमें रामलू भंडारी, अर्जुन मड़काम, सोमारू माड़वी, सुखराम हेमला सहित अन्य साथियों ने छत्तीसगढ़ सरकार के पुनर्वास नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले के नक्सल संगठन का जीवन एक भटका हुआ और गुमराह से भरा जीवन था। उस खोखली विचारधारा को त्याग कर समाज के मुख्यधारा से जुड़कर बहुत ही बेहतर जीवन मिला लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की जानकारी के अभाव में हम रास्ता भटक गए थे किन्तु शासन के पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण कर एक बेहतर जीवन जी रहे हैं। आज शासन-प्रशासन द्वारा हमें कौशल विकास के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे हम आत्मनिर्भर बनकर समाज के मुख्यधारा में शामिल हो सके। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उनके अनुभवों को गंभीरतापूर्वक सुना और आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता सहित सभी प्रकार आवश्यक दस्तावेज पुनर्वास केन्द्र में ही बनवाकर केन्द्र और राज्य शासन के समस्त योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने। वहीं पुनर्वास केन्द्र में उनके दैनिक दिनचर्या से अवगत होकर प्रार्थना, पूजा-अर्चना को शामिल कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने आवश्यक पहल करने, एक्सपोजर विजिट कराकर बाहरी दुनिया का भ्रमण कराने रायपुर, जगदलपुर जैसे शहर ले जाने के निर्देश दिए।

नवसाक्षर बनने शामिल हुए महापरीक्षा में शिक्षार्थी जिले के 1092 केंद्रों में आयोजित हुई परीक्षा

■ आगामी सितम्बर माह में पुनः होगी परीक्षा, छूटे हुए असफल शिक्षार्थियों को मिलेगा अवसर

रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में केंद्र प्रवर्तित योजना के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत आज जिले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा का आयोजन हुआ। शिक्षार्थियों की सुलभ पहुंच को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 1092 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें 18770 शिक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित करने का लक्ष्य प्रदान किया गया था। शाम 4 बजे तक की विकासखण्डों से प्राप्त रिपोर्टिंग अनुसार जिले में कुल 15,478 शिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें विकासखंड धरमजयगढ़ में 1259 पुरुष, एवं 3158 महिला, घरघोड़ा में 113 पुरुष एवं 1015 महिला, खरसिया में 323 पुरुष एवं 1207 महिला, लैलूंगा में 646 पुरुष एवं 1584 महिला, पुसौर 2128 पुरुष एवं 681 महिला, रायगढ़ में 502 पुरुष एवं 1775 महिला तथा तमनार 76 पुरुष एवं 1011 महिला इस तरह जिले में शाम 04 बजे की रिपोर्टिंग के आधार पर 5047 पुरुष एवं 10431 महिला शामिल हुई। जिले में उल्लास मय वातावरण में परीक्षा संपादित हुई। परीक्षा पूर्व दीवार लेखन, मुनादी, शिक्षार्थी पर्ची आदि के माध्यम से वातावरण का निर्माण किया गया था एवं शिक्षार्थियों को महा परीक्षा अभियान में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया गया था।

मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय एवं संकुल स्तरीय दल गठित किए गए थे। जिनके द्वारा परीक्षा की सतत निगरानी की गई। परीक्षा उपरांत शिक्षार्थियों के प्रश्न उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ कर दिया गया है एवं पोर्टल में अंकों की प्रविष्टि का काम भी दक्ष रिसोर्स पर्सन के द्वारा जारी है।

सितम्बर में पुनः होगी परीक्षा आयोजित:

परीक्षा महा अभियान का द्वितीय चरण आगामी सितम्बर 2025 में आयोजित किया जाएगा जिसमें छूटे हुये और असफल शिक्षार्थियों को शामिल होने का अवसर मिलेगा।

परीक्षा में शामिल हुये एक ही परिवार के सदस्य

इस पूरे परीक्षा के दौरान एक ही परिवार के पति-पत्नी, पिता-पुत्र, मां, बेटा, बहू, देवरानी जेठानी जैसे सदस्य एक साथ परीक्षा में एक केंद्र पर शामिल होकर इस महा अभियान को सफल बनाया।

स्टोर में लगे आग से 400 पुराने ट्रांसफॉर्मर जले

रायगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य पावर वितरण कंपनी के रायगढ़ स्थित स्टोर में आग लगने से 400 पुराने ट्रांसफॉर्मर आग में भस्म हो गए थे. घटना के बाद स्टोर के कार्यपालन यंत्री को हटाने के साथ घटना की जांच शुरू कर दी गई है. बड़ी बात यह है कि ट्रांसफॉर्मर एवं अन्य विद्युत उपकरणों का बीमा नहीं कराया गया था.

रायगढ़ के स्टोर में लगी आग से पावर कंपनी को एक बार फिर लाखों रुपए की क्षति हुई है. गुढ़ियारी में आगजनी की वजह से 50 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है. गुढ़ियारी में घटना की जांच तत्कालीन कार्यपालक निदेशक ओएंडएम एवं वर्तमान में वितरण कंपनी के एमडी भीम सिंह की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय कमेटी ने की थी.

जिले के 40 बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर प्रशिक्षण देगा इंटेल

महासमुंद। शिक्षा महासमुंद द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वर्तमान प्रासंगिकता को देखते हुए जिले के सरकारी स्कूलों के छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की विस्तृत जानकारी देने के लिए, पांच दिवसीय कार्यशाला ए आई स्किलिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में इंटेल के ए आई एक्सपर्ट द्वारा चयनित 40 छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 24 मार्च से 28 मार्च तक होना है, जिसमें छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेसिक्स, प्रोग्रामिंग, का प्रशिक्षण देकर छात्रों द्वारा चयनित समस्याओं का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के आधार पर समाधान परक प्रोजेक्ट बनवाए जाएंगे। गौरतलब है कि इसके पूर्व 2021 में जिले के शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरा के 50 छात्रों को इंटेल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर प्रशिक्षण दिया था, जिसके बाद यहां के 2 छात्रों ने भारत सरकार द्वारा आयोजित ऐ आई फॉर यूथ प्रतियोगिता के टॉप20 में स्थान बनाकर केंद्रीय मंत्री से सम्मानित हुए थे।वर्तमान में चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, सहित अधिकांश क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का बहुतायत से उपयोग हो रहा है। ऐसे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक की जानकारी स्कूली छात्रों को होने से भविष्य के रोजगार के लिए छात्रों को तैयार किया जा सकता है। वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक बहुत ही प्रासंगिक है, ऐसे में स्कूली छात्रों को इसके बेसिक्स की जानकारी देकर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से इस ऐ आई स्किलिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिसेल राम नाग का स्वागत और सम्मान

■ सक्रिय रूप से आगे रहने वाले जमीनी स्तर के कार्यकर्ता को मिली बड़ी जवाबदारी,

नारायणपुर /नवप्रदेश। जिला कांग्रेस नारायणपुर नए अध्यक्ष के रूप में बिसेल राम नाग को बनाया गया है नारायणपुर कांग्रेस के पदाधिकारी सदस्यों द्वारा आज शहर के विश्राम गृह में उनका स्वागत सम्मान हार पहना कर , मिठाई खिलाकर किया गया, अपने नए जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर कार्यकर्ताओं मे जोश और उत्साह देखा गया, नए अध्यक्ष की नियुक्ति निर्णय का स्वागत भी किया है जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारी सदस्यों ने आशा व्यक्त करते कहा कि नए अध्यक्ष श्री बिसेल राम नाग जी के नेतृत्व में जिले में कांग्रेस कमेटी और अधिक सशक्त व संगठित और अधिक ऊर्जा के रूप से कार्य करेगी। एक आम नागरिकों सच्चे जमीनी कार्यकर्ता को जिला की कमान सौंपा जाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इसको लेकर हाई कमान को धन्यवाद ज्ञापित भी किया गया,नए अध्यक्ष श्री बिसेल राम नाग ने कहा कि छग प्रदेश प्रभारी माननीय श्री सचिन पायलट जी, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी श्री दीपक बैज जी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी, पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री टीएस बाबा साहब जी का दिल से आभार, नारायणपुर जिला अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर आप सभी आभार व्यक्त करता हूं.इसे पूरी निष्ठा, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाने का संकल्प करता हूँ..

आपके मार्गदर्शन एवं अनुभव से मुझे न केवल संगठन को मजबूत बनाने में सहायता मिलेगी, बल्कि नारायणपुर जिले के विकास एवं प्रगति में भी योगदान देने का अवसर प्राप्त होगा.. आप सभी जिले के मेरे कांग्रेस परिवार के सदस्यों के साथ हाथ से हाथ मिलाकर हर कार्य और लक्ष्य को मिलकर पूरा करेंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी से समस्त पदाधिकारी ,सदस्य, ब्लाक, शहर, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सहित सभी पदाधिकारी सदस्य मौजूद थे।

सीमा सुरक्षा बल द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

अंतागढ़। आज दिनांक 24 मार्च 2025 को रावघाट ष्टह्वक्मे 129 वी शौर्यचक्र वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो की अगले 2 दिनों में पूरा किया जायेगा जिसका शुभारम्भ श्री दिगम्बर चौहान उप कमांडेंट/कार्यवाहक द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा किया गया इस शुभारंभ कार्यक्रम में श्री सुधीर द्विवेदी उप कमांडेंट, श्री नारायण सिंह रावत कंपनी कमांडर, सरपंच तालाबेड़ा श्रीमती शीतल नवागो तथा सरपंच भैंसगांव श्रीमती बसन्ती उसेंडी की उपस्थिति मे किया गया। इस प्रतियोगिता मे कुल 6 टीमों (तालाबेड़ा, मड़पा, कोलार, दिहाड़ीपाड़ा, फूलपाड़, कुम्हारी) ने भाग लिया जिसमें प्रत्येक टीम से 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियो को टी शर्ट, लोअर ट्रैक पैंट, जूते, टोपी का वितरण किया गया तथा इस प्रतियोगिता का समापन 28 मार्च को किया जाएगा जिसमें विजेता टीम व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जायेगा व भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल व प्रत्येक टीम को क्रिकेट कीट का वितरण किया जायेगा.

■ न्यूज गैलरी

राज्यपाल रमेन डेका 26 मार्च को कोरिया प्रवास पर

प्रशासनिक अधिकारियों की लेंगे बैठक

कोरिया । छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 26 मार्च को एक दिवसीय प्रवास पर कोरिया जिले पहुंच रहे हैं। उनके इस दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं।जानकारी के मुताबिक, राज्यपाल 25 मार्च की रात रायपुर से रेल मार्ग द्वारा बैकुंठपुर के लिए रवाना होंगे और 26 मार्च की सुबह पहुंचेंगे। प्रवास के दौरान वे सुबह 11 बजे कलेक्टरेट सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें जिले में चल रही शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।इसके अलावा, राज्यपाल श्एक पेड़ माँ के नामश् अभियान के तहत पौधरोपण भी करेंगे। वे जिले में केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन का अवलोकन करने के लिए विभिन्न स्थानों का दौरा भी करेंगे।राज्यपाल के आगमन को लेकर स्थानीय प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। उनके प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

नई पद्धति से टीबी जांच प्रारंभ

नवागढ़। सोमवार को विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में टीबी जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर विनोद कुर्रे तसीलदार नवागढ़ एवं डॉ. एमएम रजा खण्ड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा रवाना किया गया। साथ ही टीबी जाँच प्रारंभ किया गया। डॉ रजा ने बताया कि आज के दिवस ही टीबी के खोज के कारण ही विश्व क्षय दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि टीबी के लक्षण 02 हप्ते से अधिक खासी, बलगम आना, बलगम के साथ खून आना, छाती में दर्द होना, गले में गांठ होना, थकान व कमजोरी होना, वजन का कम होना जैसे लक्षणों को विस्तार से बताया गया और ये सभी लक्षण होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में तुरंत सीबी-नेट एवं बलगम की जाँच अवश्य करावे। रज़ा ने कहा कि सीवाय-टीबी जाँच के प्रथम चरण में आज से प्रारंभ होकर 24 अप्रैल तक जाँच किया जायेगा। यह एक प्रकार की टीबी संक्रमण की जाँच है। जो कि हमारे शरीर में टीबी के संक्रमण दर को बताता है। सीवाय-टीबी जाँच सकारात्मक होने पर टीपीटी (दवाई) प्रदान किया जायेगा एवं जाँच नकारात्मक आने पर 3 महीने के बाद पुनःजाँच किया जावेग।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के उपस्थित सभी स्टाफको टीबी के संबंध में शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में डॉ रोशन साहू, सीके देवांगन, प्रमोद साहू, अनूप कुमार, सुनील नवरंगे, एन पासवान, शिमला ठाकुर, लता उमरे, अम्बालिका सिंह, मकसूदन रजक, नीता साहू, ललिता साहू, ललिता बंजारे एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

उत्कर्ष योजना के तहत लिखित चयन परीक्षा 30 मार्च को

बिलासपुर। जिले के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित चयन परीक्षा 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले के विकासखण्ड बिल्हा, कोटा, मस्तूरी एवं तखतपुर के परीक्षार्थियों के लिए डेल्टा पब्लिक स्कूल पुराना हाई कोर्ट के सामने गुम्बर कॉम्पलेक्स गांधी चौक को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षार्थी अपने रोल नंबर, प्रवेश पत्र एवं परीक्षा केन्द्र संबंधी जानकारी के लिए संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बिलासपुर के कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे दर्जन भर से अधिक ग्रामीण

ग्रामीणों के शिकायतों-समस्याओं के समाधान का दिलाया भरोसा

आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने दिलाया भरोसा

नारायणपुर /नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने भरोसा दिलाया एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में समस्त ग्रामवासी मटावण्ड द्वारा शाला भवन स्वीकृत करने एवं हेण्डपंप खनन हेतु, कल्याण सिंह मनहर प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर मॉनिटरिंग द्वारा जलजीवन मिशन के अंतर्गत लोकेन्द्र शिव प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर मॉनिटरिंग की नियुक्ति रद करने हेतु, उमेश कर्मा पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत ओरछा द्वारा हेण्डपंप खनन की राशि भुगतान कराने, जिला अध्यक्ष निषाद समाज द्वारा शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने, मसियाराम एवं अहिल्या ग्राम एहनार द्वारा नल खराब होने एवं विद्युत आपूर्ति हेतु, जयसिंह एवं अन्य 4 ग्राम पालकी द्वारा अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत स्थगन आवेदन आग्रहय, मंगल उसेण्डी एवं अन्य 9 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी द्वारा वेतन जमा नहीं होने के संबंध में, अधीक्षक पोस्ट मैट्रिक आवासीय कन्या छात्रावास द्वारा छात्रावास छोड़ने हेतु, सरपंच एवं अन्य 5 ग्राम पंचायत महिमागवाड़ी द्वारा ग्राम पंचायत की निम्न मांग समस्या निवारण करने, विनय कुमार बघेल एवं अन्य 3 ग्राम कन्हारगांव द्वारा नलजल योजना के अंतर्गत संचालित पानी टेंक रिपेयरिंग एवं प्लास्टिक टंकी एवं सोलर पंप लगवाने एवं मनरेगा राशि भुगतान करने, लक्ष्मण एवं अन्य 02 ग्राम कन्हारगांव द्वारा कन्हारगांव में बालक एवं बालिका छात्रावास कक्षा 6वीं से 10वीं तक खोलने हेतु, समस्त ग्रामवासी डुमरतराई द्वारा क्षेत्र डुमरतराई की पटवारी हल्का नंबर 00017 खसरा नंबर 1787/1, 1786, 1178/1, 1779, 1780, 1785/1 एवं 1784 के विभिन्न भूमि पर गांव के बाहरी व्यक्ति एवं परिवारों को पुनर्वास, पुनः स्थापित करने एवं आईटीबीपी कैम्प स्थान हेतु की गई जगह को निरस्त करने, केशव नाग ग्राम छोटेडोंगर द्वारा मुद्रा लोन दिलाने हेतु राजू कोर्राम ग्राम भुरवाल द्वारा नायब तहसीलदार लींक कोर्ट बेनूर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन को लगभग 01 लाख रूपये का राजस्व क्षति पहुंचाई जाने के संबंध में, समस्त ग्रामवासी ब्रेहबेड़ा ग्राम पंचायत मेटानार द्वारा ब्रेहबेड़ा एवं मेटानार के घर घर में विद्युत कनेक्शन और नया स्कूल भवन प्रदाय करने, सरपंच कोतली ग्राम मेटानारा द्वारा ग्राम ढोकरीबेड़ा मेटानार में बस्ती से मुख्य सड़क तक बिजली पोल एवं लाईट कनेक्शन प्रदाय करने तथा समस्त ग्रामवासी गारपा द्वारा ग्रामवासियों की समस्या को पूरी करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण बैठक, नेताओं ने दिए अहम सुझाव

एमसीबी/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार तथा अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार के मार्गदर्शन में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर आवश्यक चर्चा एवं सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर ने राजनीतिक दलों को जानकारी दी कि निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित कोई भी सुझाव दिए जा सकते हैं, चाहे वह मतदाता सूची से जुड़ा ही क्यों न हो। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि मतदाता सूची की पर्ची प्रत्येक घर तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुए नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ चुनाव में केवल 25-30 प्रतिशत मतदाता पर्ची ही पहुंची। साथ ही, मनेंद्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 4, 5 और 6 को संवेदनशील बताया गया, जिसमें एक वार्ड में अधिक मतदान केंद्र होने के कारण संघर्ष की स्थिति बनती है, इसलिए मतदान केंद्रों को अलग-अलग किया जाए।

इसके अलावा, ईवीएम मशीन के प्रचार-प्रसार को ग्रामीण स्तर तक विस्तृत रूप से किया जाए। वहीं इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि मतदान केंद्रों में मतदाता एजेंट की पहचान के बाद उन्हें वेटिंग करने की अनुमति दी जाए। मतदाता पर्ची के आधार पर मतदान करने की व्यवस्था लागू की जाए। इसके साथ ही, सीसीटीवी वेयरहाउस में 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए ओडीएफप्लस मॉडल गांव निर्माण पर कार्यशाला का आयोजन

एमसीबी। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत खड़गवां में नव निर्वाचित सरपंचों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ग्राम पंचायतों को ओडीएफप्लस मॉडल गांव के रूप में विकसित करना था। कार्यशाला में जिला समन्वयक राजेश जैन ने ओडीएफ प्लस मॉडल गांव की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की और इसमें शामिल घटकों को समझाया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में नियमित डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, सामुदायिक और घरेलू गंदे पानी के उचित निपटान को सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। ग्राम पंचायतों की प्रमुख जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए यह बताया गया कि उन्हें अपने क्षेत्र को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु प्रस्ताव पारित कर उसका कड़ाई से पालन कराना होगा, साथ ही उल्लंघन की स्थिति में जुर्माने का प्रावधान भी लागू करना होगा। इसके अलावा, शासकीय परिसंपत्तियों के रखरखाव और सुचारू संचालन पर ध्यान देने, 15वें वित्त आयोग की राशि का सही उपयोग सुनिश्चित करने हेतु जीपीडीपी प्लान तैयार कर प्रविष्टि कराने, नियमित रूप से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण की व्यवस्था बनाए रखने और समय-समय पर सामुदायिक श्रमदान आयोजित करने पर जोर दिया गया।कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेश बंजारे, सहायक विकास विस्तार अधिकारी रामकुमार लकड़ा, संकाय सदस्य सहित जनपद पंचायत खड़गवां की समस्त 44 ग्राम पंचायतों के नव निर्वाचित सरपंच उपस्थित रहे। इस दौरान सभी सरपंचों ने ओडीएफ प्लस मॉडल गांव निर्माण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और इसे सफल बनाने का संकल्प लिया।

मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का निर्णय समाज के लिए महत्वपूर्ण संदेशः वित्त मंत्री ओपी.चौधरी

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने नव विवाहित जोड़ों को दी शुभकामनाएं

रायगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाबाधाम कोसमनारा, रायगढ़ में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जुड़े रहे। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने सभी 76 नव वर.वधू को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग एवं शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री परिवार शाखा रायगढ़ को सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह के रूप में आपने अपने जीवन में एक अच्छा काम किया है और समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिया है। आज भी कई लोग दहेज जैसी कुप्रथा से समाज को ग्रसित रखते हैं। जिसके कारण समाज में कई तरह की कुरीति और सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होती है, लेकिन आपने उससे ऊपर उठकर सामूहिक विवाह करने का निर्णय किया। सामूहिक विवाह कोई निर्धन व्यक्ति करता है ऐसा नहीं है, जो व्यक्ति अपने सोच से समृद्ध होता है वह व्यक्ति ऐसे कार्यों को कर समाज को महत्वपूर्ण संदेश देता है, जो आपने किया। आज सामाजिक सुधार की सोच के साथ सभी वर्ग के लोग अधिक से अधिक मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना में हिस्सा ले रहे है और शासन उन्हें प्रोत्साहित कर रही हैं। जिससे समाज में दहेज की कुप्रथा को रोका जा सके। बिना दहेज के शादी हो और वर वधू अपने जीवन में एक दूसरे का साथ देते हुए एक दूसरे के परिवार का सम्मान करते हुए पूरे समर्पण के साथ एक दूसरे का सपोर्ट करते हुए सुखमय जीवन में आगे बढ़े, इसी सोच के साथ यह योजना चलाई जा रही है।

गायत्री परिवार, रायगढ़ को धन्यवाद देते हुए कहा कि रायगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसा आयोजन होता रहे। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक नवदंपति जोड़ों को स्वेच्छानुदान स्वरूप 5-5 हजार प्रदान किए। इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान ने भी वर-वधू को नव दांपत्य जीवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभापति नगर निगम डिग्री लाल साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत रायगढ़ सुजाता चौहान, अध्यक्ष जनपद पंचायत पुसौर हेमलता चौहान, जनपद उपाध्यक्ष रायगढ़ श्री राम श्याम डनसेना, बीडीसी बनसिया सोहन चौधरी, बीडीसी जामगांव सुकलाल चौहान, बीडीसी धनागर भोजकुमारी चौहान, बलबीर शर्मा, पार्षदगण विष्णु चरण पटेल, अमरनाथ रात्रे, नरेश पटेल,

याद राम साहू, शोभा शर्मा, मंजूलता नायक, सविता उपाध्याय, डीपीओ एल.आर. कच्छप, महेश पटेल, सुभाषिनी गोपाल, रामपाल साहू, नरेश चंद पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मिला आश्वासन ... लोगों ने व्यक्तिगत एवं सामूहिक मामलों को लेकर लगभग 150 आवेदन दिए

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने अपनी साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आज जिले के दूर-दराज से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान लोगों ने व्यक्तिगत एवं सामूहिक मामलों को लेकर लगभग 150 आवेदन दिया। कलेक्टर ने मिलने पहुंचे हर व्यक्ति से मुलाकात कर उनकी परेशानी पूछी और इनके समुचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कुछ आवेदनों का फोटो खींचकर कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वयं ही वाट्सएप कर जल्द निराकरण करने कहा। आज साप्ताहिक जनदर्शन में सिरगिट्टी के नवीन प्राथमिक शाला परिसर में बाऊंड्रीवाल बनवाने हेतु पार्षद द्वारा आवेदन दिया गया। उन्होंने बताया कि स्कूल में करीब 200 छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं। स्कूल परिसर में बाऊंड्रीवाल नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों एवं शराबियों द्वारा शाला परिसर में शराब की बोतलों को फोड़ कर फेंक दिया जाता है जिससे बच्चों को नुकसान होने की संभावनाएं बनी रहती है। कलेक्टर ने आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बिल्हा ब्लॉक के ग्राम धमनी स्थित सेन्ट एण्ड्रूज स्कूल के बच्चों ने अपने पालकों के साथ कलेक्टर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि कुछ कारणों से स्कूल बंद हो गया है जिससे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। सभी बच्चे आरटीई के तहत स्कूल मे अध्ययन कर रहे थे। उन्होंने अध्ययन की निरंतरता बनाए रखने के लिए ऐसे निजी स्कूल में प्रवेश दिलवाने की मांग की जहां आरटीई लागू हो। कलेक्टर ने उनके आवेदन को जिला शिक्षा अधिकारी को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। विकासखंड तखतपुर के ग्राम पंचायत खम्हरिया के सरपंच द्वारा ग्राम खम्हरिया के हाईस्कूल को हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन करने हेतु आवेदन दिया गया। उन्होंने बताया कि हायर सेकंडरी स्कूल नहीं होने से बहुत सारे विद्यार्थी 10वीं के बाद ही अपनी पढ़ाई छोड़ देते हैं जिससे बच्चे अपने आगे की शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। कलेक्टर ने आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को भेजकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी गांव के लोगों ने पानी की समस्या से संबंधित आवेदन दिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचने जारी किये दिशा-निर्देश

बिलासपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बढ़ती गर्मी और लू के खतरे से बचने के लिए विभिन्न उपायों और दिशा निर्देश जारी किए हैं। आगामी महीने अप्रैल, मई और जून में पड़ने वाली गर्मी से लू का खतरा और बढ़ जाता है जिससे लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया कि धूप और गर्मी में ज्यादा देर रहने के कारण शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है। जिससे लू लगने का खतरा होता है।

लू के लक्षण

-स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि लू लगने से सिर में भारीपन और दर्द होने लगता है, तेज बुखार के साथ मुंह सूखने लगता है, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ पूरे शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने कारण पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना और बेहोश होना आदि लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

लू से बचाव-

धूप में बाहर निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छे से बांध लें, बहुत अनिवार्य हो तो ही घर से बाहर निकले, पानी अधिक पीयें, ज्यादा समय तक धूप में न रहे, गर्मी के समय नरम व सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने पर ओ.आर.एस. का घोल पीए, चक्कर और उल्टी आने की स्थिति पर छाया वाली जगह पर आराम कर पानी और पेय पदार्थ का सेवन करें।

न्यूज गैलरी

जिला जनपद का प्रथम सम्मेलन आज अध्यक्ष,उपाध्यक्ष लेंगे शपथ

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 25 मार्च को दोपहर 3 बजे कलेक्टर जनदर्शन सभाकक्ष में होगा। सम्मिलन की अध्यक्षता नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय करेंगे। प्रथम सम्मिलन समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव रहेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, पूव विधायक विक्रम मोहले, पूर्व विधायक चोवादास खाण्डेकर रहेंगे। सम्मिलन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, सदस्यगण अनिता कोमल साहू, समुंद सिंद्राम, रत्ना संजय काठले, कुंती उदय जायसवाल, उमाशंकर साहू, रजनी मानिक सोनवानी, लक्ष्मीकांत भास्कर, संतोषी परमेश्वर ठाकुर, अनिला देवेंद्र राजपूत, अंबालिका साहू शामिल होंगे।

गरीब परिवारों के लिए योजनाएं अब वरदान साबित हो रही

मुंगेली/नवप्रदेश। गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए सरकार की योजनाएं अब वरदान साबित हो रही हैं। मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम करही निवासी फूलबाई मिरी को आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड मिला है। अब वे और उनका परिवार बिना किसी आर्थिक बाधा के बेहतर ईलाज करा सकेंगे। कार्ड मिलने के बाद फूलबाई मिरी ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कलेक्टर राहुल देव का आभार व्यक्त किया। फूलबाई मिरी ने कहा कि हम जैसे गरीबों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं। अब हमें ईलाज के लिए पैसों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। सरकार ने हमारी बड़ी चिंता दूर कर दी है। गौरतलब है कि आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को 05 लाख रुपये तक का निःशुल्क ईलाज उपलब्ध कराया जाता है।

नि:शुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग आज से

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में जेईई, नीट यूजी, बी एस सी नर्सिंग एवं सीयूईटी यूजी परीक्षा की तैयारी करने वाले छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला के शासकीय और अशासकीय शालाओं में गणित एवं विज्ञान संकाय लेकर नियमित रूप से कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित हुए हो या 12वी उत्तीर्ण प्रतिभावान छात्र जो नीट यूजी परीक्षा 2025 के फॉर्म भर चुके हैं ऐसे छात्रों के लिए 45-75 दिवसीय निःशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग 25 मार्च से प्रति दिन प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक दी जाएगी। दूर से आने वाले छात्र-छात्रा भोजन व्यय जमा कर निःशुल्क आवासीय सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

पिछले 5 वर्षों में नपा ने सैकड़ों मकान निर्माण की अनुमति दी, लेकिन किसी ने भी वाटर हार्वेस्टिंग नहीं बनवाएं

जिले में लगातार गिरता जल-स्तर, बचाव के नहीं किए जा रहे उपाय

विश्व जल-दिवस पर विशेष

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में जलस्तर का स्त्रोत लगातार गिरता जा रहा है, सामाजिक सरोकार के साथ-साथ प्रशासनिक पहल ना होने के कारण जिले में हो रहे जल संकट का सामना करने के लिए किसी प्रकार की पहल नजर नहीं आ रही है, आने वाले समय में जिले को जल संकट के दौर से गुजरना पड़ सकता है, जल स्त्रोतों के बचाव के लिए वाटर हार्वेस्टिंग लगाया जाना था, किन्तु दुर्भाग्यजनक बात यह है, कि शासकीय आदेशों का पालन शासकीय कार्यालयों के द्वारा भी नहीं किया गया है। वर्षा के पानी को बचाने के लिए प्रशासन द्वारा योजना बनाई गई थी, जिसके तहत निजी एवं शासकीय सभी जगहों पर वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया जाना था, जिससे वाटर लेबल बना रहे, किन्तु शासकीय उदासीनता के चलते यह योजना भी केवल कागजों पर सिमट कर रह गयी, शासन की इस योजना का क्रियान्वयन शासकीय कार्यालयों में भी नहीं किया जा सका, जिसके चलते जिले में वाटर लेबल हर वर्ष नीचे होते जा रहा है।

वाटर हार्वेसिं्टग बना की नहीं करते जांच - अब वाटर लेवल गिरने से गर्मी में होगी परेशानी शहरी क्षेत्र में वाटर हार्वेसिं्टग बनाने की शर्त पर ही नगरपालिका के अधिकारी मकान बनाने एनओसी जारी करते हैं। शासन ने वाटर हार्वेसिं्टग सिस्टम को अनिवार्य कर दिया है, इसके लिए अमानत राशि तो जमा कराई जाती है, लेकिन कितने लोगों ने बनाया इसका परीक्षण करने के लिए पालिका के इंजीनियर्स के पास समय ही नहीं है, वे परीक्षण करने ही नहीं जाते जिसके कारण लोग घर तो बनवा लेते हैं, लेकिन हार्वेसिं्टग सिस्टम नहीं। पालिका के अधिकारी उन पर कार्रवाई भी नहीं कर सकते क्योंकि पालिका के पास तो वाटर हॉर्वेसिं्टग सिस्टम बनवाने का रिकॉर्ड ही नहीं है। नगरीय क्षेत्र में बिना वाटर हार्वेसिं्टग के भवन बनाने की अनुमति भी नहीं दी जानी है। लोगों ने अनुमति ली है, और बाकायदा पालिका में पैसा भी जमा किया है, पर उनमें से कितने लोगों ने अपने घर में हार्वेसिं्टग सिस्टम बनाया है और कितने लोगों का पैसा अभी भी जमा है, यह तक रिकॉर्ड पालिका में नहीं है। पालिका के अधिकारियों के इस गंभीर लापरवाही के कारण ही शहर में बरसात का पानी घरों में रोकने की योजना फेल हो गई है। पालिका के इंजीनियरों ने भौतिक सत्यापन किया ही नहीं। इसी कारण पानी बह रहा है और हर साल गर्मी में शहर का वाटर लेबल डाउन हो रहा है। पिछले साल गर्मी की शुरूआत होते ही मार्च महीने में शहर का जलस्तर 55 से 60 मीटर तक नीचे चला जा गया था।

रिकार्ड बनाने कर्मचारी की थी जिम्मेदारी - लगभग पांच साल से भवन अनुज्ञा के साथ वाटर हार्वेसिं्टग की जिम्मेदारी नपा के कर्मचारी को दी गई थी। परन्तु संबंधित सही जानकारी नहीं मिल रही है, अधिकारी इसकी भी जांच नहीं कर पाए हैं, संबंधित कर्मचारी को बुलाकर महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को भी दुरूस्त कराना उचित नहीं समझा गया है। पिछले पांच वर्षों में ही नपा ने मकान निर्माण के लिए एनओसी दी है उसमें से कितनों ने वाटर हार्वेसिं्टग बनवाएं हैं इसकी स्पष्ट जानकारी ही नहीं है। पांच सालों में सभी अधिकारियों ने मकानों सहित शहर में वाटर हार्वेसिं्टग सिस्टम बनवाने की बात कही थी लेकिन इस पर भी अमल नहीं हुआ। बकायदा मकान बनाने वालों से वाटर हार्वेसिं्टग के लिए राशि भी जमा कराई गई है। यह राशि लगभग 10 से 15 हजार रुपए तक निर्धारित है। यह राशि वाटर हार्वेसिं्टग कोष में जमा हैं। मकान मालिकों ने तो राशि जमा कर दी, लेकिन अपने घरों में वाटर हार्वेसिं्टग सिस्टम नहीं बनवाया पर विडंबना है कि पालिका ने भी उनकी जमा राशि से किसी के भी घर में वाटर हार्वेसिं्टग बनाने की पहल आज तक नहीं की है।

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा

सास-बहू, पति-पत्नी व देवरानी-जेठानी की जोड़ी हुए शामिल, हजारों नवसाक्षरों ने भाग लिया

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में रविवार को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के तत्वाधान में राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान सम्पन्न हुआ। कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित महापरीक्षा में हजारों नवसाक्षरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महापरीक्षा के लिए कुल 531 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां शाम 4 बजे तक 15,857 शिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। अभियान में साक्षरता की मुख्य धारा से कटे हुए एवं शाला त्यागी परीक्षार्थी शामिल हुए। कई परीक्षा केंद्रों पर सास-बहू, पति-पत्नी एवं देवरानी-जेठानी जैसे पारिवारिक सदस्य एक साथ परीक्षा देते नजर आए, जिससे माहौल उत्सव जैसा प्रतीत हुआ।वरिष्ठ कल्याण अधिकारी वाणी मुखर्जी ने बताया कि केंद्रीय जेल अंबिकापुर में

भी महापरीक्षा केंद्र स्थापित किया गया था, जहां 405 नवसाक्षर कैदियों ने परीक्षा दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर रामसिंह ठाकुर,जेल अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्रि एवं सहायक संचालक विनोद राय ने निरीक्षण कर परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अपर कलेक्टर अम्रताल ध्रुव ने नवागढ़ अंबिकापुर के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, वहीं जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने लखनपुर ब्लॉक का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि लखनपुर में 4,750 परीक्षार्थियों का पंजीयन हुआ था, जिसमें दिव्यांग शिक्षार्थी भी बड़ी संख्या में शामिल थे। महापरीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तरीय मॉनिटरिंग दल सक्रिय रहे। जिला मिशन समन्वयक रविशंकर तिवारी, भरत अग्रवाल, रमेश सिंह, रविशंकर पांडेय, करूणेश श्रीवास्तव सहित कई अधिकारियों ने आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं समेत कई छोटे बच्चों की माताओं ने भी इस परीक्षा में भाग लिया, जिससे शिक्षा के प्रति जागरूकता का नया उदाहरण देखने को मिला। ग्रामीण इलाकों में यह परीक्षा किसी उत्सव से कम नहीं थी। जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य उन लोगों को शिक्षा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए थे। इस परीक्षा के माध्यम से उन्हें अपनी साक्षरता का प्रमाण प्राप्त करने का अवसर मिला। महापरीक्षा के सफल आयोजन से सरगुजा जिले में शिक्षा के प्रति नई जागरूकता देखने को मिली, जिससे यह अभियान भविष्य में और अधिक प्रभावशाली बनेगा।

डरा-धमकाकर 60 लाख रुपए की अवैध वसूली, मामला दर्ज

मुंगेली/नवप्रदेश। डरा-धमकाकर लगभग 60 लाख रूपये अवैध रूप से छलपूर्वक वसूल करने एवं जबरन रजिस्ट्री कराने की शिकायत पर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली में शिकायत की गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 318(4), 308(2)3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है। एफआईआर दर्ज होते ही संबंधित व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। नगर के कुछ व्यक्तियों द्वारा डरा-धमकाकर छलपूर्वक आवेदक सिद्धार्थ बैद एवं उसकी माता की जमीन को अपने साथी के नाम जबरन रजिस्ट्री कराई गई। चेक एवं बैंक ट्रांजेक्शन के माध्यम से डरा-धमकाकर लगभग 60 लाख रूपये अवैध रूप से छलपूर्वक वसूल करने की शिकायत थाना सिटी कोतवाली में की गई। मिली जानकारी के अनुसार मुंगेली निवासी आयुष प्रताप सिंह उर्फ समीर ठाकुर एवं 05 अन्य व्यक्तियों के द्वारा डरा-धमकाकर छलपूर्वक आवेदक एवं आवेदक की माता की जमीन की अपने साथी के नाम जबरन रजिस्ट्री कराई तथा चेक एवं बैंक ट्रांजेक्शन के माध्यम से 60 लाख रूपये अवैध रूप से वसूल किया गया। प्रार्थी के लिखित आवेदन पर आरोपियों आयुष प्रताप सिंह उर्फ समीर ठाकुर एवं 05 अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 318(4), 308(2)3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। शिकायत में उल्लेखित व्यक्तियों द्वारा ब्लैकहोल इवेंट नामक कंपनी के हिसाब किताब की राशि की मुझसे अवैध रूप से मांग कर मुझे डराया धमकाया जाना प्रारंभ कर दिया। इसी बात के चलते उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा मिलकर माह अक्टूबर 2024 में मेरी सहमति के बिना मुझे जबरन डरा धमकाकर अपने साथ पंडरिया रोड स्थित एक जगह ले जाया गया, वहां ले जाकर उनके द्वारा मेरे पेट में धारदार चाकू टिकाकर मुझसे उनके मोबाईल नम्बर से एक व्यक्ति से बात करायी गई। जिसके द्वारा मुझसे कहा गया कि तुम इन लोगों को रूपये दे दो नहीं तो हम लोग तुम्हे और तुम्हारे परिवार वालों को खत्म कर देंगे हम लोग लारेंस विश्नोई की गैंग के हैं। घटना में जमीन कारोबार से जुड़े लोगों के नाम रजिस्ट्री में आने के पश्चात जमीन के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

घर-घर जाकर नागरिकों का कर रहे पंजीयन

मुंगेली/नवप्रदेश। आयुष्मान भारत आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य अमला द्वारा शनिवार को 578 वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए पंजीयन किया गया। कलेक्टर ने जिले के सभी 70 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड का पंजीयन कराएं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर ने बताया कि जिले में निर्धारित 35 हजार 245 लक्ष्य के विरुद्ध अब तक कुल 04 हजार 312 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया जा चुका है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि इस योजना के तहत पंजीकृत वरिष्ठ नागरिकों को 05 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों एवं पंजीकृत निजी अस्पतालों में उपलब्ध होगा।

श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 28 मार्च तक

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम गोरखपुर निवासी सुरेश केशरवानी के निवास में जैतराम साव, राजमती केशरवानी, मानिक लाल प्रमिला देवी केशरवानी व निर्मला देवी केशरवानी की स्मृति शेष में 28 मार्च तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। इसी क्रम में गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जो मुख्य मार्ग से होते हुए श्री राम जानकी मंदिर सेतगंगा के समीप स्थित मां नर्मदा कुंड से स्वच्छ निर्मल व पवित्र जल भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर विधि विधान के साथ कलश स्थापित की गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पीला वस्त्र पहन कर सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं।

विधायक देवेन्द्र का स्वागत के लिए बाइक रैली निकली

मुंगेली/नवप्रदेश। भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव शनिवार को यादव समाज द्वारा आयोजित समाजिक कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां समाज के लोगों सहित कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, अभिलाष सिंह सहित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत करते हुए बाईक रैली निकाल कर आयोजन स्थल तक आयें। इस दौरान जगह-जगह विधायक का स्वागत किया गया। गौरतलब हो कि यादव समाज द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह रखा गया था, जिसमें भिलाई विधायक एवं यादव समाज के गौरव के रूप

में प्रचलित देवेन्द्र यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया। इस दौरान उन्होने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम उपरांत श्री यादव ने स्थानीय रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकर किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय, संजीत बनर्जी थानेश्वर साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजेश छेदईया, नवनीत शुक्ला सहित बडी संख्या मे लोरमी मुंगेली के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पीएम मोदी के आगमन को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में हुई बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक पीएम मोदी के आगमन को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में हुई। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में हुई बैठक में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने कहा कि भारत को पुनः शिखर पर पहुंचाने, विश्व मे भारत का मान सम्मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन बिल्हा के ग्राम मोहभट्ठा में 30 मार्च को हो रहा है। जहां अधिक से अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिकगण जाने हेतु उत्सुक हैं। हम सबका दायित्व भी है कि हम बड़ी संख्या में सभा स्थल पहुँचकर प्रधानमंत्री को सुनें। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता मोदी जी के आगमन पर उनका स्वागत करने, उनको सुनने जिले के सभी कार्यकर्ता लालायित हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा जो व्यवस्था की जाएगी। उसके अनुरूप हम सभी को पूरे 11 मंडलों के कार्यकर्ताओं को लेकर सभा स्थल मोहभट्ठा पहुँचना है। पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखना, उन्हें सुनना हम कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है अतः सभी जो भी साधन मिले उससे 30 मार्च को समय पूर्व मोहभट्ठा पहुँचें। अंजू

राजपूत ने भी अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने की अपील की। संचालन जिला महामंत्री गुरमीत सलुजा ने तथा आभार रामशरण यादव ने किया। बैठक में जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, प्रेम आर्य, धनीराम यादव, अंजना दास, लोकनाथ सिंह, जिला पंचायत सदस्य उमाशंकर साहू, अनिता साहू, समुंद संग्राम, उदय जायसवाल, पवन पाण्डेय, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, नगर पंचायत बरेला अध्यक्ष नरेश पटेल, सुनील पाठक, संजय वर्मा, समीर आहिरे, राणाप्रताप सिंह, मिठ्ठूलाल यादव, सोम वैष्णव, प्रदीप मिश्रा, महाजन जायसवाल, आशुतोष पाण्डेय, पदमनी मोहले, राजीव श्रीवास, सुखचंद साहू, नागेश्वर जायसवाल, अभिलाष सिंह, सुशील यादव, राजेन्द्र साहू, पोषण यादव, नितेश भारद्वाज, मन्नू श्रीवास्तव, राघवेंद्र सिंह, अनुराग सिंह, स्वेता सोनी, यशोदा यादव सहित 11 मंडलों के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

बड़े भाई ने छोटे भाई को टांगी से मारा, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। एक भाई ने अपने ही भाई पर टांगी से हमला कर घायल कर दिया। दरअसल मामला थाना क्षेत्र के ग्राम कोरजा कवर पारा का है। विजय पैकरा आ0 मनु पैकरा उम्र 28 वर्ष 23 मार्च दिन रविवार की शाम तकरीबन 6 बजे बन रहे प्रधानमंत्री आवास को देखने अपने ससुराल केवरा से ग्राम कोरजा कवर पारा गया हुआ था। इसी दरमियान प्रार्थी का बडा भाई विक्रमादित्य पैकरा मौके पर अपने छोटे भाई को अश्लील गालियां देते हुए कहा ससुराल से यहां क्यों आए हो। आज जान से मार दूंगा।और घर से टांगी निकाल कर अपने छोटे भाई पर जानलेवा घातक प्रहार कर दिया गनीमत रही कि टांगी गर्दन के पास से सीर को छूते हुए गुजर गई और एक भयानक हादसा होते होते टल गया। लेकिन सीर में गंभीर चोटें आई हैं विजय पैकरा ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया है। लखनपुर पुलिस मामले में धारा 296,351 (2) 115(2) क़ायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया है।

मौसम

मुंगेली में बादलों के प्रवेश करते ही पारा 2 डिग्री सेल्सियस नीचे आया, बादलों की आंख मिचौली

अधिकतम तापमान में आई गिरावट, पारा 38 डिग्री किया गया दर्ज

मुंगेली/नवप्रदेश। गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था,14 एवं 15 मार्च को शहर खुब तपा। अधिकतम तापमान 40 डिग्री के उपर पहुंच गया। दो दिन बाद 16 मार्च यानि रविवार को राहत मिली। मुंगेली में बादलों के प्रवेश करते ही पारा 2 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। जिले में बादलों की आंख मिचौली चलते रही। पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका की वजह से बीती मध्य रात्रि में जोरदार बारिश एवं ओले गिरे। ओले गिरने से जहां गेहूं की पकी फसलों को नुकसान हुआ। वही मौसम में ठण्डकता आई। नगर में मार्च के प्रारंभ से ही प्रचंड गर्मी का एहसास होने लगा था। अधिकतम तापमान में लगातार वृध्दि का क्रम जारी था होली के ठीक एक दिन पहले पारा 40.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया दूसरे दिन 15 मार्च को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। लू जैसी स्थिति रही। तापमान सामान्य से 5.3 डिग्री अधिक था। गर्मी के चलते लोग खुब हलाकान हूए। लोग घरों से निकलने से बचते दिखे। होली पर्व के दिन भी अधिकांश लोग घर, फार्महाउस या कालोनी में सुबह व शाम को रंग खेलते दिखे। दोपहर में सन्नाटा पसरा हुआ था। सूर्य कि किरणें त्वचा को झुलसा रही थी। मौसम विशेषज्ञ अब्दुल सिराज खान का कहना है

कि मौसम में अभी मामुली उतार चढाव बना रहेगा। मौसम में पिछले दो दिनों से बदलाव नजर आ रहा है। जिसके चलते शुक्रवार सुबह से ही बादल छाए रहे। रात्रि में तेज बारिश के साथ ओले गिरते रहे। रात्रि में तेज बारिश के चलते लगभग 2 घंटे बिजली व्यवस्था ठप्प रही। रात्रि में मच्छरों की आतंक से लोग परेशान रहे, रात्रि जागरण करने के लिये मजबूर होते रहे। अन्य दिनों की अपेक्षा पिछले दो दिनों से तेज धूप से लोगों को राहत है। पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका तंत्र के प्रभाव से जिले के कई हिस्सों में बारिश, गरज-चमक, अंधड़ की स्थिति बनी हुई है। आगामी दिनों में जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। गत दिवस आकस्मिक हुई वर्षा से क्षेत्र में लगे गेहूं की पकी फसलों को नुकसान हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के तहसील मुंगेली में 10.5 मिमी, तहसील पथरिया में 1 मिलीमीटर, तहसील लोरमी में 1 मिलीमीटर, एवं तहसील लालपुर थाना में 4.3 मिलीमीटर, जिले में कुल 16.8 मिलीमीटर औसम वर्षा दर्ज की गई।

उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दी 2 लाख राशि

मुंगेली/नवप्रदेश। बीआरसाव धर्मादा ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष डॉ. विनय गुप्ता के द्वारा पीएमश्री बी.आर.साव शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं में अध्यनरत गरीब एवं संस्था में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा एंव कोचिंग के लिए छात्रवृत्ति के रुप मे प्रोत्साहन स्वरुप एंव संस्था में कार्य के लिए दो लाख राशि प्रदाय किया गया। ट्रस्ट हमेशा ही भवानी लाल रामलाल साव के पद चिन्हो पर चलते हुये परहित सरस धर्म नहीं भाई को चरितार्थ करते हुये आगे बढ़ रहा है। बीआरसाव धर्मादा ट्रस्ट समिति के मैनेजर तिहारी राम चंद्रवंशी, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष गणेश बाजपेई, प्राचार्य पीसी दिव्य ने डॉक्टर विनय गुप्ता की इस कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य राजेंद्र क्षत्रिय, प्रधान पाठक श्रीमती शकुंतला राजपूत एंव दिनेश घोषले उपस्थिति रहे। अध्यक्ष डॉ. विनय गुप्ता द्वारा यह भी कहा कि प्रतिभावान योग्य छात्र आईएएस, आईपीएस, आईएफएस कराने में भी ट्रस्ट मदद करेगी।

एक क्विंटल गांजा सहित अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन तस्कर गिरफ्तार

साइबर सेल व कोनी पुलिस की कार्रवाई, एक कार व 4 मोबाइल बरामद, उड़ीसा से खरीदकर ले जा रहे थे यूपी

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतर्राज्यीय तस्कर गिरोह के तीन आरोपियों को 100 किलो गांजा सहित कोनी और साइबर सेल की टीम ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी रजनेश सिंह के नेतृत्व में नशे के अवैध कारोबारियो पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रधानमंत्री के जिला प्रवास के दौरान चाक-चैबंद सुरक्षा इन्तेजाम किए गए हैं। नशे का व्यापार करने वाले आरोपियो के विरूद्ध एण्ड-टु-एण्ड विवेचना कर संलिप्त आरोपियो के फायनेन्शियल इन्वेस्टीगेशन कर जानकारी एकत्र कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार आरोपियों से ब्राउन टेप से लपेटे गए 100 पैकेट गांजा 100 किलो व एक सफेद रंग की टाटा नेक्सॉन कार, एण्ड्रायड मोबाइल फोन 4 नग जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार एसएसपी रजनेश सिंह पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के अवैध कारोबारियो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे प्रधानमंत्री के जिला प्रवास के दौरान चाक-चैबंद सुरक्षा इन्तेजाम किये गये है कि आज विनायक राइस मिल के सामने मोपका बाई पास नेशनल हाईवे 130 कोनी पर वाहन चेकिंग दौरान मुखबीर सूचना पर वाहनो को चेक किया जा रहा था जो रायपुर से अम्बिकापुर ओर जाते टाटा नेक्सॉन कार क्रमांक यूपी 44 बीएच 3072 चेक किया गया जो वाहन में सौरभ यादव व अन्य से पूछताछ किया गया उनकी गतिविधि संदेहास्पद दिखाई देने पर वाहन को चेक किया गया जो वाहन मे छुपाकर रखे गये 03 थैलो में भरा कुल 100 पैकेट जिसे ब्राउन रंग के प्लास्टिक टेप से रैप किया गया था।

संपत्ति की जांच कर कार्रवाई की जाएगी

आरोपिगणो से नशे की सामग्री के संबंध में पूछताछ की गई है प्रकरण की विवेचना दौरान गिरफ्तार आरोपियो एवं संलिप्त लोगो के संबंध में फायनेन्शियल इन्वेस्टीगेशन बाद जानकारी एकत्र कर विधि अनुसार कार्रवाई की जावेगी। उक्त कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं ए.सी.सी.यू. बिलासपुर अनुज कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अक्षय साबद्रा , निरीक्षक किशोर केंवट थाना प्रभारी कोनी, निरीक्षक राजेश मिश्रा प्रभारी ए.सी.सी.यू. निरी. नरेश चौहान थाना प्रभारी रतनपुर, प्र. आर आतिश पारिक, देवमुन पुहुप आर. तदबीर पोर्ते, दीपक उपाध्याय, अभिजीत डाहिरे, बोधुराम कुम्हार, निखील रॉव, प्रषांत, संजय यादव, अविनाश कष्यप, चंदन मानिकपुरी की पुलिस अधीक्षक बिलासपुर द्वारा सराहना की गई है एवं उचित पुरस्कार की घोषणा की गई है।

नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान चेक करने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला जिसके संबंध में पूछताछ करने पर वाहन में उपस्थित सौरभ यादव, सचिन यादव व विष्णु सिंह ने बताया कि 20 मार्च को उडीसा जाकर गांजा खरीदे थे जिसे आज रायपुर बिलासपुर होते हुये सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश लेकर जाना स्वीकार किये नारकोटिक्स एक्ट के पावधानो का पालन कर आरोपीगण सौरभ यादव, सचिन यादव व विष्णु सिंह के कब्जे से ब्राउन टेप से लपेटे गए 100 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल 100 किलो ग्राम, एक सफेद रंग की टाटा नेक्सॉन कार क्रमांक यूपी 44 बीएच 3072 एण्ड्रायड मोबाईल फोन 4 नग जप्तशुदा सामग्री कुल किमती करीब 01 लाख 25 रू का बरामद कर आरोपियो की गिरफ्तार कर थाना कोनी में अपराध क्रमांक /25 धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट दर्ज कर विधि अनुसार कार्रवाई कर आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जाता है।

न्यूज गैलरी

रिश्वत के आरोप में डॉक्टर वंदना चौधरी से मांगा जवाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। भ्रष्टाचार के आरोप पर जिला अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ से जवाब मांगते हुए समक्ष तलब किया गया है। डॉक्टर वंदना चौधरी से स्पष्टीकरण मांगते हुए परिवार नियोजन (टी टी) और एमटीपी (गर्भपात संबंधी ऑपरेशन) पर रोक लगा दी गई

गई है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने ये कार्रवाई की है। एमटीपी और टीटी ऑपरेशन अब डॉक्टर रमा घोष और डॉक्टर ममता सलूजा ही पूर्णतः करेंगे। दरअसल जिला अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना चौधरी के विरुद्ध सेमरचुवा की जमंत्री पटेल पति संतोष पटेल ने शिकायत की थी कि नसबंदी ऑपरेशन के लिए डॉक्टर ने 6 हजार रुपए की मांग की थी। उन्होंने दो हजार रूपए दे दिए थे। डॉक्टर चौधरी ने इसके बाद भी उन पर और पैसों के लिए दबाव बनाया, जिसका ऑडियो साक्ष्य के रूप में शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया।

झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय रांची में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

विकसित भारत के लिए सामाजिक उद्यमियों की जरुरत: प्रो. चक्रवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। *गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।* कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने की। 21-22 मार्च को झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय इंडियाज जर्नी टूवर्ड्स विकसित भारत 2047 एक्सप्लोरिंग सिनर्जीस बिटविन सोशल इक्विटी, इकॉनोमिक ग्रोथ एंड ग्लोबल इंटरडिपेंडेंस फॉर ए सस्टेनेबल एंड रिसिलेंट फीचर रहा। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में शिक्षा और शिक्षकों की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को ऐसे विद्यार्थियों को तैयार करना होगा जो शिक्षा के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्वों को समझते हुए राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं में सामाजिक उद्यमिता का भाव पैदा करने की आवश्यकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा में समाहित करते हुए वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों के कौशल विकास पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुभवजन्य शिक्षा, कौशल तथा उद्यमिता विकास, मातृभाषा में शिक्षा, रोजगार उन्मुखी, शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा इत्यादि बिंदुओं पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है।

संगोष्ठी में देश-विदेश के विद्वान हुए शामिल

प्रो. मुनिम बाराय, ग्रेडुएट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, रित्समेकन एशिया पैसिफिक यूनिवर्सिटी (एपीयू), जापान, प्रो. वल्लीप्पन राजू, वरिष्ठ निदेशक शोध, एमएएचएसए विश्वविद्यालय, मलेशिया ने बीज वक्तव्य दिया। इसके अलावा प्रो. भीमारया मैत्री, निदेशक, आईआईएम नागपुर, अजय कुमार, निदेशक, सीसीएल, इंद्रजीत यादव, निदेशक एमएसएमई, प्रो. अजय कुमार सिंह दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स भी शामिल हुए। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. बटेश्वर सिंह रहे।

खेलो इंडिया के तहत बहतराई स्टेडियम में चल रहा मार्शल आर्ट

■ अगले साल जापान में होने वाले एशियन गेम्स में वूशु करेगा प्रतिनिधित्व

बिलासपुर/नवप्रदेश। खेलो इंडिया के तहत बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम मे चल रहे मार्शल आर्ट वूशु नेशनल लीग स्पर्धा मे देश भर से 260 महिला खिलाड़ी जुटी है। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब मे हुए प्रेस वार्ता मे कहा कि रविवार को स्पर्धा का समापन किया जाएगा। जिसमें फेडरेशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह शामिल होंगे। फेडरेशन के उपाध्यक्ष विजय सराफ और सचिव सोहेल अहमद ने बताया कि विशु का फेडरेशन कप बिलासपुर में 23 से 27 मार्च तक आयोजित है, जिसमें देशभर से 500 से ज्यादा वरिष्ठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस खेल को लेकर देश की सरकार प्रोत्साहित कर रही है।

अब तक इसकी राष्ट्रीय स्तर पर तीन केंद्र अरुणाचल प्रदेश,पटियाला और मणिपुर में बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ मे इसका एक्सीलेंस सेंटर खोलने राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा वर्ष 2006से 2023 तक एशियन गेम्स मे भारतीय खिलाड़ियों ने वूशु स्पर्धाओं मे मजबूत खेल प्रदर्शन किया है। विश्व स्तर पर वरिष्ठ वर्ग मे पांचवां और जूनियर वर्ग मे भारत की पोजिशन तीसरे स्थान पर है।

---

7 वर्षों से फरार चिटफण्ड के 2 डायरेक्टर रतनपुर से गिरफ्तार

■ पीएसीएल कम्पनी बनाकर पूरे देश के लोगों से करीब 70,000 करोड़ का कराया निवेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। 7 वर्षों से चिटफण्ड के फरार आरोपी डायरेक्टरों को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पूरे भारत के अलग-अलग जगहों पर है धोखाधड़ी के कई अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपियों के अन्य साथियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों ने पीएसीएल कम्पनी बनाकर पूरे देश के लोगों से करीब 70,000 करोड़ का निवेश कराया है। आरोपी दिल्ली व पंजाब के रहने वाले हैं

पुलिस के अनुसार वर्ष 2018 में थाना रतनपुर में प्रार्थी अनिल मधुकर निवासी खैरखुण्डी के लिखित शिकायत आवेदन पर अनियमित पीएसीएल बीमा वित्तीय कपंनी के द्वारा आम जनता/ग्राहकों से 05 वर्षों में रूपये दोगुना करने व अधिक ब्याज देने का प्रलोभन देकर लोगों से रकम निवेश कराकर कुल 1449 निवेशको से जमा रकम 42,782,451/- कराया गया जमा रकम वापस नही किया गया हैं। कि प्रार्थी के शिकायत पर पीएसीएल बीमा वित्तीय कपंनी के डायरेक्टरों के विरूद्ध धोखाधड़ी करना पाये जाने से थाना रतनपुर में अपराध पजीबद्ध किया गया है। विवेचना दौरान अनियमित वित्तीय कपंनी पीएसीएल इंडिया लिमिटेड बीमा कंपनी के डायरेक्टर निर्मल सिंह भंगू निवासी मुक्तसर साहिब मुहाली पंजाब, डायरेक्टर त्रिलोचन सिंह उर्फ तरलोचन पिता साधु सिंह उर्फ सिद्धू व अन्य डायरेक्टर अनिल चैधरी लेधा, सिकंदर सिंह ढिल्लन, जोगींदर टायगर को पूर्व में गिरफ्तार कर मान. न्यायालय में पेश किया गया हैं।

पूछताछ में 70 हजार करोड़ निवेश बताया

गुरमित सिंह व सुब्रतो भट्टाचार्य के जिला जेल में होने की सूचना पर आरोपियों को न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी डायरेक्टरों अपने कथन में पूरे भारत के अलग-अलग क्षेत्र के लोगों से पीएसीएल कपंनी में लगभग 70,000 करोड़ रूपये जमा होना बताया गया है। उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध धोखाधड़ी करना पाये जाने से आरोपीगणों को न्यायालय बिलासपुर में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार चौहान, सउनि उदयभान सिंह, आर.संजय यादव, विजेन्द्र रात्रे का विशेष योगदान रहा।

पिकअप की टक्कर से ठेकेदार घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। पिकअप की टक्कर से कार सवार ठेकेदार को चोट आई और उसकी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना तखतपुर थाना क्षेत्र में हुई। तखतपुर कैलाश नगर निवासी विकास सिंह ठेकेदार है। वह देवेंद्र मोहन शर्मा की कार से बिलासपुर आए थे। रात को घर लौटते समय रात 12.30 बजे खपरी में भारमल पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही पिकअप के चालक ने उसकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में ठेकेदार के सिर, चेहरे व कमर में चोट लगी।

लू से बचने स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बढ़ती गर्मी और लू के खतरे से बचने के लिए विभिन्न उपायों और दिशा निर्देश जारी किए हैं। आगामी महीने अप्रैल, मई और जून में पड़ने वाली गर्मी से लू का खतरा और बढ़ जाता है जिससे लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया कि धूप और गर्मी में ज्यादा देर रहने के कारण शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है। जिससे लू लगने का खतरा होता है।

लू के लक्षण-स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि लू लगने से सिर में भारीपन और दर्द होने लगता है, तेज बुखार के साथ मुंह सूखने लगता है, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ पूरे शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने कारण पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना और बेहोश होना आदि लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

लू से बचाव-धूप में बाहर निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छे से बांध लें, बहुत अनिवार्य हो तो ही घर से बाहर निकले, पानी अधिक पीयें, ज्यादा समय तक धूप में न रहे, गर्मी के समय नरम व सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने पर ओ.आर.एस. का घोल पीए, चक्कर और उल्टी आने की स्थिति पर छाया वाली जगह पर आराम कर पानी और पेय पदार्थ का सेवन करें, प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लें, उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार होने पर निकट के अस्पताल या स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरी सलाह आवश्यक ले।

वीर आजाद ग्रुप, रेलवे, भारत स्काउट्स व गाइड्स, जिला संगठन ने मनाया अर्थ-ऑवर

बिलासपुर/नवप्रदेश। वीर आज़ाद ग्रुप, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत स्काउट्स और गाइड्स, बिलासपुर जिला के सदस्यों ने अर्थ ऑवर 2025 के तहत 22 मार्च को रात 8.30 बजे से 9.30 बजे तक अपने घरों की लाइटें एवं अन्य विद्युत उपकरण बंद करके पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस पहल में समूह के सदस्यों ने वैश्विक स्तर पर पर्यावरण बचाने के संदेश को आगे बढ़ाया और ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस दौरान सभी सदस्यों ने अपने-अपने घरों में एक घंटे तक बिजली का उपयोग बंद रखा और इस समय का सदुपयोग विभिन्न रचनात्मक एवं पारिवारिक गतिविधियों में किया। मोमबत्ती की रोशनी में भोजन किया, पारिवारिक खेल खेले तथा पर्यावरण के सतत विकास से संबंधित पुस्तकों का अध्ययन किया। इस गतिविधि का उद्देश्य सिर्फ बिजली बचाना ही नहीं था बल्कि समाज को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करना और सामूहिक प्रयासों की शक्ति को उजागर करना भी था। अर्थ ऑवर केवल एक घंटे तक बिजली बंद करने की गतिविधि नहीं है बल्कि यह ऊर्जा संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के सतत विकास के प्रति लोगों को जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम है। इस अभियान के तहत, वीर आज़ाद ग्रुप के सदस्यों ने समाज को मिलकर पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने के प्रति जागरूक किया । इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन अनुराग कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं जिला आयुक्त (स्काउट), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत स्काउट्स और गाइड्स, बिलासपुर तथा नेहा सिंह, जिला आयुक्त (गाइड), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत स्काउट्स और गाइड्स, बिलासपुर के मार्गदर्शन में किया गया।

विद्युत उपकरण बंद कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की

प्रधानमंत्री मोदी की आगमन की तैयारी पर भाजपा ने ली बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मार्च को प्रस्तावित बिलासपुर प्रवास के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक बुलाई गई। बैठक में प्रधानमंत्री के सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने अपील की गई। बैठक की शुरुवात में कार्यक्रम के सह संयोजक भूपेन्द्र सवन्नी ने पीएम मोदी के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री की यह यात्रा छत्तीसगढ़ और बिलासपुर के विकास यात्रा और राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है इस सभा में लगभग 2 लाख लोगों की शामिल होने की योजना है पूरे प्रदेश भर से लोग प्रधानमंत्री को सुनने आयेंगे जिला प्रशासन उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी हुई है। लोगों को लाने बसों और छोटे वाहनों की व्यवस्था की जाएगी। भाजपा कार्यकर्ताओं को तालमेल बना कर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान सुनिश्चित करना है सभा में 900 बस जिला प्रशासन नोडल अधिकारी होगा। विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि यह बिलासपुरवासियों के लिए हर्ष का विषय है योजनाबद्ध तरीके से सूचना और साधन व्यवस्था का वर्गीकरण कर जन समुदाय को मोदी की सभा में शामिल कराना है।

बातचीत

निगम में महिला बाल विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग की मिली है जिम्मेदारी

महिलाओं को शासन की योजनाओं से अवगत कराना पहली प्राथमिकता: सीमा

बिलासपुर/नवप्रदेश। *वार्ड क्रमांक 6 यदुनंदन नगर की पार्षद सीमा संजय सिंह इस चुनाव में लगातार तीसरी बार जीतकर आई है। पार्षद श्रीमती सिंह के कर्तव्यनिष्ठा और पार्टी के प्रति सकारात्मक जिम्मेदारी को देखते हुए पार्टी ने उन्हें इस बार नगर निगम में एमआईसी मेंबर बनाकर महिला बाल विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी दी हैं।*

श्रीमती सिंह ने बताया कि वार्डवासियों के सहयोग से ही तीसरी बार निर्वाचित होकर पार्षद बनी हैं। पिछले 5 साल के कार्यकाल में उन्होंने अपने वार्ड में बोर खनन,नाली निर्माण, सतनाम भवन का निर्माण, ड्रेन कवर, चबूतरा, सीसी रोड, सामुदायिक भवन, नाला निर्माण सहित कई जनहित के काम करवाए हैं। कोरोना काल में जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधा, सेनेटाइजर, राशन उपलब्ध कराया गया। पार्षद श्रीमती सिंह ने आगे बताया कि वार्ड के विकास के लिए उनके द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। पार्षद श्रीमती सिंह ने आगे कहा कि निगम में महिला बाल विभाग की जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें पूरी सक्रियता के साथ काम करते हुए महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने का पूरा प्रयास किया जाएगा। शासन द्वारा महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जाता है इसको लेकर जागरूकता की कमी है, इस दिशा में भी काम करना हैं। आज देश के सर्वोच्च शिखर से लेकर हमारे शहर की प्रथम नागरिक भी महिला है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं, एक महिला के शिक्षित होने, आर्थिक रूप से मजबूत होने पर वह अपने पूरे परिवार को संवार देती है।

सीवरेज की समस्या से वार्ड को करना हैं मुक्त

वार्ड में बच्चों और युवाओं के लिए क्रिकेट ग्राउंड नहीं है,इसके साथ ही बॉलीबॉल ग्राउंड, बैडमिंटन कोर्ट,पार्क और जिम का निर्माण इस कार्यकाल में प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। वार्ड में सीवरेज की समस्या हैं जिससे वार्डवासियों को परेशानी होती है। इस पंचवर्षीय कार्यकाल में इन सभी कामों को पूरा करना मेरा पहला उद्देश्य हैं ।

न्यूज गैलरी

1 अप्रैल से मोबाइल पर बंद हो जाएगी यूपीआई सेवा

नई दिल्ली। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग करने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। यदि आपका बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर लंबे समय से निष्क्रिय है, तो उसे तुरंत सक्रिय करा लें, अन्यथा आप 1 अप्रैल से यूपीआई सेवाओं का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। दरअसल, डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के उद्देश्य से 1 अप्रैल से यूपीआई भुगतान प्रणाली में एक नया नियम लागू होने जा रहा है। इस नए नियम के तहत, सभी बैंकों और भुगतान सेवा प्रदाताओं (पीएसपी) को 31 मार्च से पहले अपने डेटाबेस को अपडेट करना होगा। इस अपडेट के माध्यम से निष्क्रिय या बदले हुए मोबाइल नंबरों को सिस्टम से हटाया जाएगा। बैंकों को इस प्रक्रिया के तहत 31 मार्च तक निष्क्रिय मोबाइल नंबरों को अपने डेटाबेस से अनिवार्य रूप से हटाना होगा। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने धोखाधड़ी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) पर उपलब्ध मोबाइल नंबर रिवोकेशन लिस्ट (एमएनआरएल) का उपयोग करने का सख्त निर्देश दिया है। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद, निष्क्रिय मोबाइल नंबरों से जुड़े सभी यूपीआई खाते स्वतः ही बंद हो जाएंगे। एनपीसीआई ने इस संबंध में बैंकों और गूगल पे, फोन पे जैसे प्रमुख यूपीआई ऐप के लिए सप्ताह में कम से कम एक बार मोबाइल नंबर रिकॉर्ड को अपडेट करना अनिवार्य कर दिया है। यूपीआई सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियों को संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने और उन्हें सिस्टम से हटाने के लिए एमएनआरएल या डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) का नियमित रूप से उपयोग करना होगा।

किन लोगों की यूपीआई सेवा हो सकती है बंद?ऐसे उपयोगकर्ता जिन्होंने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया है, लेकिन इसे अपने बैंक खाते के साथ अपडेट नहीं कराया है।वे लोग जिन्होंने अपने मोबाइल नंबर को निष्क्रिय कर दिया है और बैंक में इसकी सूचना नहीं दी है। जिन निष्क्रिय मोबाइल नंबरों का उपयोग कॉल, एसएमएस जैसी सामान्य सेवाओं के लिए भी नहीं किया जा रहा है, उन्हें यूपीआई नेटवर्क से हटा दिया जाएगा।

यूपीआई सेवा बंद होने से कैसे बचें?यह सुनिश्चित करें कि आपके बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर सक्रिय है और नियमित रूप से उपयोग किया जा रहा है। यदि यह निष्क्रिय है, तो इसे जल्द से जल्द रिचार्ज कराकर सक्रिय करें।यदि आपने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया है, तो तुरंत अपने बैंक में जाकर इसे अपडेट कराएं।यदि आपकी यूपीआई आईडी किसी ऐसे मोबाइल नंबर से जुड़ी है जो निष्क्रिय है, तो 1 अप्रैल से पहले सेवा बंद होने से बचने के लिए आप एक नया सक्रिय मोबाइल नंबर प्राप्त कर सकते हैं और उसे अपने बैंक खाते और यूपीआई आईडी से लिंक कर सकते हैं।

बिक गई ट्विटर की नीली चिड़िया

सैन फ्रांसिस्को। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर, जिसे अब एक्स के नाम से जाना जाता है, के सैन फ्रांसिस्को स्थित मुख्यालय पर लगा प्रतिष्ठित नीली चिड़िया का लोगो आखिरकार नीलाम हो गया है। नीलामी में इस आइकॉनिक लोगो को 34 हजार 375 डॉलर, यानी करीब 30 लाख रुपये में खरीदा गया है।नीलामी कंपनी के एक प्रवक्ता के अनुसार, नीली चिड़िया का यह विशालकाय लोगो, जिसका वजन लगभग 254 किलोग्राम है और जो 12 फीट लंबा और 9 फीट चौड़ा है, उसे अज्ञात खरीदार ने हासिल किया है।इस नीलामी में सिर्फ नीली चिड़िया ही आकर्षण का केंद्र नहीं थी। इसके साथ ही कई अन्य दुर्लभ और ऐतिहासिक वस्तुएं भी नीलाम हुईं। इनमें एक एपल-1 कंप्यूटर 3.75 लाख डॉलर (करीब 3.22 करोड़ रुपये) में बिका, जबकि स्टीव जॉब्स द्वारा हस्ताक्षरित एपल का एक चेक 1,12,054 डॉलर (करीब 96.3 लाख रुपये) में नीलाम हुआ। इसके अतिरिक्त, पहली पीढ़ी का सील्ड पैक 4तक्क आईफोन 87 हजार 514 डॉलर में बेचा गया।

गौरतलब है कि एलन मस्क के 2022 में ट्विटर का अधिग्रहण करने और बाद में इसका नाम बदलकर एक्स करने के बाद से ही इस नीली चिड़िया के लोगो का भविष्य अनिश्चित था। भले ही अब यह लोगो माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट एक्स का हिस्सा नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया जगत में इसकी पहचान एप्पल या नाइकी जैसी ही मजबूत बनी हुई है।

आर्थिक विकास को बढ़ावा देने विशेषज्ञों, भारतीय प्रवासियों को इंटरनेशनल मेंटर के रूप में शामिल किया जाएगा

भारत की बायोइकोनॉमी बीते 10 वर्षों में 16 गुना बढ़कर 165.7 अरब डॉलर हुई: केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली। भारत की बायोइकोनॉमी में बीते 10 वर्षों में 16 गुना का इजाफा हुआ है और यह 2024 में बढ़कर 165.7 अरब डॉलर की हो गई है, जो कि 2014 में 10 अरब डॉलर थी। यह जानकारी सरकार द्वारा दी गई।

केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी में बीआईआरएसी के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि यह तेज वृद्धि भारत के भविष्य के आर्थिक विकास के प्रमुख स्तंभ के रूप में बायोटेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।डॉ सिंह ने 'आईबीईआर 2025' रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, ''केवल 10 वर्षों में भारत की बायो-इकोनॉमी 10 अरब डॉलर से बढ़कर 165.7 अरब डॉलर हो गई है, जो 2025 तक 150 अरब डॉलर के हमारे शुरुआती लक्ष्य से कहीं अधिक है।''रिपोर्ट में कहा गया कि यह सेक्टर कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 4.25 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। पिछले चार वर्षों में इस सेक्टर ने 17.9 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) दिखाई है, जो वैश्विक बायोटेक पावरहाउस के रूप में भारत की क्षमता को दर्शाता है।केंद्रीय मंत्री ने बायोसारथी का भी अनावरण किया, जो एक ग्लोबल मेंटरशिप पहल है जिसका उद्देश्य बायोटेक स्टार्टअप को बढ़ावा देना है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पहल इनोवेशन को बढ़ावा देकर, उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ाकर और भारतीय स्टार्टअप को वैश्विक सफलता के लिए तैयार करके भारत के बायोटेक इकोसिस्टम को मजबूत करेगी।

इस पहल के तहत विदेशी विशेषज्ञों, विशेषकर भारतीय प्रवासियों को इंटरनेशनल मेंटर के रूप में शामिल किया जाएगा, जो समाज को योगदान देने के लिए स्वेच्छा से आगे आएंगे। केंद्रीय मंत्री ने हाल ही में स्वीकृत बायो-ई3 पॉलिसी के बारे में भी बताया, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में रिसर्च, इनोवेशन और उद्यमिता को गति देना है।पिछले दशक में आरएंडडी पर भारत का कुल व्यय दोगुने से अधिक होकर 2013-14 में 60,196 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 1,27,381 करोड़ रुपये हो गया है।

भारतीय रेलवे यात्रियों को किफायती किराये पर सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहा

रेल यात्रियों को दी जा रही 47 प्रतिशत यात्रा सब्सिडी : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलवे की ओर से यात्रियों को ज्यादा सब्सिडी दी जाती है। ट्रेन से प्रति किलोमीटर यात्रा की लागत 1.38 रुपये है, वहीं यात्रियों से केवल 73 पैसे लिए जा रहे हैं। इसका मतलब हुआ कि रेलवे यात्रियों को 47 प्रतिशत सब्सिडी दे रहा है।



राज्यसभा में रेल मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे न केवल यात्रियों को किफायती किराये पर सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बना रहा है।

उन्होंने बताया कि भारत में पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों की तुलना में रेलवे का किराया कम है, जबकि पश्चिमी देशों में यह भारत की तुलना में 10 से 20 गुना अधिक है।वित्त वर्ष 2022-23 में यात्रियों को 57,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई, जो 2023-24 में बढ़कर लगभग 60,000 करोड़ रुपये (अनंतिम आंकड़ा) हो गई।उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य न्यूनतम किराये पर सुरक्षित और बेहतर सेवाएं प्रदान करना है।रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन के लाभों पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यात्रियों और माल परिवहन की बढ़ती संख्या के बावजूद ऊर्जा लागत स्थिर बनी हुई है।भारतीय रेलवे 2025 तक %स्कोप 1 नेट जीरो और 2030 तक %स्कोप 2 नेट जीरो हासिल करने के लक्ष्य पर काम कर रही है।उन्होंने बताया कि बिहार के मधेपुरा कारखाने में निर्मित इंजनों का निर्यात जल्द ही शुरू होगा।वर्तमान में, भारतीय रेलवे के यात्री कोच मोजाम्बिक, बांग्लादेश और श्रीलंका को निर्यात किए जा रहे हैं, जबकि इंजन मोजाम्बिक, सेनेगल, श्रीलंका, म्यांमार और बांग्लादेश भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा, बोगी अंडरफ्रेम का निर्यात ब्रिटेन, सऊदी अरब, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया को किया जा रहा है, जबकि प्रोपल्शन पार्ट्स फ्रांस, मैक्सिको, जर्मनी, स्पेन, रोमानिया और इटली को भेजे जा रहे हैं।इस साल देश में 1,400 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ है, जो अमेरिका और यूरोप के संयुक्त उत्पादन से भी ज्यादा है।

इसके साथ ही बेड़े में दो लाख नए वैगन शामिल किए गए हैं।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में भारतीय रेलवे 1.6 अरब टन माल का परिवहन करेगा, जिससे भारत चीन और अमेरिका सहित दुनिया के टॉप तीन देशों में शामिल हो जाएगा।यह रेलवे की बढ़ती क्षमता और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

जीसीसी की रही अहम भूमिका

बीएफएसआई सेक्टर ने बनाया कमर्शियल रियल एस्टेट लीजिंग में रिकॉर्ड

मुंबई। वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) के नेतृत्व में 2024 भारत के वाणिज्यिक रियल एस्टेट में बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विस और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) सेक्टर के लिए एक अहम वर्ष रहा, जिसने 13.45 मिलियन वर्ग फीट (वर्ग फीट) लीज पर लिया, जो वार्षिक तौर पर लिए गए लीज स्पेस का 17.4 प्रतिशत हिस्सा है।जेएलएल की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, बीएफएसआई सेगमेंट ने 2022-2024 की तीन साल की अवधि में 31 मिलियन वर्ग फीट ऑफिस स्पेस लीज पर लिया, जो 2016-2021 की पिछली छह साल की अवधि में लीज पर दिए गए 29 मिलियन वर्ग फीट से भी ज्यादा है।पिछले तीन वर्षों में बीएफएसआई सेक्टर द्वारा लीज पर दिए गए स्पेस में ग्लोबल बीएफएसआई फर्मों की हिस्सेदारी 59.0 प्रतिशत रही।बीएफएसआई सेक्टर में वृद्धि के लिए भारत का मजबूत टैलेंट पूल, डिजिटलीकरण को बढ़ावा और उपभोक्ता क्षमता अहम कारक रहे।जेएलएल के मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. सामंतक दास ने कहा, विशेष रूप से जीसीसी इस उछाल को आगे बढ़ा रहे हैं, क्योंकि पिछले तीन वर्षों में बीएफएसआई लीजिंग में उनका हिस्सा 59 प्रतिशत रहा है। यह डेटा भारत के ऑफिस मार्केट को नया रूप देने और देश के वैश्विक वित्तीय सेवा केंद्र के रूप में उभरने में बीएफएसआई की अहम भूमिका को दर्शाता है।दास ने बताया कि घरेलू फर्म भी पीछे नहीं रहीं, क्योंकि उन्होंने 2022-24 के बीच टॉप सात शहरों में 12.7 मिलियन वर्ग फुट लीज पर लिया। मजबूत घरेलू बीएफएसआई स्पेस टेक-अप ने मुंबई जैसे बाजारों में मांग को बढ़ावा दिया, जबकि वैश्विक फर्म देश के दूसरे बड़े ऑफिस मार्केट में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही थीं।भारत में वैश्विक फर्मों द्वारा लीजिंग गतिविधि में जीसीसी सेट-अप, नए और मौजूदा में कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी सबसे आगे रहे हैं।2022 से अब तक जीसीसी ने 67.4 मिलियन वर्ग फीट लीज पर दिया है, जिसमें बीएफएसआई का हिस्सा 20.7 प्रतिशत है।रिपोर्ट में बताया गया है कि 2024 में जीसीसी लीजिंग में बीएफएसआई की हिस्सेदारी बढ़कर 25.2 प्रतिशत हो गई।

अमेरिकी ट्रंप ने दिए टैरिफ में नरमी के संकेत

मुंबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर नरमी के संकेत दिए जाने के बाद भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली।सुबह करीब 9.32 बजे सेंसेक्स 414.98 अंक या 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,320.49 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 137.80 अंक या 0.59 प्रतिशत चढ़कर 23,488.20 पर था।निफ्टी बैंक 393.45 अंक या 0.78 प्रतिशत चढ़कर 50,987.00 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 524.75 अंक या 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,375.50 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 238.45 अंक या 1.47 प्रतिशत चढ़कर 16,423.40 पर था।बाजार पर नजर रखने वालों ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही की आय रिपोर्ट में भी मजबूत परिणाम आने की उम्मीद है, जिससे ओवरऑल सेंटीमेंट में सुधार हो सकता है। उन्होंने कहा कि निफ्टी का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के प्राइम रिसर्च हेड देवर्ष वकील ने कहा, निफ्टी को 200 एक्सपोनेंशियल मूविंग एवरेज (ईएमए) के 23,400 स्तर पर तत्काल प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। अगर यह बाधा पार हो जाती है तो बाजार निकट भविष्य में 23,800 के अगले प्रतिरोध स्तर की ओर बढ़ सकता है। निफ्टी के लिए सपोर्ट 23,200-23,250 बैंड की ओर बढ़ गया है।इस बीच, सेंसेक्स पैक में एलएंडटी, पावरग्रिड, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी और सन फार्मा टॉप गेनर्स रहे। जबकि टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और इंफोसिस टॉप लूजर्स रहे। अमेरिकी बाजारों में शुक्रवार को आखिरी कारोबारी सत्र में डॉव जोन्स 0.08 फीसदी बढ़कर 41,985.35 पर बंद हुआ।

शहरों में सरकार ने अब तक झुग्गीवासियों को वितरित किए 90 लाख घर

नई दिल्ली। सरकार द्वारा सोमवार को संसद में कहा गया कि 3 मार्च 2025 तक प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को 90.60 लाख घर दिए गए हैं।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तोखन साहू ने राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि पीएमएवाई-यू के तहत मंत्रालय द्वारा कुल 118.64 लाख मकानों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 112.46 लाख मकानों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 3 मार्च 2025 तक 90.60 लाख मकान पूरे हो चुके हैं या लाभार्थियों को वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि फंडिंग पैटर्न और कार्यान्वयन पद्धति में बदलाव किए बिना स्वीकृत घरों को पूरा करने के लिए योजना की अवधि 31 दिसंबर, 2025 तक बढ़ा दी गई है। राज्य मंत्री ने कहा कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) 25 जून, 2015 से पीएमएवाई-यू के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता कर रहा है, जिससे देश भर में मलिन बस्तियों सहित शहरी क्षेत्रों में पक्के मकान उपलब्ध कराए जा सकें। राज्य मंत्री साहू ने कहा कि पीएमएवाई-यू के कार्यान्वयन के नौ वर्षों के अनुभवों से सीख लेकर मंत्रालय ने इस योजना को नया रूप दिया है और एक करोड़ अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों के लिए 1 सितंबर, 2024 से पीएमएवाई-यू 2.0 'सभी के लिए आवास' मिशन शुरू किया है। राज्य मंत्री ने कहा कि अब तक 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं और ऐसे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को 6.77 लाख घरों की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। सरकार के आंकड़ों के अनुसार, देश भर में 1.39 करोड़ परिवारों के कुल 6.54 करोड़ लोग झुग्गियों में रह रहे हैं। झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों का यह आंकड़ा 2011 में की गई अंतिम जनगणना पर आधारित है।

खेल

बीसीसीआई का महिला खिलाड़ियों के सालाना कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान

दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई ने महिला खिलाड़ियों के सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा कर दी है। 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025 के लिए घोषित सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में 16 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पिछली बार 17 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया था। पिछली बार 1 अक्टूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक जारी क्रॉन्ट्रेक्ट लिस्ट में ग्रुप बी में 10 खिलाड़ी को शामिल किया गया था। इस बार जारी लिस्ट में केवल 4 खिलाड़ियों को ही ग्रुप बी में जगह दी गई है।

इसमें रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्ज, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा को शामिल किया गया है। साल 2015 में महिला क्रिकेटर्स को पहली बार कॉन्ट्रैक्ट मिला। तब ग्रेड ए में 15 लाख और बी में 10 लाख मिलते थे। तब पुरुष क्रिकेटर्स को ए ग्रेड में एक करोड़, बी में 50 लाख व सी में 30 लाख मिलते थे। अब महिला क्रिकेटर्स को ग्रेड ए में 50 लाख, बी में 30, सी में 10 लाख की राशि मिलती है। वहीं पुरुषों को ए+ में 7 करोड़, ए में 5 करोड़, बी में 3 करोड़, सी में एक करोड़ मिलते हैं। मैच फीस बराबर पर, सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में अलग-अलग BCCI ने साल 2022 में पुरुषों और महिलाओं को बराबर मैच फीस देने का ऐलान किया था, लेकिन एनुअल सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट अलग-अलग है। पुरुषों के कॉन्ट्रैक्ट में 4, जबकि महिलाओं की 3 कैटेगरी हैं। इससे भी ज्यादा हैरानी की बात है कि ॅ ग्रेड महिला क्रिकेटर्स को जो अमाउंट मिलता है, वह C ग्रेड पुरुष क्रिकेटर्स से भी कम है। दरअसल, महिलाओं में ॅ ग्रेड प्लेयर्स को 50 लाख रुपए सालाना मिलते हैं।

दूसरी तरफ, पुरुषों के C ग्रेड में शामिल प्लेयर्स को एक करोड़ रुपए मिलते हैं। आसान भाषा में कहें तो ग्रेड ऊंचा होने के बावजूद महिलाओं को पुरुष क्रिकेटर्स की तुलना में आधा ही पैसा मिलता है। महिलाओं में क्क ग्रेड के खिलाड़ियों को 30 लाख और सी ग्रेड के खिलाड़ियों को 10 लाख रुपए मिलते हैं। पुरुषों की चार कैटेगरी में सबसे ऊपर ॅ+ ग्रेड है। इसमें शामिल खिलाड़ियों को 7 करोड़ मिलते हैं।ॅ ग्रेड के खिलाड़ियों को 5 करोड़, B ग्रेड के खिलाड़ियों को 3 करोड़ और सी ग्रेड के खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए मिलते हैं।

आईपीएल 2025 : एलएसजी ने चोटिल मोहसिन खान की जगह शार्दुल ठाकुर को टीम में शामिल किया

विशाखापत्तनम। लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने भारत के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान की जगह टीम में शामिल किया है। मोहसिन चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से बाहर हो गए हैं। शार्दुल पिछले साल हुई मेगा नीलामी में नहीं बिके थे। वह अब तक आईपीएल में पांच टीमों क्क चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), दिल्ली कैपिटल्स (डीसी), किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स, पीबीकेएस), कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राइजिंग पुणे सुपरजायंट (अब नहीं है) के लिए 95 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने 67 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट 8.89 है।

आईपीएल के बयान के अनुसार, अनुभवी ऑलराउंडर ठाकुर को रजिस्टर्ड उपलब्ध खिलाड़ी लिस्ट (आरएपीपी) से उनके आधार मूल्य 2 करोड़ रुपये में शामिल किया गया है। वह भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं और आईपीएल में भी उनका अनुभव बहुमूल्य रहेगा। मोहसिन को पिछले साल दिसंबर में विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान घुटने की गंभीर चोट (एसीएल टीयर) लगी थी। वह एलएसजी के प्री-सीजन कैंप में शामिल हुए थे, लेकिन नेट्स में गेंदबाजी करते समय उनकी पिंडली में चोट लग गई, जिसके कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। 33 वर्षीय शार्दुल, जो नीलामी में नहीं बिके थे, ने 2025 सत्र की शुरुआत में इंग्लैंड की एसेक्स टीम के लिए सात मैचों का काउंटी चैंपियनशिप करार किया था। हालांकि, अब उन्हें आईपीएल में खेलने के लिए एलएसजी के साथ रहना होगा, जिससे यह करार रद्द हो सकता है। शार्दुल 2018 और 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ दो बार आईपीएल जीत चुके हैं। वह इस समय विशाखापट्टनम में एलएसजी टीम के साथ हैं, जहां एलएसजी टीम सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2025 में अपना पहला मैच खेलेगी। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम- ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडन मार्करम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन, मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अश्विनी कुलकर्णी, आयुष बडोनी, आवेश खान, आकाशदीप, एम सिद्धार्थ, शमार जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, मोहसिन खान, रवि बिश्नोई

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com